RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 307
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हिंदी की दूसरी भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं
राष्ट्रीय-11

# संसद का विशेष सत्रः भाजपा और कांग्रेस ने सांसदों को जारी किया व्हिप

- सत्तापक्ष ने अपने सांसदों को महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा करने और सरकार के रुख का समर्थन करने को कहा
- विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो प्रमुख दल शिव सेना (उद्धव) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने कोई व्हिप जारी नहीं किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपने-अपने सांसदों को व्हिप जारी कर संसद के विशेष सत्र में उपस्थित रहने को कहा है। कांग्रेस ने गुरुवार को व्हिप जारी करते हुए अपने सांसदों से संसद में मौजूद रहने और पार्टी के रूख का समर्थन करने कहा है।

भाजपा ने व्हिप में अपने सांसदों को महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा करने और सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए संसद में उपस्थित रहने के लिए कहा है। सत्तारूढ़ भाजपा, विपक्षी दल कांग्रेस, टीएमसी, राजद, समाजवादी पार्टी के पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा के सांसदों को भी व्हिप जारी किया गया है। यह व्हिप केंद्र द्वारा 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के लिए एजेंडे का खुलासा करने और रविवार को इस संबंध में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से पहले आया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के दो प्रमुख घटक शिव सेना (उद्धव) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने कोई व्हिप जारी नहीं किया है। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि वे ऐसा कोई व्हिप जारी करने की संभावना नहीं हैं क्योंकि महाराष्ट्र बड़े उत्सव के मूड में है जो अगले सप्ताह से शुरू हो रहा है।

गणेश चतुर्थी का अवसर. अपने एक पंक्ति के व्हिप सर्कुलर में, भाजपा और कांग्रेस दोनों ने कहा कि सत्र के दौरान लाए जा सकने वाले कुछ प्रमुख एजेंडे के मद्देनजर दोनों सदनों के सभी सांसदों को सभी दिन उपस्थित रहना होगा। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार विशेष सत्र में कुछ गुप्त एजेंडे के साथ सामने आ सकती है क्योंकि घोषित मुद्दों को अस्थायी बताया गया है और पहले भी सत्र के वास्तविक एजेंडे पर सवाल उठाए गए थे। एक दिन पहले ही सरकार ने सत्र के पहले ही दिन संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 साल की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर एक विशेष चर्चा को कार्यवाही में सूचीबद्ध किया है। सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक को भी कार्यवाही में सूचीबद्ध किया है। यह विधेयक पिछले मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था।

विशेष सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और अगले दिन कार्यवाही नए भवन में होने की संभावना है। सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार कुछ आश्चर्यजनक कानून ला सकती है। कांग्रेस ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। व्हिप किसी राजनीतिक पार्टी द्वारा जारी एक लिखित आदेश होता है जो पार्टी के सदस्यों को अनिवार्य रुप से मानना होता है। राज्यसभा में अपने सदस्यों के लिए जारी व्हिप में कांग्रेस ने कहा, इस विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में बहुत महत्वपूर्ण ( शेष पेज 9 )

# टीआरएफ ने पिछले चार आतंकी हमलों को दिया अंजाम

- अप्रैल से अबतक पुंछ राजौरी, कुलगाम और अनंतनाग में हुए हमलों में 15 जवान हुए शहीद
- पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद में जान गंवा रहे देश के जवान

**मोहित कंधारी।** जम्मू



अनंतनाग में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के जवान

**भारत** एशिया कप में पाकिस्तान से क्रिकेट मैच खेल रहा है। वहीं सुरक्षा बल के जवान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद में अपनी जान गंवा रहे हैं। नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादी आकाओं के इशारे पर हुए चार आतंकी हमलों में अबतक उच्च अधिकारियों और विशेष अर्धसैनिक बल के विशिष्ट कमांडो सहित पंद्रह जवान शहीद हुए हैं।

इन सभी हमलों का तरीका (पैटर्न) एक जैसा है। इन चारों हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। पहला आतंकी हमला 20 अप्रैल, 2023 को पुंछ के भट्टा डूरियन इलाके में ईद के त्योहार से पहले किया गया। इस हमले में राशन आपूर्ति ले जा रहे सेना के एक ट्रक में आग लगने से पांच सैनिकों की जलकर मौत हो गई थी। इसके 15 दिन बाद, 5 मई को राजौरी के घने जंगली इलाके में घात लगाकर पांच विशिष्ट कमांडो पर हमला किया गया। इसके बाद धारा 370 को निरस्त करने की चौथी वर्षगांठ की ( शेष पेज 9 )

## सुरक्षा बलों ने लश्कर के दो आतंकियों को घेरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बुधवार को हुए मुठभेड़ में शामिल आतंकवादियों के सफाए का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के चार सदस्य शहीद हो गए थे।

पुलिस ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के ऊंचे इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को घेर लेने का दावा किया है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को तड़के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के गडोले के जंगलों में गोलियों की आवाज सुनी गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के सफाए के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है। आतंकवादी संभवतः पहाड़ों में बने एक प्राकृतिक गुफा में छिपे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि हेलीकॉप्टरों को गडोले के जंगलों के ऊपर मंडराते देखा गया क्योंकि सेना ( शेष पेज 9 )

# अमेरिका में छात्रा की मौतः बाइडन प्रशासन ने कार्रवाई का दिया भरोसा

- सिएटल में पुलिस दल की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से जान्हवी कंडुला की गई थी जान
- भारत के राजदूत ने कार्रवाई की मांग को लेकर मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/वाशिंगटन/सिएटल



जान्हवी कंडुला की फाइल फोटो

**अमेरिका** के सिएटल में एक तेज रफ्तार पुलिस कार की चपेट में आने से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत को गंभीरता से लेते हुए भारत ने इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया है। जिसके बाद बाइडन प्रशासन ने भारत सरकार को मामले में त्वरित जांच कर न्याय दिलाने और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि इस मुद्दे को वाशिंगटन में कंडुला की हत्या मामले को उच्चतम स्तर पर जोरदार तरीके से उठाने और सिएटल में पुलिस अधिकारी के अत्यधिक असंवेदनशील व्यवहार पर त्वरित कार्रवाई की मांग के बाद अमेरिकी सरकार हरकत में आई है। कांडुला की जनवरी में उस समय मौत हो गई थी जब अधिकारी केविन डेव द्वारा चलाए जा रहे एक पुलिस वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। 'सिएटल टाइम्स' अखबार ने सोमवार को बताया कि वह ओवरडोज की रिपोर्ट मिलने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रास्ते में 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर ने इस घातक दुर्घटना को हंसकर टाल दिया और इस बात को खारिज किया कि डेव कसूरवार है या मामले में आपराधिक जांच आवश्यक है। अमेरिकी सांसदों और भारतीय-अमेरिकियों ने कंडुला की मौत पर आक्रोश व्यक्त किया है। बाइडन प्रशासन ने भारत सरकार को घटना की त्वरित जांच करने और इसके लिए दोषी पुलिस अधिकारियों को न्याय के कठघरे में लाने का आश्वासन दिया है। माना जाता है कि वरिष्ठ प्रशासनिक ( शेष पेज 9 )

# शिक्षक की हत्या में आईएसआईएस के दो आतंकियों को फांसी की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**कानपुर** के सेवानिवृत प्रधानाचार्य की हत्या व आतंकी गतिविधियों के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी आतिफ मुजफ्फर व मोहम्मद फैसल को एनआईए, एटीएस की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इन दोनों पर अलग अलग 11 लाख 70 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह दोनों आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य हैं। विशेष जज दिनेश कुमार मिश्र ने अपने फैसले में कहा है कि यह निर्मम व नृशंस हत्या का एक असाधारण मामला है, जो विरल से विरलतम अपराध की परिधि में आता है।

लिहाजा लोक विश्वास में कानून बनाए रखने के लिए इन्हें समुचित दंड से दंडित करना ही न्यायोचित होगा। महान चिंतक व लेखक लुईस मैकमास्टर विजोल्ड ने कहा है कि मृत व्यक्ति न्याय के लिए अपनी आवाज नहीं उठा सकता है। यह जीवित व्यक्तियों का कर्तव्य है कि उसके लिए न्याय सुनिश्चित करे। विशेष जज ने आरोपियों को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाने का आदेश दिया हैए जब तक कि मौत न हो जाए। उन्होंने फांसी की सजा की पुष्टि के लिए इस मामले की समस्त पत्रावली अविलंब हाईकोर्ट को भेजने का आदेश दिया है। एनआईए के विशेष लोक अभियोजक कौशल किशोर शर्मा व एमके सिंह ने सजा की बिंदू पर सुनवाई के दौरान आरोपियों को मृत्यु दंड देने की मांग की थी।

इनका कहना था कि इन दोनों ने एक निर्दोष शिक्षक की उनके हाथ में कलेवा और माथे पर तिलक देखकर महज इसलिए हत्या कर दी ताकि आईएसआईएस के अपने आकाओं को यह बता सकें लिए हमलोग भी कुछ कर सकते हैं। यह दोनों आईएसआईएस के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए धार्मिक शपथ लिए हुए कट्टर उग्रवादी हैं। इनके द्वारा भारत में शरीयत आधारित खलीफा शासन स्थापित करने के लिए लगातार आतंकी कार्य किए गए हैं। इन दोनो आरोपियों को इनके पांच अन्य साथियों के साथ इसी अदालत ने एक अन्य आतंकी ( शेष पेज 9 )

# इंडिया गठबंधन 14 न्यूज एंकरों का करेगा बहिष्कार

- भाजपा ने इस फैसले को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के आपातकाल युग से तुलना की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने कई टीवी एंकरों का बहिष्कार करने फैसला लिया है। इस कड़ी में विपक्षी गठबंधन ने ऐसे 14 न्यूज एंकरों की सूची भी जारी कर दी है। अब इन न्यूज एंकरों के कार्यक्रमों में गठबंधन के नेता भाग नहीं लेंगे।

सत्तापक्ष भाजपा ने विपक्ष के इस फैसले की तुलना पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के शासन के दौरान आपातकाल युग से की है। इंडिया गठबंधन ने कहा है कि बहिष्कार का निर्णय तब लिया गया है जब सदस्यों को एहसास हुआ कि ये एंकर बड़े पैमाने पर समाज और देश में नफरत फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों ने कहा कि वे इस तरह की नफरत वाली मानसिकता को सही मानते हैं। इसलिए यह फैसला लिया है जो समाज में नफरत फैलाएगा उसका बहिष्कार करेंगे। गठबंधन की मीडिया समिति ने इन पत्रकारों के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने और ऐसे चैनलों या प्लेटफार्मों पर उनके द्वारा आयोजित बहसों में अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजने का निर्णय लिया। गठबंधन की मीडिया समिति ने कहा 13 सितंबर, 2023 को भारत समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 14 एंकरों के शो और कार्यक्रमों में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेंगे। गठबंधन ऐसे पत्रकारों की सूची तैयार करें। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कदम उनकी हताशा को दर्शाता है। हर दिन, कांग्रेस और उनके सहयोगियों के नेता कहते हैं कि वे सनातन धर्म को नष्ट कर देंगे और हिंदुओं का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

अब उन्होंने पत्रकारों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है। वे हताशा और घबराहट के कारण चेन्नई और बंगाल में मामले दर्ज कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने इस कदम की तुलना आपातकाल से की जिसने मीडिया अधिकारों पर अंकुश लगा दिया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा भारत में नागरिक स्वतंत्रता में कटौती का एकमात्र उदाहरण वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान देखा था। सनातन धर्म के उन्मूलन के लिए खुला आह्वान, पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर और मीडिया का बहिष्कार आपातकाल के उन काले वर्षों की राजनीति को दर्शाता है। यहीं आईएनडीआई ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### आजम के आवास पर आयकर विभाग की कार्रवाई जारी

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नेता आजम खां के रामपुर स्थित आवास पर आयकर विभाग के छापे की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जारी रही। विभाग ने बुधवार को खां और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की कार्यवाही शुरू की थी। छापे के सिलसिले में आज रामपुर पहुंचे अपर आयकर निदेशक (जांच) ध्रुव कुमार ने खां के आवास पर विभाग की कार्यवाही जारी होने की पुष्टि की है। मगर उन्होंने यह जांच कब तक जारी रहेगी और उसमें अभी तक क्या सामने आया है, इन सवालों का जवाब देने से मना करते हुए कहा कि पूछताछ चल रही है। अभी हम कुछ बता नही सकते। खां के आवास पर करीब एक घंटे तक रहे कुमार ने मीडिया के सवालों से बचते हुए कहा कि जांच जब खत्म हो जाएगी तब सबको पता चल जाएगा। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने बुधवार को आजम खां और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक स्थानो पर छापेमारी की थी।

# जलवायु परिवर्तन ने सतत विकास एजेंडे में लगाया पलीता

- डब्ल्यूएमओ की एक रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित सतत विकास एजेंडा 2030 में से केवल 15 फीसदी हो रहा काम

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**विश्व** मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा समन्वित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास (एसडीजी) का प्रयास अपने लक्ष्य से दूर है। ईंधन उत्सर्जन बढ़ने के कारण वर्ष 2030 तक लक्ष्य का केवल 15 प्रतिशत ही पूरा होगा। जो वैश्विक प्रयास को बेहद कमजोर कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों ने वर्ष 2015 में 17 एसडीजी के लिए प्रतिबद्धता जताई, जो सभी के लिए बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य प्राप्त करने का एक नक्शा है।

जो वर्ष 2030 तक हासिल किए जाने वाले लक्ष्य जैसे गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गिरावट जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करते हैं। रिपोर्ट में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को लेकर जलवायु परिवर्तन और मौसमी प्रभावों की व्यवस्थित रूप से पड़ताल करते हुए कहा गया है कि भूख, गरीबी और खराब स्वास्थ्य से निपटने जैसे सतत विकास लक्ष्यों में से केवल 15 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सही तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। अन्य लक्ष्यों में स्वच्छ जल और ऊर्जा तक पहुंच में सुधार और टिकाऊ जीवन तथा विकास के अन्य पहलू शामिल हैं। 'यूनाइटेड इन साइंस 2023' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, 2030 एजेंडे को हासिल करने की दिशा में आधा समय बीत जाने के बाद विज्ञान इस बात को लेकर स्पष्ट है कि दुनिया अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने से बहुत दूर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा है कि दुनिया बुरी तरह से पटरी से उतर गई है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत कम वैश्विक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

वर्ष 2027 के अंत तक प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से खतरनाक मौसम से सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की पहल का जिक्र करते हुए गुतारेस ने कहा, वर्ष 2027 तक सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्राप्त करने से न केवल जीवन और आजीविका बचेगी बल्कि सतत विकास को सुरक्षित रखने में भी मदद मिलेगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि देशों द्वारा उत्सर्जन में कटौती के वादे और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कटौती के बीच अंतर को कम करने में सीमित प्रगति हुई है और ऐसा करने के लिए बड़े पैमाने पर, तेजी से और प्रणालीगत परिवर्तन की जरूरत थी। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है, 66 प्रतिशत संभावना है कि अगले पांच वर्षों में वैश्विक सतह का तापमान कम से कम अस्थायी रूप से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाएगा, समय के साथ यह संभावना बढ़ती जाएगी। इसमें कहा गया है कि 2030 तक तापमान को 2 और 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करने के पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 30 से 45 प्रतिशत की कमी की जानी चाहिए। जबकि जीवाश्म ईंधन सीओ2 उत्सर्जन में वैश्विक स्तर पर 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2021 की तुलना में 2022 और जनवरी-जून 2023 के प्रारंभिक अनुमानों में 0.3 प्रतिशत की और वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में ( शेष पेज 9 )

### चेतावनी संकेत

**जीवाश्म** ईंधन और भूमि उपयोग परिवर्तन से कुल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन 2022 और 2023 की पहली छमाही में उच्च रहा। जीवाश्म ईंधन सीओ2 उत्सर्जन 2021 की तुलना में 2022 में वैश्विक स्तर पर 1 फीसदी बढ़ गया और वैश्विक औसत सांद्रता 2022 और 2023 की पहली छमाही तक बढ़ती रही।

- 2015 से 2022 के वर्ष रिकॉर्ड आठ सबसे गर्म वर्ष थे और अगले पांच वर्षों में कम से कम एक वर्ष रिकॉर्ड सबसे गर्म वर्ष से अधिक होने की संभावना 98 फीसदी है।
- यह अनुमान लगाया गया है कि मौजूदा शमन नीतियों के कारण इस सदी में पूर्व-औद्योगिक स्तरों की तुलना में लगभग 2.8 डिग्री सेल्सियस ग्लोबल वार्मिंग होगी। पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में तत्काल और अभूतपूर्व कटौती की आवश्यकता है।

# 18 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने की संस्तुति

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बृहस्पतिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सात और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 11 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की सदस्यता वाले कॉलेजियम की आज बैठक हुई और इसका निर्णय शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश उमेश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल, न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा, न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन, न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद, न्यायमूर्ति गजेंद्र कुमार और न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव के नामों की अनुशंसा की है। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के प्रस्ताव के अनुसार एक मई, 2023 को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से सिफारिशें कीं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने इससे सहमति जताई थी।

एक अन्य फैसले में, कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 11 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति निधि गुप्ता, न्यायमूर्ति संजय वशिष्ठ, न्यायमूर्ति त्रिभुवन दहिया, न्यायमूर्ति नमित कुमार, न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा, न्यायमूर्ति अमन चौधरी, न्यायमूर्ति नरेश सिंह, न्यायमूर्ति हर्ष बांगड़, न्यायमूर्ति जगमोहन बंसल, न्यायमूर्ति दीपक मनचंदा और न्यायमूर्ति आलोक जैन के नामों की सिफारिश की।

# कंट्रोल रूम घोटाले में फंस सकते है निगम के कई अधिकारी

**● मैसर्स इंफोएशिया के खिलाफ नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने जांच कमेटी गठित की**



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कंपनी बाग स्थित कंट्रोल रूम का संचालन करने वाली कंपनी मैसर्स इंफोएशिया सिस्टम्स के खिलाफ नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने जांच कमेटी गठित कर दी।

कमेटी में चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, जीएम जलकल आनंद त्रिपाठी और लेखा परीक्षक विवेक सिंह शामिल किए गए हैं। जांच मेयर सुनीता दयाल द्वारा चार सितंबर 2023 को लिखे गए पत्र के आधार पर बैठाई गई है। अगर जांच में आरोप सिद्ध हुए तो नगर निगम के भी कई अधिकारी इस मामले में फंस सकते हैं। पत्र में कंपनी पर निगम को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और शर्त के हिसाब से कार्य नहीं करने का आरोप लगा है। चर्चा है कि कंपनी से भाजपा नेता का निकट संबंधी भी है। मेयर ने पत्र में बिंदुवार जांच करने के निर्देश दिए।

बिंदु नंबर एक के अनुसार निगम ने कॉल सेंटर को विंडो सिस्टम की तर्ज पर इंटीग्रेट करने को फर्म से निविदा मांगी गई थी। मेयर के पत्र के अनुसार निविदा में इंफोएशिया सिस्टम्स, एडूटैक्मिडिया सर्विसेज, और आरस्क्वायर नेटवर्क ने हिसा लिया। सभी फर्म निविदा की शर्त का पालन नहीं कर रही थी। इंफोएशिया सिस्टम्स को कार्य करने का अनुभव नहीं था। फिर भी कंपनी से निगम ने 8 जुलाई 2022 को अनुबंध निष्पादित कर कार्यादेश जारी कर दिया, जो निविदा शर्त का उल्लंघन है।

बिंदु-2 के अनुसार निगम को 100 मोबाइल एप्लीकेशन निशुल्क प्रदान करने थे। 100 से अतिरिक्त 550 रुपये प्रति महीने भुगतान फर्म द्वारा निगम को करना था। मगर कंपनी पर आरोप है यह भुगतान निगम से ले रही है। इससे नगर निगम को प्रति महीने छह लाख 60 हजार का नुकसान हो रहा है।

अनुबंध की शर्त संख्या सात के अनुसार कॉल सेंटर में कार्य करने वाले कर्मचारियों की आपूर्ति फर्म द्वारा स्वयं करनी थी। कर्मचारियों का भुगतान भी फर्म को ही करना था। फर्म ने ऐसा नहीं कर 10 आउट सोर्स कर्मचारी रखे और उनका भुगतान निगम को करना पड़ रहा है।

मेयर सुनीता दयाल द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार रजनी नामक महिला द्वारा अहमदाबाद से ही सिटीजन ग्रिवेंस मैनेजमेंट सिस्टम्स का कार्य निगम के लिए किया जा रहा है। भौतिक आधार पर उनके द्वारा कॉल सेंटर पर उपस्थिति दर्ज नहीं की जाती है। पत्र में मेयर का दावा है कि पता चला कि फर्म का कोई भी कार्य न तो अहमदाबाद से है और न ही रजनी से फर्म का संबंध है। आरोप है कि फर्म ने निगम से आर्थिक लाभ लेने के लिए कई मोबाइल एप्लीकेशन आईडी जनरेट की।

285 नाम मोबाइल नंबर दर्शाए गए। जिनमें कई अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके है उनके नाम भी शामिल है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने जांच टीम को गहनता से जांच पूरी कर रिपोर्ट देने को कहा है।

इंफोएशिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी का कहना है कि किस प्रकरण को लेकर जांच बैठाई गई है इसकी जानकारी नहीं है। मगर जो कार्य दिया गया है कंट्रोल रूम में मोबाइल एप्लीकेशन का है। कर्मचारियों की उपलब्धता से फर्म का कोई मतलब नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार



दोस्त की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस की हिरासत में।

### दोस्त के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** जेवर कोतवाली पुलिस ने दोस्त की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। जिसको पुलिस गुरुवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल लोहे की रॉड भी बरामद की है। मूल रूप से औरैया जिला निवासी धीरेंद्र और बलरामपुर जिला निवासी बनारसी जेवर क्षेत्र में स्थित एक व्यापारी की दुकान पर काम करते थे। बताया जाता है कि दोनों पिछले कई वर्षों से एक साथ रहकर काम करते थे। जिनके बीच अच्छी दोस्ती थी। लेकिन 11 सितंबर की रात दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि देर रात को सोते वक्त धीरेंद्र पर बनारसी ने लोहे के रॉड से हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया।

### महिला ने सहकर्मी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 में बीती रात को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके साथ फैक्ट्री में काम करने वाले एक व्यक्ति ने छीजारसी कॉलोनी स्थित एक होटल में ले जाकर उसके साथ मारपीट करके जबरन बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि बीती रात को एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सिराजुद्दीन नामक युवक उसके साथ उसकी कंपनी में काम करता है। उन्होंने बताया कि महिला का आरोप है कि वह उसे बहला-फुसलाकर कर छीजारसी कॉलोनी स्थित एक होटल में ले गया। तथा वहां पर उसने उसके साथ बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विभिन्न सड़क हादसों में दो की मौत

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। थाना फेस-वन की प्रभारी निरीक्षक ध्रूव भूषण दुबे ने बताया कि डीएनडी पुल पर बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में पैदल जा रहे एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस सोशल मीडिया और आसपास के लोगों की सहायता से शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-6 के पास बीती रात को बाइक सवार दो युवक आपस में टकरा गए। इस घटना में मनीष नामक युवक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लोस चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता: नरेश पटेल



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नोएडा आगमन पर सपा नोएडा महानगर द्वारा डीएनडी पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। नोएडा व ग्रेटर नोएडा में किसान अपनी मांगों को लेकर कई माह से धरने पर बैठे हैं लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल रहा है। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से लोस चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। इस दौरान वह सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष नोएडा ग्रामीण रेशपाल अवाना के घर पर जाकर उनके बेटे को श्रद्धांजलि दी। स्वागत कार्यक्रम में महासचिव विकास यादव, शकील सैफी, मुकेश प्रधान, नीतीश बसोया, मोहम्मद नौशाद, बबलू चौहान, विकास कुंडिया, राहुल अवाना, दिव्यांशु यादव, राघवेंद्र दुबे, टीटू यादव, कैलाश यादव, मुन्ना आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

## नोएडा में मिला डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन वेरिएंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



एनसीआर में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यूगाजियाबाद, नोएडा और लखनऊ में मिलाकर डेंगू के 1100 से ज्यादा केस सामने आए हैं। नोएडा में डेंगू का डेन.2 स्ट्रेन पाया गया है, जो बाकी स्ट्रेन के मुकाबले घातक होता है।

आमतौर पर डेंगू का मच्छर जुलाई से अक्टूबर के बीच ज्यादा तेजी से पनपता है। इस बार बारिश में गंगा, यमुना समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़कर बाढ़ के हालात बने।

इससे मच्छरों को पनपने का मौका मिला। पिछले साल के मुकाबले इस साल अब तक चार गुना ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं। भारी बारिश से डेंगू के एडीज मच्छर एशियन टाइगर के लिए माहौल और मुफीद हो गया है। डॉक्टर कह रहे हैं कि इस बारिश से डेंगू के मामले सर्दियां शुरू होने के बाद तक आ सकते हैं। जिन जगहों पर बारिश में पानी जमा हुआ है, वहां पर ज्यादा सावधानी की जरूरत है। डेंगू से संक्रमित इंसान को काटकर एडीज मच्छर दूसरे इंसानों तक इस वायरस को पहुंचाता है। मच्छरों के अलावा डेंगू चुनिंदा मामलों में ही इंसानों से इंसानों में फैल सकता है जैसे. ब्लड ट्रांसफ्यूजन या बच्चे को जन्म देते समय महिला से बच्चे को। जोड़ों में दर्द की वजह से आम बोलचाल की भाषा में डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण शरीर व जोड़ों में बहुत दर्द होता है।

डेंगू मच्छर के काटने के करीब तीन से पांच दिनों के बाद मरीज में डेंगू बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं। कई बार बुखार नहीं भी आ रहा है। डेंगू का सबसे अहम लक्षण बुखार है जो 4 से 10 दिन तक रह सकता है।

Application Forms are available for
Management Seats in
D.EL.Ed. Course
for Session 2023-2025
At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 13th September'2023 to 27th September 2023 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 27th September'2023 till 4:00 pm.
OJAS COLLEGE OF EDUCATION
Plot No. 213, Outer Firni Road,Mungeshpur Delhi-110039 Ph:9811755679

Application Forms are available
Management Seats in
D.EL.Ed. Course
for Session 2023-2025
At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 13th September'2023 to 27th September 2023 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 27th September'2023 till 4:00 pm.
SAINATH COLLEGE OF EDUCATION
Plot No. 215, Mungeshpur, Delhi-110039
Phone : 9811755289

**PUBLIC NOTICE**

I VISHAL GOSAIN s/o Late Sh. P.N. Gosain am the sole legal heir to property Flat no. 30, Anekant Apartments, Plot no. 23, Vasundhara Enclave, Delhi - 110096. It is notified that any person having adverse claim with respect to the said flat are advised to place their claim within 10 days of the date of publication of this notice

VISHAL GOSAIN (Advocate)
Enrolment No. D/915-R/1998

## लेन-देन को लेकर होटल मालिक और सांसद के बीच तनातनी बढ़ी

**● एफआईआर में अनिल अग्रवाल द्वारा फोन पर बातचीत का जिक्र आने पर राजनीति शुरू हुई**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस द्वारा बिना जांच के राज्यसभा सांसद का जिक्र एफआईआर में लिखने के बाद राजनीति शुरू हो गई है। होटल मालिक द्वारा दी गई तहरीर में राज्यसभा सांसद द्वारा फोन पर की गई बातचीत का जिक्र किया गया है। इसके बाद राज्यसभा सांसद ने कहा कि बिना जांच के पुलिस ने उनका नाम कैसे लिख लिया। मामला कौशांबी थाने का बताया जा रहा है। लेन-देन को लेकर कौशांबी स्थित एक बड़े होटल रेडिसन के मालिक करण जैन द्वारा कौशांबी में एक तहरीर दी गई है जिसमें राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल का भी नाम लिखा गया है। पुलिस को बताया कि गौरव अग्रवाल व दीपक अहलावत सहित तीन लोग उनके होटल में पहुंचे। उसके बाद उन तीनों लोगों ने खुद को सांसद अनिल अग्रवाल का रिश्तेदार बताते हुए उनके व होटल के प्रबंधकों के साथ अभ्रदता की और उन्हें जान से मार देने व भुगत लेने की भी धमकी दी। होटल मालिक करण जैन ने तीन लोगों के खिलाफ अपराधिक धारा 147, 504 व 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### लोकप्रियता से जलने वाले रच रहे साजिश: अग्रवाल

**गाजियाबाद।** इस संदर्भ में जब राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता से लोग घबरा गये और उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होटल मालिक की दो मिस कॉल उनके पास थी उसके बाद ही उन्होंने उस पर कॉल की तो उन्होंने बताया कि कुछ लोग आये है तो मैंने कहा कि उनकी बात सुन लो और आपस में बैठ कर बात कर लो। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बिना जांच किये इस मामले में कार्रवाई की है।

## नहीं तोड़े जाएंगे मकान, दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई: विधायक

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में शत्रु संपत्ति में दर्ज आनंद विहार कॉलोनी वासियों को नोटिस मिलने के बाद प्रभावित लोगों में हड़कंप मचा है। उन्हें मकानों के टूटने का डर सता रहा है। जबकि दूसरी ओर, बीजेपी एमएलए डॉ मंजू शिवाच की मानें तो उन्होंने मुलाकात कर सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रकरण से अवगत कराया है। सीएम ने एमएलए को भरोसा दिलाया है कि कोई मकान नहीं तोड़े जाएंगे। जिस किसी स्तर पर अधिकारियों से गलती हुई है। उसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गांव सीकरी खुर्द की 1800 बीघा जमीन को प्रशासन द्वारा शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था।

इस संपत्ति में 29 से अधिक आवासीय कॉलोनी है। लगभग 1 लाख की आबादी से जुड़ा प्रकरण है। शत्रु संपत्ति जनसंघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 10 अगस्त से तहसील परिसर में प्रभावित लोगों का धरना चल रहा है। धरने की अध्यक्षता नाथो देवी और संचालन नवीन जैन किया। क्रमिक अनशन पर महिला जगबीरी, सावित्री, संता, सरोज और माया देवी रही। मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि आनंद विहार कॉलोनी और फफराना बस्ती में नोटिस भेजे गए है। जिनमें 1956 तक के जमीन दस्तावेज मांगे गए है, जो उपलब्ध होने संभव नहीं है। अधिकारी प्रभावित लोगों को मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। किसी भी कीमत पर लोगों को बेघर नहीं दिया जाएगा। राहुल गुर्जर, ओमवीर देवी, तिलक राज, शांति देवी, ममता, धीरज , उत्तम, जगपाल, रामदत्त आदि लोग धरना स्थल पर मौजूद रहे।

**AXIS BANK LTD.**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 25-09-2023 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार | शुद्ध भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 1 | राजेश पाल | XXXXXXXXXXX0153 | | 28-02-2023 | 76.40 | 73.50 |
| | शाखा का नाम : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 2 | जसप्रीत कौर भाटिया | XXXXXXXXXXX2577 | RS. 388274.00 | 05-09-2022 | 128.60 | 115.10 |
| 3 | संदीप कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX4372 | RS. 559378.54 | 18-07-2023 | 184.10 | 175.90 |
| | शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 4 | मंजू | XXXXXXXXXXX4825 | RS. 58442.00 | 28-02-2023 | 19.60 | 18.80 |
| 5 | कुलदीप | XXXXXXXXXXX6560 | RS. 272332.00 | 30-05-2023 | 87.20 | 76.20 |
| 6 | सुरिन्दर कौर | XXXXXXXXXXX0074 | RS. 948722.00 | 27-06-2023 | 263.69 | 259.10 |
| | शाखा का नाम : द्वारका, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 7 | तमन्ना | XXXXXXXXXXX4052 | RS. 70285.00 | 18-07-2023 | 21.40 | 20.70 |
| | शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 8 | अनिल शर्मा | XXXXXXXXXXX9080 | RS. 464879.00 | 30-05-2023 | 150.10 | 138.90 |
| 9 | बबीता | XXXXXXXXXXX5086 | RS. 1302158.48 | 18-07-2023 | 375.30 | 352.00 |
| | शाखा का नाम : ज्योति नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 10 | हैदर अली | XXXXXXXXXXX0175 | RS. 411413.00 | 30-05-2023 | 129.70 | 117.30 |
| 11 | राजीव कुमार | XXXXXXXXXXX6787 | RS. 28296.92 | 28-07-2023 | 9.80 | 9.40 |
| | शाखा का नाम : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 12 | मुकेश | XXXXXXXXXXX7180 | RS. 360567.00 | 15-06-2023 | 110.80 | 105.68 |
| | शाखा का नाम : किशनगंज ओडी (डीएल) | | | | | |
| 13 | अनिल कुमार | XXXXXXXXXXX3914 | RS. 83238.00 | 21-02-2023 | 27.40 | 25.90 |
| | शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 14 | अनुज सरीन | XXXXXXXXXXX0513 | RS. 274810.00 | 18-07-2023 | 85.50 | 82.10 |
| | शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 15 | मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX7447 | RS. 322111.00 | 30-05-2023 | 94.50 | 90.32 |
| | शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 16 | दिनेश कुमार | XXXXXXXXXXX2612 | RS. 31082.00 | 21-02-2023 | 11.70 | 11.00 |
| | शाखा का नाम : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 17 | अदीबा जमील | XXXXXXXXXXX4501 | RS. 199972.50 | 30-05-2023 | 58.40 | 57.48 |
| | शाखा का नाम : न्यू रेलवे रोड गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 18 | जतिन | XXXXXXXXXXX0417 | RS. 27028.00 | 28-07-2023 | 9.00 | 8.50 |
| | शाखा का नाम : नोएडा एक्सटेंशन, जीएनओ (यूपी) | | | | | |
| 19 | गौरव सेंगर | XXXXXXXXXXX5454 | RS. 85579.00 | 30-05-2023 | 29.80 | 26.80 |
| | शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 20 | अनुष्का यादव | XXXXXXXXXXX2725 | RS. 99602.00 | 05-09-2022 | 28.20 | 28.20 |
| | शाखा का नाम : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 21 | नवीन कुमार | XXXXXXXXXXX8100 | RS. 103985.00 | 28-07-2022 | 31.10 | 30.87 |
| | शाखा का नाम : पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 22 | कमलेश पाठक | XXXXXXXXXXX1821 | RS. 251917.59 | 30-05-2023 | 100.90 | 85.60 |
| | शाखा का नाम : पंजाबी बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 23 | धीरज | XXXXXXXXXXX1268 | RS. 138960.00 | 28-07-2023 | 40.50 | 39.00 |
| | शाखा का नाम : पुष्प विहार, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 24 | रवीन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX0739 | RS. 44591.91 | 28-07-2023 | 17.10 | 16.60 |
| 25 | प्रमोद कुमार श्रीवास्तव | XXXXXXXXXXX3346 | RS. 50388.63 | 28-07-2023 | 15.80 | 15.20 |
| | शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 26 | संजय कुमार | XXXXXXXXXXX3977 | RS. 226604.00 | 27-06-2023 | 81.90 | 76.50 |
| 27 | सुरेश | XXXXXXXXXXX2368 | RS. 333300.04 | 28-07-2023 | 97.20 | 88.00 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 28 | साहिल चौहान | XXXXXXXXXXX5092 | RS. 293473.37 | 27-06-2023 | 105.80 | 95.70 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| 29 | रूबी देवी | XXXXXXXXXXX6071 | RS. 112015.00 | 30-05-2023 | 38.90 | 36.90 |
| 30 | तरूण यादव | XXXXXXXXXXX9934 | RS. 62777.00 | 28-07-2023 | 18.50 | 18.00 |
| 31 | मान सिंह | XXXXXXXXXXX2321 | RS. 67300.00 | 28-07-2023 | 22.10 | 20.40 |
| | शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| 32 | नीरज मोंगा | XXXXXXXXXXX6999 | RS. 107776.92 | 30-05-2023 | 51.00 | 36.10 |
| | शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| 33 | साधना देवी | XXXXXXXXXXX7875 | RS. 37414.15 | 28-07-2023 | 11.50 | 10.85 |
| | शाखा का नाम : वैभव खंड (यूपी) | | | | | |
| 34 | रत्नेश कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX3273 | RS. 33477.00 | 28-07-2023 | 12.32 | 11.82 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।
स्थान : नई दिल्ली एवं एनसीआर, तिथि : 15-09-2023 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1458/2022
ईएक्सएच. नंबर : 19433
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
हिमांशु गुप्ता

सेवा में,
(3) प्रतिवादी सं. 3 -
मैसर्स ऐवलोन ग्रूप
इसका पंजीकृत कार्यालय
पता : 9वां तल, एस.ए.एस. टावर, निकट मेडि सिटी, सेक्टर-38, गुरूग्राम, हरियाणा-122001

सम्मन

जबकि, ओए/1458/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 26-07-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 56,32,674/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 02-09-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश होने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 27-07-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिल्पी तलरेजा उक्त संपत्ति Property House No. C-26, areameasuring 100 Sq. Yards, constructed on Plot No. 1, out of Rectangle No. 18, Killa No. 8, situated at Abadi New Gobind Pura, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi- 110051, की बिक्री विलेख दिनांक 12.09.2023 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 8495 द्वारा उपरोक्त संपत्ति की मालिक है मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328



**Hari Har Prasad**
aged 78 yrs, Ht. 5'10", wheatish complexion, Suffering from partial hearing loss. Wearing red-blue striped shirt and grey trousers. Missing since 12 September 2023 from PO, Parliament Street, **Contact: +91-9810830033, +91-9971035505**

**RADICO KHAITAN FINANCE LTD.**
CIN NO. L74899DL1984PLC019092
4A, 4th Floor, Masoodpur Dairy Farms, New Delhi – 110070
TELEPHONE NO.: 011-71859609
EMAIL: admin@radicoindia.com
WEBSITE: www.radicoindia.com

**NOTICE FOR 37TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

**(A) Annual General Meeting:**
Notice is hereby given that the 37th Annual General Meeting of RADICO KHAITAN FINANCE LTD will be held on Saturday, 30th Day of September, 2023 at 2.00 P.M. at Pt. Gyani Ram Farm House C/o Bijender Sharma, Advo. Near Syndicate Bank, Main Road Asola, Fathepur Beri, New Delhi-110074.

**(B) Book Closure:**
Notice is further given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and clause 16 of the Listing Agreement, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 24th Day of September, 2023 to 30th Day of September, 2023, both days inclusive.

**(C) E-Voting:**
In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the Members are provided with the facility of e-voting on all resolutions set forth in the Notice.

The e-voting period commences on Wednesday, September 27, 2023 from 9.00 a.m. and ends on Friday, September 29, 2023 at 5.00 p.m. The result of the e-voting shall be announced after the AGM of the Company

Kindly request you to take the same on record

Thanking you,

For Radico Khaitan Finance Limited

Krishan Kumar Sharma
Director
DIN: 00856406

## मोदीनगर के प्रथमगढ़ में किसान को दिखा तेंदुआ

**● वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर के गांव प्रथमगढ़ में तेंदुए जैसा जानवर दिखाए देने का मामला सामने आ रहा है। दहशत के चलते लोग खेत जाने से कतरा रहे हैं। वन विभाग की टीम ने गांव में सर्च अभियान चला दिया है। दो दिन पहले ही तेंदुए जैसी जानवर के हमले से एक किसान घायल हुआ था।

गांव प्रथमगढ़ मढैया निवासी सूरज सिंह गुरुवार सुबह छह बजे के आसपास अपने खेत में काम करने के लिए गए थे।

उन्होंने बताया कि जब वह खेत में काम कर रहे थे, तो इसी बीच तेंदुए जैसा जानवर मेरी और आता दिखाई दिया। मेरे द्वारा शोर मचाने पर आसपास के किसानों के आने के कारण वह भाग गया। डर के चलते सभी किसान अपने अपने खेत से वापस आ गए। गांव सैदपुर व प्रथमगढ में तेंदुए के खौफ के कारण किसान अपने अपने खेत नहीं जा रहे हैं। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी गांव प्रथमगढ़ पहुंच गए। वन विभाग द्वारा तेंदुए की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

### निगम कई बीओटी कंपनियों के खिलाफ जारी करेगा आरसी

**गाजियाबाद।** निगम का कई करोड़ रुपये दबाए बैठक कई बीओटी कंपनियों पर निगम बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है। निगम इन सभी बीओटी कंपनियों पर बकाया कई करोड .रुपये की रिकवरी के लिए आरसी जारी करने पर विचार कर रहा है। पिछले दिनों नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में यह मामला उठाया गया था। इसके बाद अब नगर निगम एक्शन की तैयारी में है।

नगर निगम कई करोड़ रुपया बीओटी का कार्य करने वाली विज्ञापन कंपनियों पर बकाया है। इनमें से कई तो ऐसी कंपनियां है जो अपना कारोबार नगर निगम से बंद भी कर चुकी है। इसकी सूची विज्ञापन विभाग तैयार कर रहा है।

## 1000 पशुओं के इलाज के लिए बनेगा शेल्टर

**● संचालन करने वाली कंपनी को प्राधिकरण सेक्टर-117 में चार एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगा**

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



बीमार, घायल, बेसहारा पशुओं का समय पर इलाज हो, उनके जीवन को बचाया जा सके। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने एनिमल शेल्टर तैयार करने की कार्य योजना बनाई है। इसकी क्षमता 1000 पशु-पक्षियों की होगी, जिसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी माडल पर संचालित कराया जाएगा।

संचालन करने वाली कंपनी को प्राधिकरण सेक्टर-117 में चार एकड़ जमीन उपलब्ध कराएगा। बता दें कि इस पूरी परियोजना में नोएडा प्राधिकरण की ओर से एक रुपया भी खर्च नहीं किया जाएगा, बल्कि संचालन कंपनी को ही एनिमल शेल्टर का निर्माण कराना होगा।

संचालन से अस्पताल, डॉक्टर, कंपाउंडर, दवा समेत अन्य संबंधित इंतजाम कंपनी को खुद करना होगा। प्राधिकरण उनके इस खर्च को निकालने के लिए एनिमल शेल्टर के बाहर 5 से 6 दुकानों को बनाकर देगा। इसमें कंपनी की ओर से कॉमर्शियल गतिविधियों का संचालन कराया जा सकता है।

इससे होने वाली आय से एनिमल शेल्टर निर्माण व संचालन के खर्च को वहन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए नोएडा प्राधिकरण का जन स्वास्थ्य विभाग एक्सप्रेशन आफ इंस्ट्रेट ईओआई निकालने जा रहा है, जिसमें इच्छुक कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिसमें उनसे सुझाव लिए जाएंगे कि एनिमल शेल्टर में किस प्रकार की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। किसी प्रकार से इसमें अधिक से अधिक सुधार की आवश्यकता है। उनके सुझाव के आधार पर ही प्राधिकरण रिक्वेस्ट फार प्रपोजल आरएफपी तैयार करेगा।

# सेना के कर्नल से लूटपाट, दो गिरफ्तार

## मालवीय नगर में पिटाई करने के बाद नकदी, फोन, एटीएम कार्ड लूटकर भाग गए थे आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर थाना इलाके में सेना कर्नल के साथ मारपीट करने और लूटपाट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वारदात तब हुई जब पीड़ित अधिकारी सेमिनार अटेंड करने चाणक्यपुरी से मालवीय नगर दोस्त के साथ आए थे।

पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि कल यह वारदात विनीत महतो के साथ हुई है। जो चाणक्यपुरी इलाके में रहते हैं। वह मालवीय नगर के त्रिवेणी कंपलेक्स में दोस्त के साथ आए थे, एक सेमिनार को अटेंड करने के लिए आए थे।

इस दौरान एक शख्स से उनसे लाइटर मांगने को लेकर बहस हुई और उसने दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद उन्होंने आरोपी को धक्का दे दिया वह नीचे गिर गया। उसके बाद अचानक उसने पीछे से पकड़ लिया और दो साथी को बुला लिया।

उन लोगों ने पीड़ित की बुरी तरह पिटाई की और मोबाइल छीन झपटकर कार से दस हजार रुपये नगद, क्रेडिट कार्ड आदि निकालकर वहां से भाग गए थे उसके बाद पीड़ित ने रात में मालवीय नगर थाना में आकर घटना की शिकायत की। अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि कुछ बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर उनका मोबाइल फोन, रुपये, क्रेडिट कार्ड आदि लूटपाट भाग गए। डीसीपी ने कहा कि मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 394, 411 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी हरीश कुकरेती की देखरेख में एसएचओ दीपक सैनी, सब इंस्पेक्टर साजिद हुसैन, हवलदार अमित, यशपाल और सिपाही चेतन की टीम ने छानबीन शुरू की और दो आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान मिथुन उर्फ दीपक और मुकुल के रूप में हुई है।

दोनों चिराग दिल्ली और मालवीय नगर इलाके के रहने वाले हैं। इन लोगों के पास से लूटे गए दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। वहीं आरोपियों से पूछताछ जारी है।

पुलिस अधिकारी ने दावा किया है कि तीसरी आरोपी की पहचान हो चुकी है। पुलिस जल्द की उसको गिरफ्तार कर लेगी। ज्ञात हो कि राजधानी में बढ़ते अपराध को लेकर कई सवाल खड़ हो रहे है।

## जेएनयू छात्रा ने झांसा देकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा के साथ कथित तौर पर शादी का झांसा देकर एक व्यक्ति ने उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में दुष्कर्म किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, दक्षिणी दिल्ली के जेएनयू परिसर में रहने वाली शिकायतकर्ता ने बताया कि वह करीब चार साल पहले एक संगठन के माध्यम से एक व्यक्ति से मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया, वे दोस्त बन गए। तीन अप्रैल को महिला वजीराबाद स्थित व्यक्ति के फ्लैट पर गई थी। इस दौरान व्यक्ति ने महिला को शादी का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अब व्यक्ति शादी के अपने वादे से मुकर गया। अधिकारी ने बताया, वजीराबाद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी द्वारका में करेंगे प्रदर्शनी-सम्मेलन केंद्र का उद्घाटन

● सीईओ ने कहा, आईआईसीसी का पहला चरण 5,400 करोड़ रुपये की लागत से हुआ पूरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र (आईआईसीसी) के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। विशेष सचिव और आईआईसीसी द्वारका के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुमिता डावरा ने कहा कि परियोजना का पहला चरण पूरा हो चुका है। परियोजना के पहले चरण की लागत लगभग 5,400 करोड़ रुपये है।

आईआईसीसी को व्यापार और उद्योग को आकर्षित करने के मकसद से बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना को दो चरणों में विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में एक सम्मेलन केंद्र और संबंधित सुविधाओं के साथ दो प्रदर्शनी हॉल विकसित किए गए हैं। दूसरे चरण में तीन प्रदर्शनी परिसर, क्षेत्र, होटल, खुदरा दुकानें और कार्यालय स्थल शामिल होंगे।

द्वारका सेक्टर 25 में पूरी परियोजना 25,703 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 221.37 एकड़ क्षेत्र में बनाई गई है। परियोजना की कुल भूमि का आकार भारत मंडपम की 123 एकड़ से अधिक है। डावरा ने बताया, आईआईसीसी वैश्विक बैठकें, सम्मेलन और प्रदर्शनियों के लिए एशिया के सबसे बड़े स्थलों में शामिल हो जाएगा। यह परियोजना बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियों क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दिखाता है।

# लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभाली

● बोले- पांच साल बाद पहली बार कांग्रेस नेतृत्व और कार्यकर्ता एक साथ मंच पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते अरविंदर लवली। फोटो: रंजन डिमरी

अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभाल ली है। उन्होंने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी को फिर से खड़ा करना और इसके संगठनात्मक ढांचे को ठीक करना उनकी पहली प्राथमिकताओं में से एक है। लवली को गत 31 अगस्त को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की सरकार में बतौर मंत्री कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभालने वाले लवली इससे पहले दिसंबर 2013 से फरवरी 2015 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। लवली को कांग्रेस नेतृत्व ने ऐसे समय दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी है जब पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस को दिल्ली में हुए पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं मिली। अध्यक्ष के तौर पर लवली के सामने सबसे बड़ी चुनौती दिल्ली में कांग्रेस के खोए जनाधार को वापस हासिल करने की होगी।

## बजरंग पूनिया को निजी तौर पर पेश होने से मिली छूट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पहलवान बजरंग पूनिया को उनके खिलाफ कुश्ती कोच नरेश दहिया द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत के मामले में निजी तौर पर पेश होने से एक दिन की छूट दी।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने पूनिया को राहत दी, जब उनके वकील ने सूचित किया कि वह आगामी एशियाई खेलों को देखते हुए अभ्यास सत्र के लिए किर्गिस्तान गए हैं। न्यायाधीश ने इससे पहले छह सितंबर को भी बजरंग को निजी तौर पर पेश होने से चिकित्सा आधार पर एक दिन की छूट दी थी क्योंकि उनके वकील ने कहा था कि वह बुखार से पीड़ित हैं। कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया पहलवान के खिलाफ अवमानना का मामला नजर आता है।

# सर्दियों में प्रदूषण पर लगाम लगाने की तैयारी

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक अक्टूबर को 15 बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की करेंगे घोषणा: गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली





केजरीवाल सरकार सर्दियों में होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को 28 विभागों के साथ अहम बैठक की। सभी विभागों को 25 सितंबर तक विंटर एक्शन प्लान देने का निर्देश दिया गया है।

13 हॉटस्पॉट के लिए 13 टीमें बनाई गईं हैं और 15 बिंदु सूचीबद्ध किए गए हैं, जिन पर अमल करते हुए सरकार शीतकालीन प्रदूषण को कम करने की कोशिश करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक अक्टूबर को शीतकालीन प्रदूषण के लिए विन्टर एक्शन प्लान की घोषणा करेंगे। गोपाल राय बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन बिंदुओं पर फोकस करेंगे, उनमें हॉटस्पॉट, पराली प्रदूषण, खुले में औद्योगिक प्रदूषण, हरित युद्ध कक्ष, वास्तविक समय विभाजन अध्ययन, पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध, वृक्षारोपण, शहरी खेती, इको वेस्ट पार्क, सार्वजनिक जागरूकता, केंद्र, पड़ोसी राज्यों के साथ संचार और जीआरएपी (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) का कार्यान्वयन शामिल है। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की समस्या को लेकर विकास एवं राजस्व विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। राय ने बताया कि सरकार ने लगातार वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कड़े कदम उठाए। जिसके परिणामस्वरूप पिछले 9 सालों में पीएम 10 में 42 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 46 प्रतिशत की कमी आई है। अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या 2016 के मुकाबले 109 से बढ़कर 2022 में 163 हो गई है। सबसे गंभीर श्रेणी की संख्या में भी 2016 से 2022 के बीच गिरावट दर्ज की गई है।

## आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे केंद्र सरकार : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनंतनाग में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के चार अधिकारियों की हत्या में शामिल पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों को केंद्र को करारा जवाब देना चाहिए।

कोकेरनाग क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में बुधवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक बटालियन के कमांडर कर्नल, एक मेजर समेत तीन सैन्यकर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक पुलिस उपाधीक्षक की मौत हो गई थी, जबकि एक सैनिक लापता है। सिंह ने कहा, मैं मांग करता हूं कि सरकार (शहीद एवं लापता जवान के) परिवारों का ख्याल रखे।



22 सितंबर को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर पोस्टरों से पटा कॉलेज परिसर।

# ईडी ने बीआरएस नेता कविता को किया तलब

**आबकारी नीति मामला**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को पूछताछ के लिए शुक्रवार को दिल्ली कार्यालय में तलब किया है।

कविता से ईडी के मुख्यालय में मार्च में कई बार पूछताछ की जा चुकी है। उन्हें संघीय एजेंसी को अपने मोबाइल फोन सौंपने हैं। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में गंभीर खामियां थी। राष्ट्रीय राजधानी की आम आदमी पार्टी की सरकार ने इन आरोपों को सिरे से नकारा था। बाद में इस आबकारी नीति को रद्द कर दिया गया था और दिल्ली के उप राज्यपाल ने इसकी सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा की थी। इसके बाद ईडी ने धन शोधन निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी ने अपनी जांच के दौरान कथित तौर पर कविता से जुड़े अकाउंटेंट बुचीबाबू का बयान दर्ज किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद ने शहीद परिवार से मांगी स्मारक की माटी

**नई दिल्ली।** सांसद मनोज तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी स्मारक की माटी ग्रहण और शहीद स्मारक पर 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका का सृजन किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि देश के जिन लाखों गुमनाम शहीदों को आजादी के बाद कई दशकों तक चुनी गई सरकारों ने याद नहीं किया कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता देश के कोने-कोने गली गली गांव गांव से मिट्टी लाकर शहीदों की स्मृति संजोने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान को सार्थक बना रहे हैं और आज का यह कार्यक्रम इस अभियान की एक कड़ी है उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे संसदीय क्षेत्र में अमर शहीद नायक दिनेश चंद्र शर्मा के परिजनों का निवास है और याद यहां उनकी उपस्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान मेरी माटी मेरा देश को विशेष आशीर्वाद और वल देगा

### हिंदी प्रतियोगिता के 78 विजेताओं को पुरस्कृत

**नई दिल्ली।** दिन-प्रतिदिन के आधिकारिक कामकाज में हिंदी भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अमित यादव ने एनडीएमसी कन्वेंशन में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में हिंदी प्रतियोगिता के 78 विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पालिका परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल और विशाखा सहित एनडीएमसी के विभिन्न विभागों के निदेशक, अध्यापक, छात्र- छात्रायें, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारी भी उपस्थित थे। एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि संविधान सभा ने 1949 में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया और तब से हर साल 14 सितंबर को हम अपने सरकारी कार्यालयों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।

### उत्तराखंड इंवेस्टर समिट का जारी हुआ कर्टेन रेजर




**नई दिल्ली।** राजधानी में बृहस्पतिवार को दिसंबर में होने वाले उत्तराखंड ग्लोबल इंवेस्टर समिट का कर्टेन रेजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जारी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में 2.50 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा है। सीएम ने कहा कि उत्तराखंड एक युवा राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है जहां उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिये सीधी वायु सेवा उपलब्ध हो गई है। देहरादून एवं पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार भी किया जा रहा है। इस अवसर आईटीसी ने 5,000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिसोर्ट इंडिया लिमिटेड ने 1,000 करोड़ और ई-कुबेर ने 1600 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू किया गया।

### डॉ सैयद खान भागीरथी पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शकील अहमद ने डॉ. सैयद अहमद खान को भागीरथी पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि आज के कठिन समय में राष्ट्रीय एकता के लिए यह पुरस्कार सराहनीय है। यह पुरस्कार नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर के तहत भागीरथी सामाजिक संस्कृति मंच द्वारा प्रदान किया जाता है। डॉ. सैयद अहमद खान को दर्जनों सरकारी और गैर-सरकारी पुरस्कार मिल चुके हैं। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस फार्मेसी विंग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हकीम एजाज अहमद एजाजी दरभंगवी, राष्ट्रीय सचिव हकीम नईम रजा, हकीम रशदुल इस्लाम इलाहाबादी और फार्मेसी विंग दिल्ली राज्य के उपाध्यक्ष हकीम आफताब आलम, हकीम मुहम्मद मुर्तजा देहलवी के अलावा तिब्बी कांग्रेस के अन्य सदस्य कॉर्डिनेटर इसरार अहमद उज्जैनी, मबसूत अहमद, प्रेस सचिव मुहम्मद इमरान कनोजी ने भी बधाई दी।

# हर दिन दो शिफ्टों में चलेंगे एनडीएमसी के फव्वारे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नई दिल्ली क्षेत्र में आगंतुकों और पर्यटकों को पर्यावरण-अनुकूल अनुभव प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम साधनों, अत्याधुनिक सुविधाओं और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी तकनीक द्वारा कलात्मक और सौंदर्यपूर्ण दृश्य के साथ अपने क्षेत्र में 50 से अधिक फव्वारे स्थापित किए हैं।

एनडीएमसी की योजना है कि वह अपने फव्वारों को हर दिन दो शिफ्टों में चलाये। इसके अनुसार ये फव्वारे सुबह की पहली पाली में फव्वारे सुबह 07 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम की दूसरी पाली में शाम 04 बजे से रात 11 बजे तक चलेंगे। फव्वारे अपने रखरखाव के लिए दोपहर 1 बजे से शाम 04 बजे के बीच विश्राम में रहेंगे। इससे नागरिक निकाय-पालिका परिषद यह एक ऐसी सुविधा की योजना बना रहा है , जिसके तहत नागरिक नई दिल्ली क्षेत्र के हरे-भरे पार्कों, चौराहों, टी-प्वाइंटों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुबह और शाम प्राकृतिक हरियाली के पास फव्वारों का अनुभव कर सकेंगे और फव्वारों के साथ नवीन जल निकायों के सौंदर्यीकरण भरे शहर की तस्वीरें देख सकेंगे।

## सीएम आवास के बाहर ग्रामीणों की महापंचायत कल

**नई दिल्ली।** केंद्र व दिल्ली सरकार और एमसीडी के आदेशों के खिलाफ पालम 360 खाप के बैनर तले ग्रामिण शनिवार को मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल आवास के बाहर महापंचायत करेंगे।

पालम 360 खाप के प्रधान चौ सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि गत तीन सितंबर को पीरागढ़ी गांव में पालम 360 खाप के बैनर तले महापंचायत का आयोजन किया गया था।

ग्रामीणों ने 15 सितंबर तक मांगे पूरी करने का समय दिया था। लेकिन उनकी मांगों पर सरकार ने पहल शुरू नहीं हुई। इस कारण उन्होंने 16 सितंबर को मुख्यमंत्री व उपराज्यपाल के आवास पर महापंचायत करने का निर्णय लिया है।

# जी-20 : एलजी ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

● कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी थी मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



एनडीएमसी के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते उपराज्यपाल

जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के 28 कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उपराज्यपाल ने सभी कर्मचारियों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सराहना की। इस अवसर पर विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जी-20 की तैयारियों में योगदान के लिए एनडीएमसी के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह भारत का अमृत काल है और भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य काल भी है। एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि हर सफाई सेवक, माली, बेलदार, इलेक्ट्रीशियन और अन्य फील्ड वर्करों से मिलकर एनडीएमसी की टीम बनी, जिन्होंने हर चुनौती के बावजूद जी20 शिखर सम्मेलन के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और हरियाली के लिए हर काम को पूरे समर्पण के साथ अंजाम दिया।

# सरकार की पहल: खेल-खेल में गणित के फार्मूले सुलझाएंगे छात्र

## मिशन गणित के तहत आयोजित प्रतियोगिता में 1000 से अधिक स्कूली बच्चों और 9800 शिक्षकों ने लिया भाग

● शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया दो दिवसीय स्टेट लेवल मैथ्स टीएलएम एक्जीबिशन का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गणित सीखने को और भी मज़ेदार बनाने के लिए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने अपने स्कूलों में मिशन गणित की शुरुआत की है।

इसको लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा त्यागराज स्टेडियम में प्राथमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए गणित के टीचिंग लर्निंग मटेरियल के दो दिवसीय स्टेट लेवल एक्जीबिशन-प्रतियोगिता मैथ इज फ़नका आयोजन किया गया। गुरुवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन किया, अलग-अलग स्टाल पर जाकर टीचिंग लर्निंग मटेरियल को देखा। एससीईआरटी दिल्ली द्वारा आयोजित इस एक्ज़ीबिशन में दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया। इस एक्ज़ीबिशन में, दिल्ली सरकार के स्कूलों के शिक्षकों ने प्राथमिक से उच्च माध्यमिक सभी कक्षाओं में छात्रों के गणितीय कौशलों को बेहतर करने और उनमें गणित के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से सीखने के विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल का प्रदर्शन किया।

कक्षाओं में गणित को मनोरंजक बनाने के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, ऐसा मौक़ा बहुत कम आता है जब हम गणित के शिक्षकों के काम का जश्न मनाते है, लेकिन आज यह प्रदर्शनी हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत का जश्न है।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली सरकार के 1000 से अधिक स्कूलों के लगभग 9800 शिक्षकों ने भाग लिया और स्कूल, जोन, जिला और राज्य स्तर पर कम्पटीशन किया। कम्पटीशन के अंत में चयनित फाइनलिस्ट्स के टीएलएम को त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक्ज़ीबिशन में शामिल किया गया।

### शिक्षक अब बेहतर ढंग से पढ़ा सकेंगे

*शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज टीचिंग लर्निंग मटेरियल कम्पटीशन का आयोजन किया गया है वो एक बहुत बड़ी शुरुआत है जो बच्चों के मन से गणित के डर को खत्म कर देगा। उन्होंने ने कहा कि आज मुझे बहुत ख़ुशी हो रही है कि जब हमारे टीचर्स से टीचिंग लर्निंग मटेरियल बनाया है वो बच्चों के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करती हूँ कि हमने इस एक्जीबिशन में सीखने-सिखाने के जो इनोवेटिव तरीके देखे उसका इस्तेमाल आप सभी अपने क्लासरूम में करें और गणित को और मजेदार बनाए। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों ने जिस प्रकार से गणित की अवधारणाओं को टीएलएम के जरिए इतना आसान बनाया है वो काबिले तारीफ़ है क्योंकि अधिकांश बच्चों में ये देखने को मिलता है कि वो गणित के कई कॉनसेप्ट्स टॉपिक से बहुत डरते है और वही से उनका गणित से मोह भंग हो जाता है।*

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023



# गुरुग्राम नगर निगम की लापरवाही से हिन्दी की हो रही अनदेखी

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### कई स्थानों पर हिन्दी की अशुद्धियां, बताने के बाद भी नहीं की दुरुस्त

### कई साल से लगे हैं हिन्दी में अशुद्धियों के बोर्ड

**हिन्दी** को अशुद्ध रूप से लिखने में सरकारी विभाग भी लापरवाही बरत रहे हैं। इससे भी बड़ी लापरवाही यह है कि अशुद्धि बताने के बाद भी विभागों की ओर से उनको दुरुस्त या सही नहीं किया जा रहा। शहर के सिविल लाइन में तो करीब 10 साल से सरकारी बोर्ड पर हिन्दी में लिखे शब्द अशुद्ध हैं, लेकिन इनमें कोई सुधार नहीं किया गया।

गुरुवार को देश में हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी को बोल-चाल के साथ काम में भी उपयोग करने के लिए बातें हुई। सरकारों की ओर से पहले भी अदालत समेत अन्य सरकारी विभागों में हिन्दी में काम करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन यह निर्देश कितने सिरे चढ़े यह बात सब जानते हैं। हम बात करें हिन्दी को सार्वजनिक रूप से प्रचारित, प्रसारित करने की तो शहर में नगर निगम की ओर से हिन्दी में साइन बोर्ड लगवाए जाते हैं। नेताओं, मंत्रियों, मंदिरों, गिरजाघरों और दिशाएं बताने के लिए जगह-जगह बोर्ड लगे हैं। इन बोर्ड में से अधिकांश बोर्ड पर हिन्दी को अशुद्ध रूप से लिखा गया है। यहां तक कि गुरुग्राम (गुड़गांव) शहर का नाम भी गलत लिखा हुआ है। वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन में प्रवेश करते ही कई साइन बोर्ड लगे हैं। इन पर गुरुग्राम व गुड़गांव का नाम लिखा है, लेकिन भाषा के दृष्टि से दोनों नाम अशुद्ध लिखे गए हैं। यहां एक बोर्ड मंडल आयुक्त कार्यालय का बोर्ड लगा है। इस पर लिखा है-कार्यालय आयुक्त गुडगांव, मण्डल गुडगाँव। अब देखिये इस बोर्ड पर दो बार लिखा गया शहर का नाम गलत है। खास बात यह है कि यह बोर्ड पिछले कुछ दिनों, महीनों में नहीं बल्कि कई साल पहले का लगा है। फिर भी किसी को इस इतनी बड़ी गलती को ठीक करने, कराने में दिलचस्पी नहीं रही। इसी तरह से सिविल लाइन में जिला उपायुक्त के निवास के बाहर बोर्ड लगा है, उस पर शहर का नाम-गुड़गॉव लिखा है। यह भी गलत है।



गुरुग्राम में नगर निगम द्वारा हिन्दी की अशुद्धियों वाले लगाए गए बोर्ड।

**गुड़गांव हो चुका है गुरुग्राम, बोर्ड पर नहीं बदला नाम :** गुड़गांव का नाम अधिकारिक तौर पर गुरुग्राम हो चुका है, लेकिन नगर निगम ने पुराने लबे साइन बोर्ड पर नाम नहीं बदला। इसी तरह से पुराने सोहना चौक का नाम बदलकर सिद्धेश्वर चौक सरकार की ओर से किया जा चुका है। इस चौक पर नगर निगम ने जो बोर्ड लगाया है, उस पर सिद्धेश्वर लिखने की बजाय अशुद्ध रूप से सिद्धेश्वर लिखा गया है। यही नाम अंग्रेजी में भी लिखा गया है, जो कि सिद्देश्वर लिखा गया है। यानी ना तो यह नाम हिन्दी में ही यही लिखा है और ना ही अंग्रेजी में। इस तरह से और भी कई साइन बोर्ड पर हिन्दी में अशुद्धियां लिखी हुई हैं।

**क्या साइन बोर्ड बनाने वालों के भरोसे है हिन्दी :** शहर में अशुद्धियों को देखकर लगता है कि नगर निगम में भाषा की अशुद्धियों को देखने वाला कोई नहीं है। सब कुछ साइन बोर्ड बनाने वालों के भरोसे ही छोड़ दिया जाता है। वैसे तो गुरुग्राम शहर दुनिया के लिए मॉडल शहर है, लेकिन यहां के साइन बोर्ड पर भाषा की अशुद्धियां यहां के सिस्टम सवाल खड़े करती है। सवाल उठता है कि क्या इन गल्तियों की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा या फिर कोई इन अशुद्धियों को गंभीरता से नहीं ले रहा। यह हाल तब है, जब इस जगहों पर दिन में कई अधिकारियों का भी आवागमन होता है।

### हिन्दी लिखने में विशेषज्ञों की मदद लें विभाग: डॉ. प्रवीन यादव

**सिधरावली** महाविद्यालय में हिन्दी के सहायक प्राध्यापक डा. प्रवीन यादव का कहना है कि किसी भी शहर में साइन बोर्ड दिशा दिखाते हैं। हिन्दुस्तान की भाषा हिन्दी है। अगर हिन्दी ही गलत लिखा जाएगा तो हम किसी को क्या सिखाएंगे। लोग गलत ही पढ़ेंगे। ऐसे में जरूरी है कि संबंधित विभाग हिन्दी में लिखे जाने वाले नामों को लेकर विशेषज्ञों, हिन्दी के जानकारों की मदद ले, ताकि अशुद्धियों की गुंजाइश ही ना रहे।

# गुरुग्राम में राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम शुरू

**गुरुग्राम।** साईबर अपराधों की चुनौतियों पर काबू पाने के लिए सरकार द्वारा गुरुग्राम में राज्य साईबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसे प्रभावी रूप से शुरू करने के पहले गुरुग्राम पुलिस के अधिकारी हैदराबाद स्थित साईबर अपराध समन्वय केंद्र में विशेष जानकारी लेने के लिए गए हैं।

गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा कि साइबर अपराधों व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए गुरुग्राम पुलिस सक्रियता से काम कर रही है। साईबर ठग आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों के साथ ठगी करने की वारादतों को अन्जाम देते हैं। जिनके कारण डिजिटल खतरे/साईबर ठगी के मामले लगातार विकसित हो रहे हैं। साईबर/डिजिटल अपराधों के मामले समाज व पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। गुरुग्राम में राज्य साईबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना एक उन्नत साईबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे की


आईपीएस दीपक गहलावत।

दिशा में एक नया कदम है। सरकार द्वारा साईबर अपराध समन्वय केन्द्र के माध्यम से डिजिटल युग की जटिल बारीकियों की समझ के साथ साईबर अपराध की चुनौतियों पर काबू पाने की पहल को सुव्यवस्थित और मजबूती प्रदान की जाएगी। इस केन्द्र द्वारा राज्य साईबर पुलिस स्टेशन व साईबर फोरेंसिक लैब को भी मजबूती मिलेगी।सीपी विकास अरोड़ा के मुताबिक राज्य साईबर अपराध समन्वय केन्द्र की स्थापना व स्टडी के लिए पुलिस उपायुक्त मुख्यालय गुरुग्राम दीपक गहलावत को चयनित किया गया है। दीपक गहलावत साईबराबाद (हैदराबाद) स्थित साईबर अपराध समन्वय केन्द्र के परिचालन की स्टडी करने के लिए टीम के साथ गुरुग्राम से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए हैं।

# महिलाओं खिलाफ अपराध रोकने में अब गुरुग्राम की क्राइम यूनिट्स भी करेंगी काम

### सीपी ने महिला विरुद्ध अपराधों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

### डीजीपी ने गुरुग्राम को सेफ सिटी प्रोजेक्ट में किया है चयनित

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए अधिकारियों की बैठक लेते पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा।

**महिला** सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सभी डीसीपी, एसीपी, महिला थानों के एसएचओ, महिला हेल्प डेस्क व दुर्गा शक्ति के पुलिसकर्मियों की क्राइम बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा द्वारा गुरुग्राम को सेफ सिटी प्रोजेक्ट में चयनित किया गया है। महिला सुरक्षा के प्रति पुलिसिंग को अधिक प्रभावी व बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महिला विरुद्ध अंकित कई मामलों में आरोपी शातिर किस्म के होते हैं। ऐसे अपराधी को पकड़ने में महिला थाना को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसे अपराधियों को पकड़ने के लिए क्राईम यूनिटों को भी लगाया जाएगा। सीपी ने कहा कि प्रत्येक दुर्गा शक्ति पीसीआर पर एक-एक मोबाईल नंबर उपलब्ध कराया जाएगा। इन मोबाईल नम्बर्स को एरिया के स्कूल, कॉलेज आदि में डिस्प्ले कराया जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी महिला/लड़की इस नम्बर पर कॉल करके पुलिस सहायता प्राप्त कर सके।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि महिला सुरक्षा गुरुग्राम पुलिस की प्राथमिकता है। इसलिए इस पर विशेष बल दिया जाए तथा त्वरित कार्यवाही कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि लम्बित परिवादों/केसों को शीघ्र निपटाएं। किसी भी परिवाद/केस में तत्परता से नियमानुसार कार्यवाही करें। महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने यह निर्णय भी लिया है कि पुलिस टीमें प्रत्येक महीने के दूसरे व चौथे गुरुवार को स्कूल/कॉलेज/संस्थानों/कंपनियों में जाकर महिला विरुद्ध अपराधों से बचाव व रोकथाम आदि बारे में जागरूक करेंगी। बैठक में सीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्ती से निर्देश देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्य करें। सभी शिकायतों/केसों की जांच कानून में दिए गए प्रावधानों के अनुसार निष्पक्षता से करें। सभी अपनी ड्यूटी का निर्वहन सच्ची निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण के साथ करें।

## हिंसा के दौरान युवक को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार अदालत ने भेजा जेल

**सोहना।** अपराध शाखा पांच पुलिस ने हिंसा के दौरान राहगिर युवक को गोली मारने वाले आरोपी की पहचान करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस के प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि 31 जुलाई को शहर के अंबेडकर चौक पर दो गुटों के नागरिकों में हिंसा जमकर पत्थराव व गोलियां चली थी। इस दौरान बाजार से जीम करके अपने घर जा रहा युवक को पैर में गोली लगी थी।

उक्त युवक को पैर में दर्द होने व चलने में असमर्थ होने पर अस्पताल में दाखिल कराया था। अस्पताल में उपचार के दौरान युवक को पता चला कि उसके पैर में गोली लगी है। यह गोली अज्ञात आरोपी द्वारा जान से मारने के इरादे से चलाई गई थी। लेकिन वह युवक के पैर में ही जाकर लगी और जख्म बना दिया था। पुलिस ने पीडित युवक की शिकायत पर दर्ज मामले के आधार पर आरोपी पहचान जिला नूंह निवासी मौहम्मद कैफके रुप में की है।

# धारुहेड़ा में भाजपा की मजबूती के लिए पहुंचे मानेसर मंडल के अल्पकालीन विस्तारक

### धारुहेड़ा मंडल बीजेपी कार्यालय पर आयोजित की गई बैठक

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**रेवाड़ी** जिला के धारुहेड़ा मंडल में भारतीय जनता पार्टी की मजबूती के लिए गुरुग्राम के मानेसर मंडल के अल्पकालीन विस्तारक की तैनाती हुई है। गुरुवार को विस्तारक धारुहेड़ा पहुंचे। मसानी गांव के अमर शहीद दीन दयाल जी के स्मारक पर पुष्प अर्पित करके संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य शुरू किया।

मंडल धारूहेड़ा कार्यालय पर मीटिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता धारूहेड़ा मंडल अध्यक्ष मनोज सैनी ने की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मेरा देश मेरा माटी, अल्पकालीन विस्तारक, पौधारोपण, सफाई अभियान, मेडिकल शिविर आदि पर चर्चा की गई। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मसानी के शहीद दीन दयाल जी के स्मारक से पवित्र मिट्टी को एकत्रित करके रेवाड़ी जिले के लिए एक साथ प्रस्थान किया। इस कार्यकम में गुरुग्राम जिले से पहुंचे अल्पकालीन विस्तारक भी साथ रहे।


धारुहेड़ा में शहीद स्मारक से पवित्र मिट्टी लेकर शहीद को नमन करते भाजपा के अल्पकालीन विस्तारक व अन्य कार्यकर्ता।

कार्यकर्ताओं में मंडल महामंत्री देवराज दामोदर, मंडल उपाध्यक्ष धर्मवीर, जिला सोशल मीडिया सहप्रमुख सावन सैनी, मीडिया प्रमुख रंजन प्रकाश, महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा वर्मा, अत्तर सिंह पांचाल, अध्यक्ष मानेसर देवेंद्र यादव, शालेंद्र, विजेंद्र, दौलत राम, सुखबीर कटारिया, रोशन लाल, भूपेंद्र, चंद्रभान, नरेंद्र, संजय कुमार, अजीत सिंह, यशवीर सिंह यादव विस्तारक, सुंदरलाल यादव विस्तारक, दयाराम विस्तारक, लक्ष्मण यादव विस्तारक, रामनिवास प्रजापत, देवा कुमार रहे। विस्तारक सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम सब एक ऐसे संगठन के सिपाही हैं, जो कि देश-प्रदेश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ काम कर रहा है। हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान भारतीय जनता पार्टी में दिया जाता है। विस्तारक के रूप में उन्हें जो ड्यूटी मिली है, वे उसे पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। इससे पहले राजस्थान में भी वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करके आए हैं।

# पीएम स्वनिधि योजना के निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितंबर तक पूरा करें: पीसी मीणा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निगमायुक्त पीसी मीणा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को दुरुस्त करने की समीक्षा के दौरान शहर में स्ट्रीट लाईट संचालन सही प्रकार से रहे, इसके बेहतर प्रबंध करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाईटों से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए नगर निगम की ओर से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पीएम स्वनिधि की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित लक्ष्यों को 30 सितम्बर तक पूरा करें। इसके लिए आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, निवर्तमान निगम पार्षदों सहित शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग लेकर विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाएं। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में अगर किसी की फाइल को निरस्त किया जाता है तो उसका उचित कारण होना चाहिए।


गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेते जीएमडीए के सीईओ एवं निगमायुक्त पीसी मीणा।

**पीएम स्वनिधि योजना का अब ये लोग भी ले सकते हैं लाभ :** अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा लाभ पात्रों की श्रेणी को बढ़ा दिया गया है। अब समाचार पत्र हॉकर, लॉन्ड्री का कार्य करने वाले, केबल टीवी ऑपरेटर, साइकिल मरम्मत करने वाले, कारपेंटर, कोरियर सर्विस, हेयर ड्रेसिंग, ताले-चाबी का कार्य करने वाले, मोची, गाड़ियों की सफाई करने वाले, पैकिंग व पैकेजिंग का कार्य करने वाले, जूते पॉलिश करने वाले, ऑटोमोबाइल सर्विस, कपड़े डाई करने वाले, बुक बाईंडिंग, टैंट तथा फोटोकॉपी व लेमीनेशन संबंधी कार्य करने वाले भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी अमृत वाटिका

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**कस्बा** जहांगीरपुर के महाराज अग्रसेन इंटर कॉलेज, ब्रह्मा देवी अमीचंद कन्या इंटर कॉलेज व दयानतपुर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दयानातपुर के इंटर कॉलेज में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मंजीत सिंह ठाकुर के साथ भाजपा आईटी जिला संयोजक चन्द्रमणि भारद्वाज ने प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी के सानिध्य में छात्र-छात्राओं को देशव्यापी मेरी माटी-मेरा देश अभियान के बारे में जानकारी दी। शहीदों को नमन करते हुए घर-घर से लायी माटी को अमृत कलश में एकत्रित कराया। मुख्य वक्ता चन्द्रमणि भारद्वाज ने कहा कि आजादी के स्वर्णकाल (शताब्दी वर्ष) में देश के गुमनाम अमर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए गांव-गांव, घर घर से भी माटी को अमृत कलश में एकत्र कर उसे गांव में बनाए गई अमृत वाटिका में रखकर पंच प्रणों की शपथ ली जा रही है। 7500 कलश में लायी जा रही मिट्टी को मिलाकर देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेशनल वार मेमोरियल के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। ये अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। हमें अपनी देश की माटी से जुड़ने का यह एक सुअवसर है। चंद्रमणि भारद्वाज ने सभी अध्यापकों, छात्र छात्राओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई। युवा नेता मंजीत ठाकुर ने बताया कि हमें अपने शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए। आने वाली पीढ़ी को यह अमृत वाटिका हमेशा याद दिलाएगी कि कैसे हमें आजादी मिली, जिन शहीदों ने हमें अपने प्राणों की आहुति दे कर स्वतंत्रता दिलाई हमें उन्हें हमेशा याद रखना चाहिए आज हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में सम्मान स्वरूप माटी कलश लेकर शामिल भारतीय जनता पार्टी के नेता।

## दहेज में दो लाख व कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता घर से निकाला

**तावडू।** दहेज में दो लाख रुपए नकद और कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है।शहर थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के छ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2012 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार नगर की रहने वाली मनीषा शर्मा की शादी इस्माइलपुर खैरथल निवासी गौरव शर्मा के साथ हुई थी।शादी में उनके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक सभी प्रकार का जरूरी घरेलू सामान,सोने चांदी के आभूषण, 51 हजार रुपए नकद सहित मोटरसाइकिल दहेज में दी थी।

# श्री हनुमान जन्म भूमि किष्किंधा से निकली विशाल रथ यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**कर्नाटक** के हम्पी किष्किंधा पर्वत से चली हनुमान जी की विशाल रथ यात्रा का दिल्ली के पास बदरपुर गांव में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा और जय हनुमान, वीर हनुमान और जय श्रीराम के नारों के साथ महौल को भक्तमय बना दिया। स्वाभिमान देश का (संगठन) के अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी जी क द्वारा निकाली गई रथ यात्रा में भगवान हनुमान के साथ उनकी माता अंजनि, राम-सीता, लक्ष्मण और वीरूपाश की प्रतिमा भी विराजमान रही। साथ ही, यात्रा के दौरान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से लाई गई भगवान राम की चरण पादुकाओं का भी पूजन किया गया।

स्वाभिमान देश का (संगठन) के अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी जी की भगवान हनुमान की यह विशाल रथ यात्रा 12 साल तक चलेगी जिसमें वे 29 राज्यों से होते हुए एक लाख किलोमीटर का सफर तय करेंगे।



सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी की ओर से आयोजित इस विशाल रथ यात्रा का गांव बदरपुर में भव्य स्वागत किया गया। केसरिया पताका हाथों में थामे हजारों लोग इस रथ यात्रा में शामिल हुए। हर रास्ते-चौराहों पर हनुमान और राम के नारों से आसमान गूंजता रहा। स्वाभिमान देश का (संगठन) के अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी की ओर से आयोजित इस विशाल रथ यात्रा जहां से भी यात्रा निकल रही थी, भक्तों के जुड़ने का सिलसिला जारी रहा। मीठापुर चौक से लवकुश चौक, नाला रोड, टंकी रोड से होती हुई अटल पार्क पहुंची जहां भव्य हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। इस पाठ में हजारों की संख्या में भक्त जुड़े। पाठ के दौरान भक्त भाव विभोर हो उठे। गौरतलब है कि भगवान हनुमान की विश्व की सबसे ऊंची 705 फीट की प्रतिमा विराजित करके किष्किंधा में भव्य मंदिर बनाया जाएगा।

स्वाभिमान देश का (संगठन) के अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी की ओर से आयोजित इस विशाल रथ यात्रा का उद्देश्य हनुमान जी के प्रमाणिक जन्म स्थान किष्किंधा के नीचे विशाल हनुमान मंदिर का निर्माण करवाना है। इस मंदिर का निर्माण साल 2032 तक पूरा होगा। वर्तमान में किष्किंधा पर्वत शिखर पर एक छोटा मंदिर स्थित है। यहां गर्भ गृह में माता अंजना की गोद में हनुमान लला की प्रतिमा स्थापित है। पर्वत के शिखर पर मंदिर का विस्तार स्थान नहीं होने के कारण पर्वत के नीचे 10 एकड़ में एक विशाल मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा।

## ऑटो में मोबाइल नंबर, घर का पता व ड्राइवर की फोटो भी लगाने के निर्देश


गुरुग्राम में ऑटो चालकों की बैठक लेते पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज।

**गुरुग्राम।** महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गुरुग्राम यातायात पुलिस ने जिला के ऑटो चालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने ऑटो में ऑटो का नंबर, मोबाइल नंबर, घर का पता व अपनी फोटो लगाएं। साथ ही सभी तरह के ऑटो के आगे व पीछे पुलिस द्वारा दिए हुए सीरियल नंबर लगाना भी अनिवार्य होगा। जो भी ड्राइवर ऑटो चलाएगा, उसकी पुलिस वेरिफिकेशन कराना भी जरूरी है।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त ट्रेफिक विरेंद्र विज द्वारा गुरुग्राम में संचालित सभी ऑटो यूनियनों के प्रधानों की बैठक ली गई। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य से सभी ऑटो यूनियन प्रधानों, ड्राइवरों/मालिकों को ऑटो का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के बारे मे निर्देश दिए हैं। इस मीटिंग में गुरुग्राम के लगभग 70 यूनियन प्रधान ने हिस्सा लिया। सभी ऑटो यूनियन के प्रधानों को बताया गया कि अगर कोई भी ड्राइवर या सवारी संदिग्ध लगे तो उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस दौरान सभी ऑटो यूनियन के प्रधानों को सुरक्षा की दृष्टि से सजग रहने के लिए बतलाया गया और सभी ऑटो ड्राइवरों/मालिकों का पता व अन्य विवरण एक रजिस्टर में रखने का निर्देश दिया। इस रजिस्टर में सभी का इंद्राज करना और पूर्ण विवरण यातायात पुलिस के साथ साझा करना आवश्यक होगा।

# शहर में बढ़ते बंदरों के आतंक से नागरिक घरों में कैद,10 वर्षीय बच्ची पर किया हमला

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**शहर** में उत्पाती बंदरों का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है। वार्ड-18 में बंदर ने 10 वर्षीय किशोर पर हमला कर जख्मी किया। शहरवासी नगर परिषद प्रशासन पर उत्पाती बंदरों की धड़पकड़ कराने में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे है। शहर के आम रास्ते से लेकर गली मौहल्ला, चौक-चौराहा, मकान छत से लेकर रसोई तक बंदरों का आतंक छाया हुआ है।

दिन तो क्या निवासी निवासी रात के समय में भी अपने मकान की छत पर जाकर बैठने का तरस रहे है। क्योकि न पता बंदरों का टोली किस दिशा से निकलकर उन तक पहुंच जाए। शहरी क्षेत्र की करीब 50 कॉलोनियों में बंदरों का पूरा आतंक छाया हुआ है। महिलाएं घर की रसोई में भी परिजन को बाहर बैठकर खाना बनाती है। जिसका कारण बंदर अब मकान की छत तो क्या घर की रसोई में अपनी भूख मिटाने के उद्देश्य से घुस आते है।


बुधवार को बंदर के हमले से जखमी 10 वर्षीय किशोरी का पैर।

कुछ न देने पर बंदर हमला करने में सैकेंड लगाते है। शहर निवासी महिला राखी लोहिया ने बताया कि पहले मकान की खाली छत पर गेहूं, कपड़े या मशालों को धूप में सूखाने के लिए रख दिया जाता था। लेकिन अब मकान के अंदर यदि दरवाजे खुला रह भी जाता है। बंदर हमला करने से बाज नहीं आ रहे है।

**10 वर्षीय किशोरी पर हमला :** बुधवार को शहर के वार्ड-18 निवासी 10 वर्षीय दृष्टि अपना बैग लेकर ट्यूशन जाने के लिए घर निकल गली में जा रही थी। तब तुरन्त 4-5 बंदरों की टोली आई और एक बंदर ने दृष्टि जैन पर हमला कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर आस पास के घरों से नागरिक निकलकर बाहर आए और उन्होने बंदरों से दृष्टि को बचाया। जिसका नागरिक अस्पताल में ले जाकर उपचार दिलवाया।

**जुलाई माह में पकड़ें 527 बंदर :** शहर में 31 जुलाई के बाद से उत्पाती बंदरों को कपडने का कार्य बंद है। जुलाई माह में ठेकेदार शहीद की टीम ने शहर के अलग-अलग वार्डों में पिंजरा लगाकर 527 बंदरों को पकड़ा था। जिन्हे जिला नूंह के शहर फिराजेपुर झिरका से लगती अरावली पहाड़ी में छोड़ा गया था।

31 जुलाई को शहर बाईपास चौक पर हुई हिंसात्मक घटना के बाद से उसने बंदरों को पकड़ने का अभियान को रोक दिया है। नगर परिषद की तरफ से अभी तक उसे बंदरों को फिर से पकड़ने के लिए कहा नही गया है। जिस दिन उसे परिषद अधिकारियों से आदेश मिलने पर अभियान को शुरु कर दिया जाएगा। **(शहीद-ठेकेदार)**

# आईटीआई में लगे शिक्षुता व रोजगार मेले में 120 छात्र हुए शॉर्टलिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कौशल** विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की नोडल आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए गुरुवार को शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई पलवल में किया गया।

इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में फरीदाबाद व पलवल के औद्योगिक क्षेत्रों के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया। जिनमें मुख्यत: हैवेल्स इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद, एबीबी इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद, डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला, शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला, बायोमेड हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड पृथला, एवीएस इंटरनेशनल पलवल, टेकनिको इंटरनेशनल बावल, न्यू टेक ग्रुप सीकरी इत्यादि शामिल रहे।



प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल भगत सिंह ने बताया है कि इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में 224 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लेकर 120 आईटीआई पास छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनको उद्योगों में आने का समय दिया गया। चार छात्रों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया।जिन उद्योगों ने छात्रों को शॉर्ट लिस्ट किया उनमें हैवेल्स इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद ने 31, एबीबी इंडिया लिमिटेड फरीदाबाद ने तीन, डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 21, शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 14, बायोमेड हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 13, एवीएस इंटरनेशनल पलवल ने 11, टेकनिको इंटरनेशनल बावल ने 10, न्यू टेक ग्रुप सीकरी ने 17 आईटीआई पास शुदा छात्र-छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया।

> **सरकार** एवं निदेशालय के आदेश अनुसार आईटीआई पलवल में शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पास शुदा छात्र छात्राओं को रोजगार एवं शिक्षुता पर लगाया जा सके।
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**

# ऑटो चालक की पड़ोसियों ने पीट-पीटकर की हत्या

### पड़ोसी पिता-पुत्रों के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हंसापुर** गांव में ऑटो चालक की पीट पीटकर हत्या कर दी। बुधवार रात 11 बजे वह जैसे ही अपने ऑटो को लेकर घर पहुंचा, तभी गांव के पड़ोसी व उसके दो बेटों ने पीट-पीटकर ऑटो चालक की हत्या कर दी। चांदहट थाना पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर पिता व उसके दो बेटों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, हंसापुर गांव निवासी उदयपाल ने दी शिकायत में कहा कि वह कंपनी में नौकरी करता है। उसका पिता 48 वर्षीय खेमचंद ऑटो चलाकर अपने परिवार का लालन-पालन करता था। पीड़ित का आरोप है कि उसके पिता खेमचंद रोजाना की तरह रात करीब 11 बजे अपने ऑटो को लेकर आए और घर के बाहर ऑटो को खड़ा करके बंद कर दिया। पिता के आने पर रोजाना की तरह वह बाहर निकला।



उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले राजेंद्र व उसके बेटे सुरेंद्र और ध्यान सिंह उसके पिता के पास पहुंचे। सुरेंद्र ने ईंट उठाकर उसके पिता के सिर पर दे मारी। जिससे उसके पिता बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। उसके बाद वहां खड़े उसके भाई ध्यान सिंह व पिता राजेंद्र ने डंडा व लातों से पीटना शुरू कर दिया।

झगड़ा होता देख उसने शोर मचा दिया तो वह और उसके चाचा धानू और चरण सिंह, मां मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित तुरंत अपने पिता को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने झगड़े में लगी चोटों के कारण उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर राजेंद्र व उसके दोनों बेटे सुरेंद्र व ध्यान सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दहेज के कारण पत्नी को फांसी लगाकर मारा

**पलवल।** दहेज में गाड़ी-पैसों की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या कर दी। जिसके बाद आरोपी अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। कैंप थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति सहित दो के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, जिला नूंह के छपेड़ा गांव निवासी दलबीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बेटी रूबी की शादी रोनिजा गांव निवासी अनिल पुत्र हुकम के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में नकद पैसों व गाड़ी की मांग कर उसकी बेटी को परेशान करने लगे। जिसके चलते 12 सिंतबर को रूबी को पति अनिल व राजेंद्र ने फांसी लगा दी।

सूचना मिलने पर पीड़ित रोनिजा गांव पहुंचे और रूबी को उपचार के लिए अस्पताल ले आए, लेकिन वहां रूबी की मौत हो गई। दोनों पक्षों में राजीनामा की बात चल रही थी। इसी दौरान ससुरालियों ने रूबी के दाह संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी। मृतका के पिता दलबीर ने इसकी सूचना फोन पर कैंप थाना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर रोनिजा गांव पहुंच गई। पुलिस ने रूबी के शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

# मेले में विमुक्त घुमंतु वर्ग के 64 लोगों ने उठाया लाभ

### सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए गांव सैंडोली में लगाया मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग, अंत्योदय विभाग तथा कल्याण विभाग पलवल द्वारा विमुक्त घुमंतु वर्ग के नागरिकों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से गांव सैंडोली में मेले का आयोजन किया गया। एक महीने के लिए लगाए जाने वाले इन मेलों के पहले दिन विमुक्त घुमंतु जाति वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया गया।

एडीसी साहिल गुप्ता ने मेले की जानकारी देते हुए बताया कि गांव सैंडोली में लगाए गए इस मेले में विमुक्त घुमंतु वर्ग के 64 ग्रामीणों को जिला कल्याण विभाग की योजनाओं के साथ-साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान-पत्र, वोटर कोर्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया। मेले में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, क्रिड विभाग आदि संबंधित विभागीय कर्मियों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार द्वारा दी जा रही सेवा-सुविधाओं अथवा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा सरकार द्वारा दी जा रही अन्य सुविधाओं के बारे में भी विमुक्त घुमंतु जाति वर्ग के लोगों को जानकारी दी गई। उन्होंने आमजन मानस से अपने संबंधित खंड में लगाए जाने वाले मेलों में निर्धारित तिथि व समय पर पहुंचकर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

उन्होंने बताया कि गांव पेंगलतू के सरकारी स्कूल में 21 सितंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग तथा 22 सितंबर को सभी वर्ग, होडल के थाना के नजदीक स्थित सरकारी स्कूल में 27 सितंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व 28 सितंबर को सभी वर्ग, सोंदहद के प्राइमरी स्कूल में चार अक्टूबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग तथा पांच अक्टूबर को सभी वर्ग के लिए मेला लगाया जाएगा। वहीं पिंगोड़ के सरकारी स्कूल में 11 अक्टूबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग तथा 12 अक्टूबर को सभी वर्ग, मर्रोली के सरकारी स्कूल में 18 अक्टूबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व 19 अक्टूबर को सभी वर्ग, बीडीपीओ कार्यालय हथीन में 25 अक्टूबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व 26 अक्टूबर को सभी वर्ग के लिए मेला लगाया जाएगा। बसंतगढ के सरकारी स्कूल में आठ नवंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग व नौ नवंबर को सभी वर्ग, गांव रसूलपुर के सरकारी स्कूल में 15 नवंबर को विमुक्त घुमंतु वर्ग और 16 नवंबर को सभी वर्ग, गांव अमरपुर के सरकारी स्कूल में 22 नवंबर को लगाया जाएगा।

# आंगनबाड़ी वर्कर को औषधीय पौधों के बारे में जानकारी होना जरूरी

**पलवल।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में छठा राष्ट्रीय पोषण माह 30 सितंबर तक मनाया जा रहा है। पोषण माह के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयुष विभाग के सहयोग से योग के कार्यक्रम करवाए गए। इस श्रृंखला में आयुष विभाग के सहयोग से आंगनबाड़ी वर्कर के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें आयुष विभाग से डॉ. इरफान खान, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. रूचि, डॉ. सूरजभान ने एनीमिया के लक्षण, एनीमिया की कमी से होने वाले रोग और एनीमिया की रोकथाम में उपयोगी घरेलु अथवा हमारे आस-पास मौजूद औषधीय पौधों के उपयोग व इनके गुणों के बारे में जानकारी दी। आयुष अधिकारी डॉ. इरफान खान ने बताया कि एनीमिया कुपोषण का मुख्य कारण है। इसे आयुर्वेद में उपलब्ध पंचकर्म चिकित्सा द्वारा खत्म किया जा सकता है। उन्होंने एनीमिया को दूर करने के लिए गुड़-चना, आंवले, खजूर आदि का सेवन करने के बारे में जागरूक किया। आयुष विभाग के डॉ. सतीश शर्मा ने आयुर्वेद में रस धातु का अधिक से अधिक सेवन करने पर जोर दिया। उन्होंने एनीमिया एवं कुपोषण में औषधीय पौधों एवं औषधि जैसे हरड़, बहेड़ा, आंवला, नगरमोठा, लोह शतावरी, मुलेठी आदि का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। डॉ. रूचि ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी वर्कर को औषधीय पौधों के बारे में जानकारी होना जरूरी है। गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली माताओं के लिए उन्होंने चकुंदर, अनार, आंवला, अंगूर आदि के रस का सेवन करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके अलावा छोटे बच्चों में पेट के कीड़ों के लिए घर में उपलब्ध अजवायन का चूर्ण गुड़ के साथ लेने के बारे में सलाह दी गई। उन्होंने सब्जियों को सिल्वर या अन्य बर्तन में पकाने के स्थान पर मिट्टी या लोहे की कढ़ाही में बनाने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि इनमें सारे पोषक तत्व मौजूद रहते हैं। हर घर में तुलसी, नीम व गिलोय का पौधा लगाने के साथ-साथ अपने आस-पास और अपने शरीर की साफ-सफाई रखने पर भी प्रकाश डाला। पोषण अभियान के जिला समन्वयक राजेंद्र डागर ने वेबिनार में सभी आयुष अधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा दी गई अमूल्य जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया। इस वेबिनार में 100 सुपरवाइजर एवं आंगबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




# सरस्वती महिला कॉलेज में काव्य कलश प्रतियोगिता का आयोजन

**पलवल।** गुरुवार को सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता काव्य कलश का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा सिंगला प्राचार्य जीजी डी एसडी कॉलेज पलवल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि डॉ. शशि मंगला, डॉ. रानी सांगवान, डॉ. सुमन रानी, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, हिंदी विभागाध्यक्ष अनिता देवी, सहायक प्राध्यापिका डॉ. अमरवती व देविका शर्मा ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों का स्वागत डॉ. अमरवती व देविका शर्मा ने किया। प्रतियोगिता का प्रारंभ सरस्वती वंदना व गीत की प्रस्तुति करके किया गया। इस प्रतियोगिता में अन्य महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. शशि मंगला, डॉ. रानी सांगवान व डॉ. सुमन रानी ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संध्या बीए प्रथम वर्ष सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल, द्वितीय स्थान शिवानी, बीबीए द्वितीय वर्ष सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल, तृतीय स्थान प्रिया ने प्राप्त किया।

# विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस

### सोते समय बहुत पसीना आना लिंफोमा के हो सकते हैं लक्षण : डॉ. सनी जैन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** साल 15 सितंबर को विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में मैरिंगो एशिया अस्पताल से आंकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. सनी जैन बताया कि हमारे शरीर में मौजूद लिंफ नोड्स शरीर को किसी भी इंफेक्शन से लड़ने के लिए तैयार करती हैं। गला खराब होने पर गले पर कुछ गांठें बन जाती हैं, इन गांठों को लिंफ नोड्स कहते हैं। जब लिंफ नोड्स में अत्यधिक मात्रा में कोशिकाएं बननी शुरू हो जाती हैं तो इन लिंफ नोड्स का आकार बढ़ने लगता है, जबकि शरीर में कोई इंफेक्शन नहीं होता। अगर इंफेक्शन में लिंफ नोड्स बढती है तो कोई समस्या नहीं है, लेकिन बिना इंफेक्शन के लिंफ नोड्स बढती है तो इसे लिंफोमा कहा जाता है। लिंफोमा ब्लड कैंसर का ही एक रूप है। महीने में ओपीडी में लगभग 4-5 मरीज लिंफोमा के आ जाते हैं।

अगर मरीज को बुखार, बिना किसी कारण शरीर का वजन घटना और रात में सोते समय बहुत ज्यादा पसीना आना लिंफोमा की ओर इशारा करता है। शरीर में गर्दन, बगल और थाई पर गांठ बनना आदि भी लिंफोमा का संकेत होती हैं। स्मोकिंग, अल्कोहल का सेवन, एनवायर्नमेंटल एक्सपोजर, ऑक्यूपेशनल हजार्ड (व्यावसायिक खतरा) को इसके लिए जिम्मेवार माना जाता है। लिंफोमा कैंसर के दो प्रकार होते हैं- नॉन-हॉजकिन और हॉजकिन। हॉजकिन लिंफोमा आमतौर पर बच्चों में पाया जाता है, जबकि नॉन-हॉजकिन लिंफोमा 24-40 साल के लोगों में देखने को मिलता है। नॉन-हॉजकिन और हॉजकिन का इलाज बहुत ही कारगर है। इसमें चार स्टेज होती हैं।



आमतौर पर इस रोग का इलाज कीमोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी देकर किया जाता है। स्टेज एक की ठीक करने की दर लगभग 95-98 प्रतिशत होती है, स्टेज दो की ठीक करने की दर लगभग 85-90 प्रतिशत होती है। स्टेज-3 में लगभग 70-75 फीसदी और स्टेज-4 में लगभग 60-65 फीसदी बीमारी दूर हो जाती है। जितनी जल्दी बीमारी का पता चलेगा, इलाज उतना ज्यादा अच्छा होगा।

इलाज करने के लिए या तो कीमोथेरेपी या कीमोथेरेपी+टार्गेटेड थेरेपी दी जाती है। टार्गेटेड थेरेपी बीमारी की डायग्नोसिस पर निर्भर करती है। बीमारी का पता करने के लिए लिंफ नोड्स की बायोप्सी टेस्ट बहुत जरूरी होता है। बोन मैरो का भी बायोप्सी टेस्ट किया जाता है। लिंफोमा की स्टेज का पता करने के लिए सारे शरीर का पीईटी स्कैन (पॉजट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) किया जाता है। लिंफोमा का इलाज मुख्य तौर पर कीमोथेरेपी या कीमोथेरेपी+टार्गेटेड थेरेपी, रेडियोथेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट द्वारा किया जाता है। शुरुआत में मरीज को कीमोथेरेपी या टार्गेटेड थेरेपी दी जाती है। अगर फिर भी मरीज की गांठ बच जाती हैं तो फिर इंवॉल्वड फील्ड रेडियोथेरेपी (आईएफआरटी) दी जाती है। अगर किसी मरीज को कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी से आराम नहीं मिलता है तो उनमें बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने की सलाह दी जाती है।

# पलवल व धौलागढ़ के अवैध निर्माण पर फिर पीला पंजा चला



**पलवल।** जिला नगर योजनाकार पलवल द्वारा पलवल व धौलागढ़ में तीन कॉलोनियों लगभग 7-8 एकड़ में पनप रही तीन नई अवैध कॉलोनियों में 20 डीपीसी, तील बाउंड्रीवाल, खंभे व 600 मीटर रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र अधिनियम 1975 के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे।

तोड़फोड़ की इस कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार पलवल नरेंद्र नैन द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं।

उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी व निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी व निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लूटपाट व मारपीट के आरोपी पर कसा शिकंजा



**पलवल।** थाना चांदहट पुलिस ने लूटपाट व मारपीट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना चांदहट प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद के अनुसार मामले में 21 जुलाई को संदीप निवासी बड़ौली ने अपनी दी शिकायत में बताया कि गांव के ही दो लड़के विकास व विवेक आवारा टाइप के हैं। वो लड़के उसके पिताजी रामकुमार को कई बार रोकने की कोशिश करते थे। जिन्होंने उसके पिता रामकुमार को दिनांक 19 जुलाई को बड़ौली ब्लॉक के दफ्तर के सामने रुकवाया व पांच हजार रुपये छीने व एतराज करने पर उसके पिता को बेरहमी से पीटा और दोनों ने पुलिस कार्रवाई कराने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसआई जयकिशन के नेतृत्व में जांच इकाई ने वारदात में शामिल आरोपी विकास को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से छीने गए रुपयों में से 500 रुपये बरामद किए गए।

### महिला विरुद्ध अपराध पर सेमिनार का किया आयोजन



**पलवल।** पुलिस कार्यालय पलवल के सभागार कक्ष में जिला पलवल पुलिस के प्रत्येक थाना से अनुसंधान अधिकारियों को कानून तथा अपराध की बारीकियों से जागरूक कराने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में राजेश्वर कौशिक, डीडीए द्वारा पुलिस अनुसंधान अधिकारियों को महिला विरुद्ध अपराध तथा पोक्सो अपराध की बारीकियों के बारे में अवगत कराया गया। अनुसंधानकर्ताओं को कानून द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार अनुसंधान कर पीड़ित को न्याय दिलाने की बारीकियों से रूबरू कराया गया, ताकि पीड़ित को समय पर सही न्याय मिल सके।

### आज किया जाएगा बधिरता शिविर का आयोजन



**पलवल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में जिला नागरिक अस्पताल पलवल में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग व नोडल अधिकारी डॉ. रामेश्वरी के नेतृत्व में 15 सितंबर को बधिरता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ईएनटी सर्जन डॉ. दीप किशोर व डॉ. शिल्पी अरोड़ा द्वारा बच्चों के कान से संबंधित बीमारियों की जांच व चिकित्सा की जाएगी। शिविर में 18 वर्ष तक के आंगनबाड़ी व सरकारी स्कूलों के बच्चों के कान में सूजन, कान का बहना, कम सुनाई देना, बहरापन, जन्मजात बहरापन का इलाज किया जाएगा। शिविर में जांच किए गए चिन्हित बच्चों की आवश्यकतानुसार सर्जरी भी की जाएगी। उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि ढाई वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क कोक्लियर इंप्लांटेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 से 24 सितंबर तक बधिरता सप्ताह मनाया जाएगा।

### केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में मनाया हिंदी दिवस



**पलवल।** गुरुवार को केसीएम पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाते हुए कक्षा नौवीं की छात्रा तमन्ना और यशवी ने मंच संचालन किया। कक्षा नौवीं की छात्रा जागृति ने समाचारों की प्रस्तुति दी व निशा ने हिंदी भाषा के ऊपर अपने सुविचार प्रस्तुत किए व गुरु में संसार समाया विषय पर गीत की प्रस्तुति दी। कक्षा नौवीं के ही छात्र विपिन ने हिंदी के दोहों की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। हिंदी दिवस के उपलक्ष में एक लघु नाटिका तथा मेहनत के महत्व को दर्शाते हुए एक नाटक की प्रस्तुति की गई। कक्षा नौवीं की छात्राओं लवलीना, मंजू, तनीषा, भावना ने नृत्य की प्रस्तुति दी। हिंदी भाषा के माध्यम से ही हम अपने विचारों को दूसरों तक सुलभ तरीके से पहुंचा सकते हैं। पदमा वाधवा ने हिंदी दिवस के ऊपर एक भाषण की शानदार प्रस्तुति दी व विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देव दत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई दी व हिंदी को जन-जन की भाषा बताया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन हिंदी के अध्यापक लतेश व तेजराम की देखरेख में हुआ।

### पौधारोपण कर पौधों की देखभाल करना पुण्य का कार्य



**फरीदाबाद।** राजकीय बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य चंद्र प्रकाश द्वारा प्रोत्साहित बच्चे पौधारोपण तो कर ही रहे हैं, साथ ही उनकी देखभाल पर भी ध्यान दे रहे हैं। प्राचार्य चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में बच्चे, जिन्होंने पौधे लगाए हैं, अपने लगाए पौधों को नियमित रूप से खाद पानी देकर उन्हें बढ़ता हुआ देख रहे हैं। उन बच्चों का कहना है कि जब उनके लगाए पौधे बड़े होकर वृक्ष बन जाएंगे तो उनके बाद जो स्कूल में बच्चे आएंगे वह पेड़ों की सुखद ठंडी छांव में बैठेंगे, उनके फल खाएंगे तो उनका मनोरथ सिद्ध हो जाएगा। वृक्ष से हमें ऑक्सीजन तो मिलती है, पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। इस नेक कार्य में विद्यार्थी सुमित, आकाश, अभिषेक, केशव, कृष और प्रवीण की अहम भूमिका रही है। इन विद्यार्थियों के सुंदर कार्य को देखकर स्कूल के अन्य छात्र भी प्रोत्साहित होकर पर्यावरण बचाओ पौधे लगाओ अभियान में लग गए हैं। स्कूल के प्राचार्य चंद्र प्रकाश बच्चों को संबोधित करते रहते हैं और पर्यावरण से जुड़ने के लिए कहते रहते हैं। आज का विद्यार्थी कल देश का अच्छा नागरिक बने, जिसके लिए समय-समय पर सामाजिक अभियान स्कूल में चलाए जाते रहते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 सितम्बर, 2023



# किम की रूस यात्रा

## सैन्य गठजोड़ का खतरा

**किम जोंग उन** की रूस यात्रा ने पश्चिम में खतरे की घंटियां बजा दी हैं क्योंकि इससे गोपनीय 'सैन्य गठजोड़' की संभावना पैदा हुई है। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने सभी महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की उपस्थिति में चर्चा वाले जी20 सम्मेलन में भाग नहीं लिया, पर उन्होंने व्लादीवोस्तक में उत्तर कोरिया के 'सर्वोच्च नेता' किम जोंग उन से मुलाकात की है। हवाई उड़ान से डरने वाले उत्तर कोरियाई तानाशाह ने अपनी बुलेटप्रूफ व भारी हथियारों से लैस निजी ट्रेन में यात्रा की। यह इतनी भारी है कि 59 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक गति नहीं पकड़ सकती है। दुनिया, खासकर कोरियाई प्रायद्वीप के हिस्से और पश्चिम को कम्युनिस्ट देशों के बीच सैन्य गठजोड़ की आशंका है जिसके क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे। हालांकि, इस यात्रा को आधिकारिक रूप से 'राजनयिक मिशन' कहा गया है, पर उत्तर कोरिया की राजनीति तथा रूस के साथ उसके संदिग्ध गठजोड़ से संभावित सैन्य समझौते का खतरा पैदा होता है। दोनों देशों के बीच राजनयिक, आर्थिक व सैनिक सहयोग का जटिल इतिहास है। शीतयुद्ध के दौरान सोवियत संघ ने उत्तर कोरिया का आर्थिक व सैनिक समर्थन किया था। लेकिन 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद उनमें कमी आई क्योंकि रूस घरेलू बदलावों पर ध्यान दे रहा था। हालिया वर्षों में रूस ने द्विपक्षीय संबंध पुनर्जीवित करने के प्रयास किए हैं। किम की यात्रा उन व्यापक प्रयासों का हिस्सा है जिससे दोनों देश अपने संबंधों में पुन: ऊर्जा भर कर सैनिक सहयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं।



किम की यह रूस यात्रा अपने समय व संदर्भ के कारण उल्लेखनीय है। यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब उत्तर कोरिया अपनी नाभिकीय महत्वाकांक्षाओं, आर्थिक प्रतिबंधों व मानवाधिकार उल्लंघनों के कारण अंतरराष्ट्रीय अलगाव की स्थिति में है। दूसरी ओर रूस वैश्विक मंचों पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है और इसके लिए वह साझा हितों वाले देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। प्रतिबंधों तथा यूक्रेन युद्ध के कारण हुए नुकसान के बावजूद रूस अब भी एक महाशक्ति है और वह उत्तर कोरिया की अनेक प्रकार से सहायता कर सकता है। इसमें हथियारों की सप्लाई भी शामिल है जो दक्षिण कोरिया तथा दक्षिणपूर्व एशिया में गंभीर चिन्ता का कारण है। इन देशों के बीच संभावित सैनिक सहयोग से दक्षिणपूर्व एशिया में नाजुक शक्ति संतुलन अस्थिर हो सकता है तथा उत्तर कोरिया को नाभिकीय शस्त्र-विहीन करने के प्रयास बाधित हो सकते हैं। किम की यात्रा से उत्तर कोरिया व दक्षिण कोरिया के बीच जारी वार्ता तथा उत्तर कोरिया व अमेरिका के बीच वार्ता बहाल करने के प्रयास प्रभावित हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय संभावित प्रभाव का पता लगाने के लिए पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे है। दोनों देशों, खासकर रूस के लिए राजनय व सतर्कतापूर्ण वार्ता विकसित होती स्थितियों के प्रबंधन तथा क्षेत्र में स्थायित्व के लिए जरूरी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि किम की यात्रा का दुहरा उद्देश्य है। वे उत्तर कोरिया के हथियारों का आधुनिकीकरण कर उनका निर्यात रूस को करना चाहते हैं। हालांकि, उत्तर कोरिया से रूस को हथियारों का किसी प्रकार का हस्तांतरण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अनेक प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। लेकिन दोनों देशों को इसकी चिन्ता नहीं है और यह गठजोड़ एक नए 'दुष्ट गठबंधन' की नीव डाल सकता है।

# जी-20 से विनिर्माण को बढ़ावा

**भारत ने सफलतापूर्वक दुनिया की विकसित औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं का एजेंडा समाहित करते हुए स्वयं को आकर्षक विनिर्माण क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया है।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग संगठन से संबद्ध हैं)



भारत की जी20 की अध्यक्षता से देश को परस्पर सहयोग से अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने का अवसर मिला है। जी20 में उपस्थित दुनिया के सर्वाधिक शक्तिशाली देशों ने अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का रास्ता खोला है क्योंकि वे विश्व जीडीपी के 85 प्रतिशत तथा व्यापार के 75 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्षता का समय भारत के लिए आदर्श है क्योंकि इससे वह वैश्विक राजनीति व आर्थिक क्षेत्र पर ज्यादा प्रभाव डाल सकता है। बिजनेस 20-बी20 जी20 का संवाद मंच है जो सालों से शिखर सम्मेलनों से जुड़ा हुआ है। इसमें भारतीय व वैश्विक उद्योगों के प्रतिनिधि हिस्सा लेते हैं। जी20 का एक महत्वपूर्ण नतीजा 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारीडोर' है। यह लागत-प्रभावी सीमाओं को पार करने वाला शिप-टु-रेल ट्रांजिट नेटवर्क होगा जो भारत को खाड़ी के अरब देशों, यूरोपीय संघ व अमेरिका से जोड़ेगा।

यह भारतीय बिजनेसों के लिए व्यापार व निवेश के अवसर प्रदान करते हुए वैश्विक विस्तार को बढ़ावा देगा। इसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई का जवाब माना जा रहा है। भारत तेजी से दुनिया का प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनने के प्रयास कर रहा है, पर अब भी इस क्षेत्र में सुधार की संभावनायें हैं। चीन से विनिर्माण के दूसरे क्षेत्रों में जाने से आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला है और उत्पादन नए क्षेत्रों को जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप भारत उन अनेक कंपनियों का पसंदीदा क्षेत्र है जो विनिर्माण या संसाधन आधार का विकल्प तलाश रही हैं। भारत-अमेरिका समझौतों के केन्द्रीय स्थान पर आने के साथ ही अन्य वैश्विक निगम भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। भारत का विनिर्माण क्षेत्र 2030 तक 1 ट्रिलियन डालर तक पहुंच सकता है जिससे वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वर्तमान समय में वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

1990 के दशक में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। शुरुआत में भारत पूंजी-बहुल देशों, जैसे अमेरिका, जापान व यूरोप तथा श्रम-बहुल चीन जैसे देशों के बीच फंसा रहा। लेकिन कम-लागत वाले स्वचालीकरण से भारत को अपना स्थान पाने में आसानी हुई और वह कुछ क्षेत्रों में विश्व-स्तरीय गुणवत्ता तथा व्यापक विनिर्माण में सफल हुआ। इनमें आटोमोबाइल व आटो पुर्जे शामिल हैं। भारत ने यह उपलब्धि टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट-टीक्यूएम के माध्यम से प्राप्त की जिसमें गुणवत्ता, लागत, डिलीवरी, सुरक्षा, उत्साह व परिवेश शामिल हैं। भारत की आर्थिक प्रगति मुख्यत: आटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता स्थाई वस्तुओं जैसे क्षेत्रों पर निर्भर है। इसने विनिर्माण क्षेत्र को देश की प्रगति के केन्द्र में ला दिया है।

विनिर्माण क्षेत्र में न केवल आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने की क्षमता है, बल्कि यह देश की युवा कामगार शक्ति के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध कराता है। लेकिन अपनी विशाल संभावनाओं के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र का योगदान पिछले चार दशकों से देश की जीडीपी में 13-17 प्रतिशत पर बना हुआ है। भारत ने 2025 तक जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इस क्षेत्र को 2030 तक 1 ट्रिलियन डालर का निर्यात करना होगा। इससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। दुर्भाग्य से भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक व्यापार निर्यात को 2 प्रतिशत तक लाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है। 1948 के बाद से उसका हिस्सा 2 प्रतिशत के नीचे बना हुआ है। 2010 व 2022 के बीच वह 1.5 प्रतिशत से 1.8 प्रतिशत के बीच झूलता रहा। दूसरी ओर चीन भारत से बहुत आगे है और वह 2010 तक विश्व व्यापारिक निर्यात में लगातार 10.3 से 13.8 प्रतिशत हिस्से पर बना रहा है। चीन को बड़े पैमाने पर विनिर्माण में श्रम-बहुलता का लाभ मिला। श्रम पर कम खर्च तथा व्यापार संबंधी ढांचे में निवेश के साथ ही उसने अद्यतन क्षेत्रों, जैसे, रोबोटिक्स व एयरोस्पेस में निवेश बढ़ाने के लिए 'मेड इन चाइना 2025' अभियान चलाया।

चीन का निर्यातोन्मुख दृष्टिकोण उन उद्योगों पर केन्द्रित था जिनमें निर्यात की संभावनायें थीं। इसके साथ ही उसने अपने श्रमबल की स्किलिंग पर भारी खर्च किया। इससे उसे नई तकनीक स्वीकार करने में आसानी हुई और वह वैश्विक मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ा। इसके उलट भारत को स्किलिंग का इच्छित स्तर प्राप्त करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा जिससे उसकी निर्यात क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा। भारत की ढांचागत संरचना कमजोर है और वह हर साल विनिर्माण क्षेत्र के लिए जीडीपी का केवल 3 प्रतिशत प्रयोग करती है। यह विनिर्माण क्षेत्र की भारी कमी है। भारत की सतह परिवहन व्यवस्थायें आधुनिक उच्च गति वाली लाजिस्टिक्स की उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाती हैं जो प्रभावी विनिर्माण के लिए बहुत जरूरी है। विनिर्माण क्षेत्र में इंटेलीजेंट डिजिटल तकनीकों का मिलन जरूरी है जिसे उद्योग-4.0 कहा जाता है। इससे नई औद्योगिक क्रांति के शानदार अवसर सामने आते हैं। इसमें इंडस्ट्रियल आईओटी नेटवर्क, एआई, बिग डेटा, रोबोटिक्स व आटोमेशन, संलग्नक विनिर्माण, साइम्यूलेशन, सिस्टम इंटीग्रेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग व साइबर-सुरक्षा शामिल हैं। इसका लक्ष्य शुरुआत से ही सभी पक्षों को शामिल कर फौरन स्वत: निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देना है।

भारत का विनिर्माण क्षेत्र तेजी से प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसमें खासकर 'मेक इन इंडिया' महत्वपूर्ण प्रस्थान बिंदु है। 'ब्रांड-मेड इन इंडिया' को सफल बनाने के लिए हमें अनेक दिशाओं में कई कदम उठाने होंगे। सरकार को तेजी से भौतिक ढांचागत संरचना तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ते रहना चाहिए। इसके साथ ही उसे उद्योग-4.0 को बढ़ावा देकर 'बिजनेस सुगमता' को और गति देनी चाहिए। इसके लिए भारत सरकार को उद्योग-4.0 की अधिकाधिक फंडिंग की व्यवस्था करनी चाहिए। यह काम स्टार्ट-अप के माध्यम से किया जा सकता है। उनको राष्ट्रीय महत्व की तकनीकों में नेतृत्व प्राप्त करने के लिए एनआरएफ का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। उनको इसके लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल भी विकसित करना होगा। विनिर्माण क्षेत्र को उद्योग-4.0 को गति देने तथा इसे एक आंदोलन में बदलने के लिए प्रेरक नेतृत्व की जरूरत है। जब तक भारत इसे एक आंदोलन में नहीं बदलता है तब तक वह तीसरी सबसे बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है। विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुखों को वैश्विक सोच के साथ टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट पर ध्यान देना चाहिए जिसमें गुणवत्ता, लागत, डिलीवरी, सुरक्षा, उत्साह व परिवेश शामिल हैं। उनको रिसर्च एंड डिजाइन-आरएंडडी तथा खोज में निवेश कर जोखिम घटाने व इसे समाप्त करने के लिए समुचित स्तर पर साझेदारी करनी चाहिए। डिजाइनें बनाने व उनका स्वामित्व प्राप्त करने तथा बौद्धिक संपदा अधिकार इस मामले में महत्वपूर्ण होंगे। इसके साथ ही उद्योग-4.0 में भारी निवेश करना होगा।

इसके लिए सोच में सांस्कृतिक परिवर्तन लाना तथा टिकाऊ आधार पर विनिर्माण की संभावनायें विकसित करना जरूरी है। हमें समझना चाहिए कि 'सीखना' निरंतर पूरे जीवन चलने वाली एक प्रक्रिया है। इसके साथ ही सीखने के सभी क्षेत्रों में विविधता को प्रोत्साहन देना भी जरूरी है।

भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता से विश्व स्तर पर उसकी विनिर्माण क्षमता को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में 500 बिलियन डालर वस्तु निर्यात का लक्ष्य रखा है। इसलिए विनिर्माण क्षेत्र को नई निर्यात संभावनाओं की तलाश करनी चाहिए। टैरिफ नियमों के साथ ही विनिर्माताओं को सहायता देने से भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अपना सपना पूरा कर सकता है। इससे 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक पहुंच मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब जी20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनेसियो लूला दा सिल्वा को सौंप दी है। इसके साथ ही उसने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की विरासत भी सौंपी है। दुनिया को लाभदायक संवाद, खोजी समाधानों तथा समृद्ध व टिकाऊ भविष्य की प्रतिबद्धता के साथ एक परिवार बनाया जा सकता है।

# भारत ने उठाई दक्षिण एशिया की आवाज़

> "जी20 ने दक्षिण एशियाई देशों की आवाज उठाई है लेकिन विश्व मंच पर उनकी सफलता भारत और दुनिया के साथ उनके जुड़ाव के स्तर पर निर्भर करेगी।"

**नविता श्रीकांत**
(लेखिका, भू-राजनीतिक एवं सुरक्षा मामलों की विशेषज्ञ हैं)



जी20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता और चतुराई से कहे गए जी20 नेताओं की नई दिल्ली घोषणा ने विश्व समुदाय पर एक अमिट छाप छोड़ी। सभ्यतागत विरासत से लेकर विश्व स्तरीय डिजिटल भारत तक के छह विषयगत गलियारों ने भारतीय विचार नेतृत्व की लंबाई और चौड़ाई को प्रदर्शित किया - चुस्त फिर भी विनम्र, स्वागत करने वाला फिर भी मुखर, सर्वसम्मति से प्रेरित फिर भी स्वतंत्र।

शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री मोदी का संदेश मानव-केंद्रित विकास और वैश्विक निर्णय लेने में छोटे राज्यों के दृष्टिकोण को एकीकृत करना था। घोषणा में कमजोर राज्यों सहित छोटे राज्यों और विकासशील देशों का बार-बार उल्लेख किया गया है। त्न20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा में एलडीसी का 6 बार उल्लेख मिलता है।

अकेले दक्षिण एशिया में, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश जल्द ही एलडीसी का दर्जा समाप्त कर रहे हैं। यह एक स्वाभाविक प्रश्न है - जी20 से होने वाले लाभ का दक्षिण एशिया पर क्या प्रभाव पड़ेगा? तीनों राज्य भारत की ओर देखते हैं और बाजारों तक बेहतर पहुंच, ढांचागत कनेक्टिविटी के साथ छोटी और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा और उर्वरक और स्वच्छ ऊर्जा के लिए समर्थन चाहते हैं। इस आशय के लिए, नई दिल्ली घोषणा व्यापार, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, हरित विकास संधि और हरित ऋण, आपदा और जलवायु लचीलेपन के लिए क्षमता निर्माण के लिए डब्ल्यूटीओ की सहायता प्राप्त करने में सफल रही। नेपाल, बांग्लादेश और भूटान जैसे देश कितनी सफलतापूर्वक लाभ उठा सकते हैं, यह भारत और वैश्विक साझेदारों के साथ उनके जुड़ाव पर निर्भर करता है।




एलडीसी राज्य के रूप में बांग्लादेश को जी20 भारत शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। हालाँकि नेपाल आमंत्रित सदस्य नहीं था, लेकिन विचार-विमर्श में उनकी आवाज़ और प्राथमिकताएँ अच्छी तरह से व्यक्त की गईं। अब जो महत्वपूर्ण है वह इस एजेंडे को आगे बढ़ाने और गति बनाए रखने के लिए देशों के बीच सहयोग है ताकि नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के हितों की अच्छी तरह से रक्षा हो सके। बांग्लादेश दुनिया का सबसे सफल एलडीसी है जिसकी पिछले वर्षों में आर्थिक वृद्धि दुनिया के औसत से लगभग दोगुनी है। भू-रणनीतिक रूप से, बंगाल की खाड़ी क्षेत्र, हिंद महासागर का पूर्वी भाग जहां बांग्लादेश है, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त व्यापार मार्ग प्रदान करता है। भारत ने बांग्लादेश के साथ मिलकर बंगाल की खाड़ी को उत्तर-पूर्व के माध्यम से आसियान राज्यों से जोड़ने वाली कई व्यापार और कनेक्टिविटी पहल शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पिछले 9 वर्षों में मोदी-हसीना की राजनीतिक व्यस्तता ने त्रुटिहीन राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया, उनकी टीमों ने आगे बढ़कर पूरे जोश के साथ कार्यान्वयन किया। बांग्लादेश नीति और भारत नीति साझा प्रगति के साथ-साथ आपसी हितों की रक्षा के लिए एक-दूसरे पर विश्वास के साथ आगे बढ़ीं। समकालिक समझ से लंबे समय से लंबित सीमा विवाद का समाधान भी हुआ। इन वर्षों का सौहार्द ही शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की उपस्थिति के कारणों में से एक रहा होगा। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं द्वारा बांग्लादेश - बंगाल की खाड़ी - हिंद महासागर - महासागर अर्थव्यवस्था की यह उल्लेखनीय वैश्विक मान्यता मुझे नेपाल और हिमालय के बारे में एक अनुवर्ती प्रश्न पर लाती है। कमजोर हिंदू कुश हिमालय पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्था और लोगों के लिए जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए वैश्विक ध्यान आकर्षित करने वाले नेपाल के साथ नेपाल की उपस्थिति के बारे में क्या कहना है? आखिरकार, हिमालय और बंगाल की खाड़ी के पारिस्थितिकी तंत्र परस्पर अनन्य नहीं हैं। जलवायु के प्रति संवेदनशील हिंदू कुश हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र महासागरीय अर्थव्यवस्थाओं और लोगों के लिए सीधा खतरा है।

नेपाल को अगले 10 वर्षों के लिए एक स्पष्ट और निश्चित नेपाल-भारत रोड मैप के साथ जी20 भारत शिखर सम्मेलन के परिणामों का पालन करना चाहिए। यह नेपाल की हिमालय और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन प्रतिबद्धता के लिए आवाज उठाने में मदद कर सकता है। भारत के साथ घनिष्ठ सहयोग नेपाल के एजेंडे को हिंदू कुश हिमालय की अर्थव्यवस्था का दोहन और संरक्षण करने में मदद कर सकता है।

# आप की बात

## एक देश एक चुनाव

**हमारे देश** में जनमत की राय बन रही है कि जब हमारा देश एक है तो हमारे सम्पूर्ण देश में एक साथ ही चुनाव हो क्योंकि इससे देश को हर तरह से काफी फायदा भी है। भारत में 1967 से पहले जैसी एक साथ चुनाव कराने वाली स्थिति लाने तथा भारतीय राजनीति में पुन: स्थायित्व को कायम करने के लिए एक देश एक चुनाव की बात पर विचार करना कोई बुरी बात नहीं है। राज्यों व केंद्र में एकसाथ चुनाव कराना तार्किक एवं सुविधाजनक भी लगता है। इससे देश का समय और संसाधन भी बचेंगे, जबकि बार-बार होने वाले चुनावों से इनकी बरबादी होती है। इससे सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ों का अतिरिक्त बोझ भी पड़ता है। इस विषय में केंद्र सरकार एक कमेटी का गठन भी कर चुकी है। इस सत्र में इस संबंध में एक विधेयक पेश करने की चर्चा हो रही है। एक देश एक चुनाव इसके लिए कम से कम पांच संविधान संशोधन करने होंगे। संसद द्वारा संविधान संशोधन पास होने बाद इसकी पुष्टि देश की आधी विधानसभाओं द्वारा करनी होगी। मोदी सरकार बहुत तेजी से काम करने में सक्षम है। ऐसे में देखना होगा कि क्या एक देश एक चुनाव जैसी अवधारणा आगामी लोकसभा चुनाव के पहले ही फलीभूत हो जाएगी?

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## राजद्रोह कानून

**सुप्रीम कोर्ट** ने राजद्रोह से जुड़े कानून की समीक्षा के लिए पांच जजों की पीठ को मामला सौंप दिया है। अंग्रेजों के जमाने का यह कानून तब भारत के क्रांतिकारियों पर जुल्मो-सितम के लिए बनाया गया था। हालांकि, इस कानून का सत्ता पक्ष बेझिझक का उपयोग कर सकता है। लेकिन यदि इस कानून को पूरी तरह हटा लिया जाता है तो देश के भीतर छुपे हुए गद्दारों द्वारा देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देना, आतंकवाद फैलाना, भड़काऊ भाषण देना जैसे कृत्यों के आरोपियों को कठोर दंड देना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में बेहतर उपाय यही है कि इस कानून को बने रहने देते हुए सरकार के क्रियाकलापों के खिलाफ या नेताओं के दुराचरण के खिलाफ लिखने-बोलने वालों पत्रकारों तथा मीडिया कर्मियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाए। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी आ चुका है। जो कि इस प्रकार के हर वक्तव्य का सूक्ष्मदर्शी विश्लेषण करके उसके दोष की गंभीरता को निर्धारित कर सकता है। उम्मीद करनी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ अपने विवेक से कानून की सुरक्षा बनाए रखते हुए उसमें संशोधन के समुचित सुझाव देगी।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## मोदी की नेतृत्व क्षमता

**जी 20 शिखर सम्मेलन** का भारत में आयोजन कर मोदी सरकार ने दुनिया को अपनी नेतृत्व क्षमता से अवगत करा दिया है। इस सम्मेलन को अब तक का सबसे सफल आयोजन माना जा रहा है। इसमें पारित ऐतिहासिक नई दिल्ली घोषणा ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यह सम्मेलन पूरी तरह से भारत के प्रस्तावों पर दुनिया की मोहर के रूप में याद रखा जाएगा। चीन और रूस के राष्ट्रपति भले ही इसमें शामिल न हुए हों, पर उन्होंने भी इसकी तारीफ की है। ब्रिटेन व जापान से व्यापार और निवेश प्रस्तावों में भी प्रगति हुई है। मुंबई से फ्रांस तक शिपिंग रेल रोड कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव आर्थिक रूप से भारत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस सम्मेलन से भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्य बनने की दावेदारी मजबूत हुई है। शायद चीन भी अब चाहे-अनचाहे भारत को सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाने पर तैयार हो जाए। सुरक्षा परिषद के विस्तार में अफ्रीका को भी प्रतिनिधित्व मिल सकता है और चीन उससे इनकार करने की स्थिति में नहीं है। देखना होगा कि मोदी की नेतृत्व क्षमता क्या रंग लाती है।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

## अटल जी ने कहा था

**अटल बिहारी वाजपेयी** ने कहा था कि सिर्फ शिक्षा, इलाज व न्याय ही मुफ्त होना चाहिए वरना नागरिक आलसी हो जाएंगे। लेकिन आजकल राजनीतिक पार्टियां मुफ्त रेवड़ियां बांटने के वादे करने में मशगूल हैं। इससे सरकारी धन का तो दुरुपयोग हो ही रहा है, साथ ही अनेक लोग आलसी बनते जा रहे हैं। अगर मुफ्त की रेवड़ियां बंटना बंद हो जाए तो इससे जनता का पैसा बचेगा। लोग काम करेंगे तो उससे देश का विकास तो होगा ही साथ ही लोगों की कार्यशक्ति भी बढ़ेगी। जनता के इसी बचे हुए पैसे से शिक्षा, इलाज व न्याय मुफ्त हो जाएगा तो बच्चे व माता-पिता महंगी होती शिक्षा से निजात आएंगे, मरीज अनेक निजी अस्पतालों की लूट से बचेंगे और न्याय मुफ्त व जल्दी मिलने से अनेक वादी गरीबी के दलदल में फंसने से बचेंगे। क्या वर्तमान सत्ता और विपक्ष भी अटल जी के सुसंगत, न्यायोचित व जनहितैषी विचारों को अमली जामा पहनाएंगे? समय आ गया है कि सभी राजनीतिक पार्टियां मुफ्त खैरात व वास्तविक जन-कल्याण में अंतर करना सीखें। इससे भारत सचमुच विकसित देश बनेगा।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# 17 से पूरे प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भवः अभियान

## पांच अलग-अलग हिस्सों में अभियान का होगा संचालन, आयुष्मान ग्राम एवं अर्बन वार्ड की भी होगी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार 17 सितंबर से आयुष्मान भवः इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरुआत होगी। यही नहीं इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।

17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक




और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरुआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रहीं है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे। आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के इरादे से 2021 में आयुष्मान आपके द्वार 1.0 और 2022 में 'आयुष्मान-आपके द्वार 2.0' चलाया गया था। इसके माध्यम से खुद पंजीकरण करके कार्ड निर्माण किया जा सकेगा। एफ एलडब्ल्यू, उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस), कार्ड निर्माण एजेंसियों, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि का उपयोग करके कार्ड निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। घर-घर ई.केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। इस पूरे कार्यक्रम के लिए डीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्ड निर्माण के लिए ई-केवाईसी और आईईसी से संबंधित गतिविधियों के लिए आशा कार्यकर्ताओं, पंचायती राज के तहत फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूहों का समर्थन किया जाएगा। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों को शामिल किया जा सकता है।

आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत सेवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने मुद्दों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना और समूह कल्याण गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। इसमें देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि होगी। विशिष्ट देखभाल के माध्यम से स्क्रीनिंग, निदान और बुनियादी एवं उन्नत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिनमें तृतीयक देखभाल सेटअप और विशिष्ट एवं नैदानिक सेवाओं के लिए रेफ रल शामिल है। 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरुआत होगी। इसके तहत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पात्र लाभार्थियों की सूची के साथ ही उपचार प्राप्त लाभार्थियों की सूची और सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

# नौ वर्ष पूर्व पीठाधीश्वर बने थे योगी आदित्यनाथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ब्रह्मलीन** महंत, गोरक्षपीठाधीश्वर अवेद्यनाथ जैसे प्रभावशाली, सर्वस्वीकार्य, हर किसके लिए 'बड़े महाराज' के करीब दो दशक के संरक्षण के बाद 14 सितंबर 2014 को उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी से पीठाधीश्वर बने थे। नाथपंथ की सबसे बड़ी माने जाने वाली इस पीठ पर योगीजी के गुरु महंत अवेद्यनाथ 34 साल तक और उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ 45 वर्ष तक पीठाधीश्वर रहे।

उल्लेखनीय है कि 12 सितंबर 2014 को महंत अवेद्यनाथ ब्रह्मलीन हुए थे। 14 सितंबर को उनको समाधि देने के पहले नाथ पंथ और सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार योगी का अभिषेक किया गया। उसके बाद पंचों (रेवती रमण दास, पीडी जैन, अरुणेश शाही, धर्मेंद्र वर्मा और मारकंडेय यादव) ने उनको पीठाधीश्वर का आसन ग्रहण कराया। गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ खुद में बेहद खास है। पिछले 100 साल में धर्म, समाज और राजनीति के हर क्षेत्र में इस पीठ के पीठाधीश्वरों ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। यह पूर्वांचल की अध्यक्षीय पीठ है। श्रद्धा का ऐसा केंद्र जिसके आगे बड़े-बड़े लोग नतमस्तक होते रहे हैं। पीठ जिसके सिर पर हाथ रख दे वह सांसद, मेयर, चेयरमैन, एमएलसी और विधायक बन जाता है। इतिहास इसका गवाह है। यह पीठ लोक का धड़कन और विश्वास है। संकट का साथी है। भटकने पर मार्गदर्शक और हताशा में उत्साह का संचार करने वाली पीठ है। पीठ की सामाजिक समरसता की बेहद मजबूत और गहरी जड़ें सारे जातीय समीकरणों और दलीय समीकरणों पर भारी पड़ती हैं। पीठ का संदेश या सुझाव आदेश सरीखा होता है।

गोरक्षपीठ का विस्तार केवल गोरखपुर या पूर्वांचल तक नहीं है। इसका विस्तार देश में उत्तराखंड से मीनाक्षीपुरम तक तथा देश से बाहर नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यामांर से पाकिस्तान (पेशावर) तक है। पांच देशों एवं देश के दस राज्यों में नाथपंथ से जुड़े पांच हजार से अधिक मठ. मन्दिरों के किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय गोरक्षपीठ का ही होता है।

गोरक्षपीठ समाज से छुआछूत, जाति-पात और अंधविश्वास का विरोध करने वाली एक ताकत के रूप में है। समाज में शिक्षा की अलख जगाने वाली ज्योति है। 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना और वर्तमान में इससे संबद्ध प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक के 50 से अधिक संस्थान इसके प्रमाण हैं। यही नहीं यह पीठ अशक्तों के सस्ते उपचार के लिए नए दरवाजे खोलने वाली संस्था और गोवंश की रक्षक भी है।

# तीन दिवसीय दौरे पर आज लखनऊ पहुंचेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



पायनियर सामाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** से सांसद व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 15 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री का 3 दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम 6 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। अगले दिन 16 सितंबर को सुबह 11 बजे इंदिरा नगर सेक्टर 25 में खुर्रम नगर पुल और उसके बाद पॉलिटेक्निक चौराहे पर बन रहे मुंशी पुलिया ओवर ब्रिज की कार्य प्रगति का अवलोकन करेंगे। इसके उपरांत गोमती नगर में बन रहे उच्च स्तरीय रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का भी जायजा लेंगे। गोमती नगर रेलवे स्टेशन से 5, कालिदास मार्ग आवास वापस जाएंगे। शाम 4 बजे चौक के ज्योतिबा फुले लॉन में अंबर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत शाम 5 बजे आवास के लिए रवाना होंगे। अगले दिन 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के लॉन्च रिले कार्यक्रम के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे और अपरान्ह 2 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने किया ओबरा परियोजना का निरीक्षण



## स्थानीय स्तर पर उत्सर्जित राख के उपयोग से रोजगार को दिया जाए बढ़ावा: आशीष गोयल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बृहस्पतिवार को ओबरा परियोजना का निरीक्षण किया। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने ओबरा परियोजना के विस्तारीकरण के अन्तर्गत हो रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की और उसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विदित है कि ओबरा सी परियोजना की प्रथम इकाई 25 अगस्त के रात्रि 8.32 बजे ग्रिड से जोड़ ली गई हैं, तदोपरान्त इकाई को पूर्ण लोड पर चलाने के लिए बांछित कार्य पूर्ण करने की कार्रवाई चल रही है। अध्यक्ष द्वारा ओबरा सी परियोजना की दोनों इकाइयों का निरीक्षण करने के पश्चात तापीय परियोजना के अधिकारियों तथा मेसर्स दूशान प्रा लि एवं मेसर्स जी. ई कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की प्रथम इकाई को पूर्ण लोड पर चलाने के साथ साथ कोल हैण्डलिंग के निर्माण में आ रही समस्या व राख निस्तारण आदि बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा की गयी। अध्यक्ष द्वारा दूसरी इकाई को भी वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्दर समकालित किए जाने के लक्ष्य के साथ समयबद्ध कार्यवाही के लिए परियोजना के अधिकारियों तथा मेसर्स दूशान को निर्देशित किया गया।

अध्यक्ष द्वारा परियोजना से उत्सर्जित होने वाली राख के अधिकतम उपभोग हेतु परियोजना को प्रयास करने के निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि आसपास के क्षेत्रों में यह प्रचारित कराया जाए कि परियोजना के पास सूखी राख उपलब्ध है जिसे ब्रिक मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि के लिए मांगे जाने पर निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि परियोजना द्वारा एक वर्कशाप आयोजित कर सुखी राख के उपयोग को बढ़ावा दिए जाने के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जिला प्रशासन से यह अनुरोध किया जाए कि सरकारी भवनों के निर्माण, सड़कों के निर्माण में परियोजना के पास उपलब्ध सूखी राख के उपयोग को प्राथमिकता दी जाए। यह भी निर्देश दिए गए कि नवीनतम टेक्नालाजी में सूखी राख के उपभोग की सम्भावनाएं तलाशी जाएं। अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान अध्यक्ष द्वारा ओबरा जल विद्युत गृह का निरीक्षण किया गया तथा यह निर्देशित किया गया कि जल विद्युत की इकाईयों से अधिकतम विद्युत उत्पादन के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएं। ओबरा जल विद्युत गृह, जो एक अत्यन्त पुरानी परियोजना है, को धरोहर के रूप में संरक्षित कर पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से विकसित किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर निदेशक (परियोजना एवं वाणिज्य) संजय कुमार दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक राधे मोहन सहित ओबरा डी परियोजना, सी परियोजना तथा जल विद्युत परियोजना के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में पर्याप्त व निर्बाध बिजली देने के लिए किए जा रहे युद्ध स्तरीय प्रयास: शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## आने वाले समय में ट्रिपिंग और फाल्ट के कारण बिजली जाने की समस्या से मिलेगा छुटकारा

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति देने के लिए ऊर्जा विभाग जमीनी स्तर पर विद्युत व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा। केन्द्र की 17 हजार करोड़ रुपए की आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नये सिरे से खड़ा करने का प्रयास हो रहा। जर्जर लाइनों एवं विद्युत पोलों को बदलने का कार्य किया जा रहा। प्रदेश के बढ़ते विद्युत लोड के अनुरूप ही उपकेन्द्रोंए फीडरों और ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। जरूरत के अनुसार नये उपकेन्द्र, फीडर बनाये जा रहे हैं और नये ट्रांसफार्मर भी लगाये जा रहे हैं। इससे जहां दोषमुक्त गुणवत्तापूर्ण बिजली उपभोक्ताओं को दी जा सकेगी, वहीं बार-बार होने वाली ट्रिपिंग, फाल्ट के कारण बिजली जाने की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पिछले महीने भीषण गर्मी एवं उमस होने के कारण बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयी थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में अभी तक सबसे ज्यादा बिजली की आपूर्ति 28284 मेगावाट इस वर्ष हुई। विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए बिजली के आधारभूत ढ़ाचे को ठीक करने का भी भगीरथ प्रयास किया जा रहा है। विभाग की 4 महत्वपूर्ण योजनाओं के जरिये बिजली के इन्फास्ट्रक्चर एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ करने का प्रयास चल रहा है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि एडीबी द्वारा सहायता प्राप्त योजना के अन्तर्गत सर्विस एबी केबिल लगाने एवं फीडर अलग करने का कार्य चल रहा है। जिसमें 20000 मजरों को आच्छादित किया जा चुका है। जुलाई एवं अगस्त 2023 के मात्र 2 महीनों में 14409 ऐसे कार्यों को पूरा किया गया। इसी प्रकार फ ीडर अलग करने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 500 से ऊपर फीडर को अलग किया गया। लगभग 17000 करोड़ रुपए के खर्च से अमल में लायी गयी आरडीएसएस योजना तेजी से क्रियान्वित हो रही है, जिसमें जुलाई एवं अगस्त 2023 के 2 महीनों में 176589 खम्भें लगाये गये एवं 4 लाख सर्किट किमी. एचटी लाईन एवं लगभग 1.5 लाख किमी. एलटी लाईनों तथा जर्जर तारों को बदलने का कार्य हुआ। साथ ही 25 हजार सर्किट किलो मीटर फीडर विभाजन का भी कार्य हुआ। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि नगरीय निकायों की बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये 1028 करोड़ के कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही अतिरिक्त बिजनेस प्लान में बिजली व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण के अन्य कार्य भी साथ में हो रहे हैं।

# भाजपा राज में बढ़ा है व्यापारियों का उत्पीड़न: प्रदीप जायसवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के व्यापारियों के बीच भाजपा के व्यापारी विरोधी चेहरे को उजागर करने की रणनीति बनी। बैठक का संचालन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने किया। बैठक में फैसला हुआ कि सोने के जेवर पर ई वे बिल, जीएसटी के तहत ईडी को लगाना, खनन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाना, जटिल और विसंगतिपूर्ण जीएसटी का पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा राज में व्यापारियों की कस्टोडियल डेथ, पुलिस उत्पीड़न बढ़ गया है और इंस्पेक्टर राज के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है। भ्रश्टाचार के नाम पर व्यापारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सभी जिला-महानगर अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है की अपने जिले के हर बाजार में भाजपा का व्यापारी विरोधी चेहरा उजागर करें। व्यापारियों को जोड़ कर समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को व्यापारी मुंहतोड़ जवाब देगा। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी से जुड़कर ही व्यापारियों का सम्मान और भविष्य सुरक्षित है।

# किसानों के लिए भाजपा सरकार की गलत नीतियां जानलेवा साबित हो रहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्ज और महंगाई से तबाह किसानों के लिए भाजपा सरकार की गलत नीतियां जानलेवा साबित हो रही हैं।



यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों की समर्थक है। सरकार की गलत नीतियों से बड़े-बड़े पूंजीपति बैंकों का हजारों करोड़ रुपया लेकर विदेश भाग गए। भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का लाखों करोड़ रुपया माफ कर दिया वहीं उत्तर प्रदेश में कुछ हजार रुपए कर्ज वसूली में किसान की जान ले ली जा रही है।सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कर्ज वसूली के नाम पर बैंक कर्मी किसानों को बेइज्जत करते हैं। तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। मंगलवार को लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ के हैदराबाद थाना क्षेत्र जमालपुर गांव में भूमि विकास बैंक कर्मचारियों की संवेदनहीनता ने दलित किसान छोटेलाल की जान ले ली। किसान ने बैंक से 60 हजार का कर्ज लिया था। जानकारी मिली है कि बैंक के लोग 60 हजार रुपए का ब्याज समेत तीन लाख रुपया वसूलने आ थे। बैंक अधिकारियों ने किसान छोटे लाल को घंटों जीप में बैठाये रखा। प्रताड़ना से आहत किसान की मौत हो गई। इससे पहले बुन्देलखंड के जिलों में कर्ज से डूबे कई किसान आत्महत्या कर चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है। इसी तरह से बिजली चेकिंग के नाम पर पूरे प्रदेश में किसानों से अवैध वसूली हो रही है और प्रताड़ित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का झूठा वादा करती है। दूसरी तरफ किसानों से चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। एफआईआर कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान उपेक्षित और पीड़ित है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। भाजपा ने किसानों से तमाम झूठे वादे किए। दस साल की सरकार में कोई वादा पूरा नहीं हुआ।

### आजम खां के साथ बदले की भावना से काम कर रही भाजपा: पटेल

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि भाजपा सरकार के इशारे पर उनकी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां को उत्पीड़ित किया जा रहा है। उन्होंने इस उत्पीड़न की निंदा की है। पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मोहम्मद आजम खां के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। आजम खां वरिष्ठ राजनेता है। उनके साथ इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र विरोधी कदम है। पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के रामपुर के निर्वतमान जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल और निवर्तमान नगर अध्यक्ष आसिम राजा ने पत्र भेजकर बताया कि आजम खां की तबियत ठीक नहीं है लेकिन आयकर विभाग द्वारा मोहम्मद आजम खां के निवास पर 30-32 घंटे से मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।

# प्रदेश में 17 से 2 अक्टूबर तक महा रक्तदान अभियान चलाएगा भाजयुमो

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेशभर में रक्तदान कराने का संकल्प लिया है। इस अभियान के संबंध में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए हैं। भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह न बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत युवा मोर्चा प्रदेशभर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य महारक्तदान अभियान चलाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 98 संगठनात्मक जिलों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान कराएंगे। इस अभियान में भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष ही संयोजक होंगे। हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मण्डल स्तर पर रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बन रही है। अभियान के निमित्त सभी जिलों में प्रवासी भेजे जा रहे हैं। रक्तदान के साथ ही सभी जिलों में कम से कम संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे जिससे जब कभी किसी को रक्त की आवश्यकता होगी तो रक्तदान के लिए सम्पर्क किया जा सकेगा।

# बीकेटी में आज होगा के-पॉप संगीत का आयोजन

पायनियर सामाचार सेवा। लखनऊ

## सांस्कृतिक आदान-प्रदान से भारत-दक्षिण कोरिया की सभ्यता व संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा: जयवीर सिंह

**भारत** एवं दक्षिण कोरिया का सम्बंध 2000 वर्ष पुराना है। अयोध्या की राजकुमारी रत्ना 2000 वर्ष पूर्व दक्षिण कोरिया चली गई थीं। जहां उन्होंने किम सू-रो से विवाह कर लिया था। भारत दक्षिण कोरिया से अपने राजनयिक सम्बंधों की 50 वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश एवं दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक सम्बंधों को मजबूत करने के लिए के-पाप का आयोजन उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लखनऊ के बीकेटी स्थित एसआर इंजीनियरिंग कॉलेज में कोरियन कलाकार अउरा एवं फ्राइडे अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बृहस्पतिवार को पर्यटन भवन, गोमती नगर के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगीत की वजह से लोग भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं। संगीत के माध्यम से संस्कृति एवं सभ्यता को एक-दूसरे के देशों में



प्रचार होता है। किसी भी देश की संस्कृति का सम्मान होना चाहिए इससे विश्व बंधुत्व की भावना प्रबल होती है। के-पॉप संगीत युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। युवा इसकी तरफ तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। यद्यपि इसकी भाषा अलग है। कोरियन पॉप की प्रस्तुति देने वाले श्री अउरा एवं फ्राइडे युवाओं के बीच पॉपुलर हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि इण्डियन म्यूजिक के साथ कोरियन संगीत के साथ इस तरह का पहला कार्यक्रम हो रहा है। हिन्दी, तमिल, तेलुगु सभी भाषाओं के गीतों का कोरियन भाषा में क्रिएशन तैयार किया जा रहा है और वहां के कलाकार इन गीतों पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। कोरियन कलाकार यूपी के फेमस भोजपुरी यूपी वाले ठुमका पर भी शानदार प्रस्तुति दे रहे हैं। कोरियन टीम टूरिस्ट बस के माध्यम से यूपी के विभिन्न शहरों का भ्रमण कर रहे हैं। अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज जाकर वहां की संस्कृति का भी अनुभव करना चाहते हैं। पर्यटन विभाग की टीम इनका पूरा सहयोग भी कर रही है। पिछले एक साल से कोरियन पॉप संगीत की टीम उप्र एवं देश के साथ जुड़ा हुआ है। 12 सितम्बर को इस टीम ने नोएडा में अपनी प्रस्तुति दी। तत्पश्चात 13 सितम्बर को फिरोजाबाद एवं मैनपुरी में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। फिरोजाबाद एवं मैनपुरी में युवाओं की काफी तादाद में भीड़ उपस्थित रही। इसी कड़ी में अउरा एवं फ्राइडे की टीम 15 सितंबर की शाम 6 बजे लखनऊ के एसआर इंजीनियरिंग कॉलेज बीकेटी में अपनी प्रस्तुति देगी।

# 22 माह में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

## श्री काशी धाम के शुभारंभ के बाद अब तक खुद सीएम योगी आदित्यनाथ भोलेनाथ के दिव्य दरबार में सौ बार से अधिक लगा चुके हैं हाज़िरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**श्री** काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतरण में आने के बाद धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नया कीर्तिमान बना रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भोले के भक्तों ने अब तक बाबा का दर्शन किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं और भक्तों को सुविधाएं दिए जाने के लिए खाका खींचते रहे हैं। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा



है, जिससे भक्तों को असुविधा न होने पाए। यही कारण है जिससे श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवों के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से अब तक 11 करोड़ 72 लाख 71 हजार 749 श्रद्धालुओ ने दर्शन किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गर्मी, ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतज़ाम किए जा रहे हैं। तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का पानी, सावन में दिव्यांगजनों के लिए निशुल्क व्हीलचेयर, सभी के लिए चिकित्सा व्यवस्था आदि व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में लोकार्पण के बाद 2022 के जनवरी महीने में 7459471, 2022 के सावन माह में लगभग 781561, 2023 अधिक माह के श्रावण माह के महीने में जुलाई में 7202891 अगस्त में 9562206 श्रद्धालुओं ने काशी पुराधिपति के दर्शन किए।

धाम में समय के साथ से सुविधाएं भी जुड़ती जा रही हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए शॉपिंग की भी सुविधा मिल रही है। यहां दुकानों पर पीतल की मूर्तियां, कलाकृतियां, पूजन सामग्री, प्रसाद, मंदिर और बाबा की तस्वीरें, बनारसी सिल्क की साडियां व कपड़ों समेत अन्य सामान उपलब्ध हैं। धाम परिसर में फू ड कोर्ट, रेस्टोरेंट भी हैं जहां उचित दर पर बिना प्याज और लेहसून का शुद्ध शाकाहारी भोजन है और व्रत की थाली भी उपलब्ध है। अन्न क्षेत्र में निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी है। धाम परिसर में ही रुकने के लिए होटल और काशी दर्शन के लिए टूर पैकेज़ उपलब्ध हैं। मोक्ष की राह देख रहे वृद्धों के लिए निशुल्क मुमुक्षु भवन की भी व्यवस्था की गई है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 सितम्बर 2023



### हिंदी सप्ताह समारोह का शुभारंभ

## स्लोगन व निबंध प्रतियोगिताएं हुईं



**शाहजहांपुर।** जी एफ कॉलेज में आज हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी सप्ताह समारोह' शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत पूरे सप्ताह में भाषण प्रतियोगिता, पत्र लेखन, सुलेख, शुद्ध वर्तनी लेखन, स्लोगन लेखन एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में आज 'वैश्विक पटल पर हिंदी के बढ़ते कदम' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के हर्ष पांडेय को प्रथम, एम.एस.डब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर के रोहित प्रजापति को द्वितीय और एम.ए. हिंदी द्वितीय सेमेस्टर की अरीबा नईम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के रामकृपाल सिंह तथा साधना श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने कहा कि हिंदी का विकास तभी संभव है, जब हम उसे दैनिक कार्य-व्यवहार में अपनाएं। हिंदी भाषा में वह शक्ति है जिससे वह राष्ट्रभाषा की गरिमा को वहन कर सकती है। उन्होंने कहा कि हिंदी वैज्ञानिक भाषा है और सब प्रकार के भावों को प्रकट करने में समर्थ है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ फैयाज अहमद ने कहा कि किसी भी स्वाधीन देश के लिए, जो महत्व उसके राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का है, वही उसकी राजभाषा का भी है। हिंदी ऐसी भाषा है जो पूरे भारतवर्ष को एकसूत्र में जोड़ने से सक्षम है।हिंदी विभाग के डॉ शमशाद अली, डॉ काशिफ नईम तथा डॉ परवेज मुहम्मद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के निर्णायक फारसी विभागाध्यक्ष डॉ जी ए कादरी तथा उर्दू विभागगध्यक्ष डॉ तजम्मुल हुसैन रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद साजिद खान तथा आभार ज्ञापन डॉ मोहम्मद अरशद खान ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

## क्रोबार में धोखाधडी करके एक करोड़ 16 लाख हड़पे

**बरेली।** कारोबार मैं 50 प्रतिषत हिस्सेदारी का झाँसा दे कर एक मित्र ने अपने ही मित्र के साथ एक करोड से भी अधिक की धोखा धड़ी कर दी । आरोपित के परिवार ने अपने ही मित्र के मुनाफे के हिस्से के 1:16 करोड देने से साफइनकार कर दिया। अपने मुनाफे के पैसे माँगने पर आरोपित ने अपने मित्र के पुरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे क भागा दिया । पीड़ित कि आधिवक्ता विभलभ के हस्तशेप करने पर पुलिस ने मामले का गम्भीरता को देखते हुऐ आरोपित गौरव कुमार पाठक, पत्नी अर्चना पाठक, पुत्र प्रखर पाठक के अलावा 'अनुथाम ट्रेनर्स इंडिया प्राइवेट लि. (बीटीपीएल) कम्पनी के खिलाफ धारा 403/405/409/415/418/420/463/464/478/ 471/474 व 506 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया । बरेली के पूर्व निवासी राजेष बाजपेई ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उनकी गौरव पाठक से साल 2008 में मित्रता हुई। इस मित्रता के अंतर्गत दोनो ने मिल कर कारोबार करने कां एग्रिमेंट हुआ जिसमें दोनो की बराबर की हिस्सेदारी तय हुई। बीटी पी एल स्टडी- मोड़ कम्पनी इनहि शर्तों पर लगभग 8 माह चली। इसी बीच गौरव पाठक, अर्चना पाठक व उनके पुत्र प्रखर पाठक ने जान बूझ कर राजेश बाजपेई कि साथ धोखा धड़ी कर के निदेशक कि रूप में बोर्ड में शामिल नही किया। राजेश ने बताया कि अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक कम्पनी ने 3 41 करोड़, जबकि 1 अप्रैल 2022 से 22 नवम्बर 2022 तक 1.46 करोड रूपये का मुनाफा किया। राजेश द्वारा अपनी तय रकम मॉगने पर गौरव व अन्य ने उन्हें घर से निकाल दिया व आईदा पैसे माँगने पर पूरे परिवार को अंजाम भुगतने की चेतावनी दे डाली। पुलिस ने मामले की गम्भीरता देखते हुऐ गौरव, अर्चना, प्रखर व 'अनुथाम ट्रेनर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' कम्पनी के खिलाफमुकदमा दर्ज करके शीघ्र कारवाई करने का आश्वासन दिया है।

## एसिड अटैक के अपराधों पर अधिकारी ने दी सख्त हिदायत



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर जायसवाल,नगर की अध्यक्षता में पुलिस लाईन स्थित सभागार में एसिड़ अटैक से सम्बंधित अपराधों की विवेचनात्मक कार्यावाही के सम्बंध में एक कार्याशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक, नगर सुधीर जायसवाल ने एसिड अटैक के अन्तर्गत धारा-326 ए के तहत दर्ज मामंलो की जाँच एंव अभियोजन के लिये एसओपी का विवरण विस्तृत तरीके से उपस्थित विवेचक गण तथा अन्य सभी बताया एसिड अटैक की घटनाओं की कैसे रोकथाम की जाये इसके साथ ही पीड़िता का उपचार एंव आर्थिक सहायता पीड़िता को कैसे जल्द से जल्द प्रदान की जाये इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने विवेचकगणों को एसिड अटैक से सम्बंधित कोई धटना घटित होती तो उसकी विवेचनात्मक कार्यवाही के विषय में विस्तृत तरीके से बताया, निरीक्षण घटना स्थल से लेकर समस्त विवेचनात्मक कार्यवाही के विषय में उपस्थित सभी को अवगत कराया गया। गोष्ठी में वी.एस.वीर कुमार क्षेत्राधिकारी नगर लाईन, अमित चौरसिया क्षेत्राधिकारी सदर, सतीश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक विजय प्रताप सिंह पेशी क्षेत्राधिकारी नगर, निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वाचक पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, महिला निरीक्षक वन्दना सिंह महिला सहायता प्रकोष्ठ, रश्मि अग्निहोत्री प्रभारी निरीक्षक महिला थाना इसके अतिरिक्त जनपद के प्रत्येक थाना स्तर से एक-एक उनि तथा एक-एक मुख्य आरक्षी/आरक्षी तथा एक-एक महिला आरक्षी अर्थात जनपद के सभी थानो/ शाखा से कुल 75 अधिकारी/कर्मचारीगणों ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।

## ओबीसी के बेरोजगार युवाओं को ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर ट्रेनिंग की समय सारिणी तय

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**निदेशक,** पिछड़ा वर्ग कल्याण, उप्र लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023.24 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण शुरू कराये जाने के सम्बन्ध में संशोधित समय.सारणी निर्गत की। इसके तहत शिक्षित बेरोजगार युवक.युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु अर्हता/शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए। उक्त आशय की जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023.24 में ओ.लेवलध् सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागए उ0प्र0 की बेवसाइट पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसुविधा केन्द्रोंए साईबर कैफेए निजी इण्टरनेट केन्द्र द्वारा स्वयं आनलाइन आवेदन 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के समय शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों ध्औपचारिकओं ;आयए जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखद्ध को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारीए द्वितीय तलए विकास भवनए लखीमपुर खीरी में 21 सितम्बर की सायं 05 बजे तक जमा की जायेगी।

इस योजना के तहत तहसीलदार द्वारा जारी रूण् एक लाख मात्र तक का आय प्रमाण हो। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडियट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता जरूरी है। तहसीलदास द्वारा जारी पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाण पत्र, आवेदक के आधार कार्ड की प्रतिए प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो।

## हिन्दी दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र व जिला गंगा समिति ने कराई भाषण व निबन्ध प्रतियोगिता

**शाहजहांपुर।** नेहरू युवा केन्द्र एवं जिला गंगा समिति शाहजहाँपुर के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर विकास खण्ड मिर्जापुर के श्री नौरंग सिंह इण्टर कॉलेज में निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ प्रधानाचार्य मुकेश कुमार एवं जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) विनय कुमार सक्सेना ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने अपने सम्बोधन में हिन्दी भाषा को सर्वश्रेष्ठ भाषा को बताया और कहा कि हिन्दी भाषा हमारे देश की राजकीय भाषा है, प्रत्येक युवा को हिन्दी भाषा का सर्वाधिक प्रयोग कर अपने देश की भाषा को वैश्विक पटल पर लाने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) ने कहा कि नमामि गंगे के वार्षिक कैलेण्डर के अनुसार इस दिवस को मनाया जाना प्रस्तावित है जिसको संविधान सभा द्वारा सर्वप्रथम 14 सितम्बर 1949 को केन्द्र सरकार की अधिकारिक भाषा के रूप में लाने का निर्णय लिया तथा वर्ष 1953 से हिन्दी भाषा को प्रसारित करने हेतु 14 सितम्बर को प्रत्येक वर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रतियोगिता अन्तर्गत हिन्दी दिवस विषयक सर्वप्रथम निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अनामिका ने प्रथम स्थान कीर्ति राजपूत ने द्वितीय स्थान व मोहन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता अन्तर्गत प्रथम स्थान विजय विश्वास, द्वितीय स्थान मोहन व तृतीय स्थान आलोक ने प्राप्त किया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों व सम्मानित अध्यापकगणों द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मण्डल अन्तर्गत सहायक अध्यापक अजय कुमार अवस्थी, सुरेश चन्द्र, विजयवीर सिंह, साधना कुशवाहा रहे। आयोजकगणों द्वारा निर्णायक मण्डल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त स्मरण मन्नू भंडारी विशेषांक खुशबू पाल, रश्मी भारती, गणपति सिंह व समस्त अध्यापकगणों को देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष सहयोग राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आशीष यादव, सुरजीत, रवि सक्सेना व युवा स्वयंसेवी हरिकेश, अनामिका आदि का रहा।

### घायल अवस्था में मिले जिम संचालक की मौत

**बरेली।** घायल अवस्था में मिले एक जिम संचालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया परिजनों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने सड़क हादसे की आंशका जताकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गोटिया निवासी 40 वर्षीय प्रेम कुमार कि आज सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत में घर वालों ने बताया कि वह सैदपुर हॉकिंस में प्रेम हेल्थ क्लब नाम से जिम चलाते थे पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद प्रदीप ने बताया कि उनका भाई प्रेम बुधवार रात को जिम बंद करने के बाद से लापता हो गया घरवालों ने रात भर उसे तलाश किया उसका कुछ पता नहीं चला कुदेशिया फाटक के पास वह घायल हालत में मिला सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया यहां उसकी मौत हो गई प्रदीप ने बताया कि रास्ते में वह दो लड़कियों और एक लड़के का नाम ले रहा था परिजनों ने प्रेम की हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्तओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

**संडीला (हरदोई)।** अधिवक्तओं के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गयी बरबर एवं दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में अधिवक्तओं ने विरोध मार्च निकाल प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। हापुड़ काण्ड के विरोध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश भर के अधिवक्तागण हड़ताल पर रहकर घटन में शामिल दोशी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई और अधिवक्तओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर विभिन्न प्रकार के विरोध कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी क्रम में अधिवक्ताओं ने इस एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीशचन्द्र



एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ता समिति भवन से विरोध मार्च निकाला। इसके बाद पुराने तहसील भवन के सामने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका और सरकार विरोधी नारे लगाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक दोशी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### शराबी पति से तंग आकर नव विवाहिता ने की आत्महत्या

**संडीला(हरदोई)।** शराबी पति की हरकतों से तंग आकर एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रप्ति जानकारी के अनुसार गणेश पुरवा थोकमाधव थाना बघौली निवासी विनीता पुत्री रामकुमार का विवाह 14 मई 2023 को ग्राम दुबघटिया निवासी रामसेवक पुत्र सर्जू के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति रामसेवक शराब पीकर विनीता को प्रताड़ित करने लगा था। विनीता ने इसकी जानकारी अपने परिजन को दी थी लेकिन परिजन ने उसे समझा बुझाकर तथा यह आशवासन देकर ससुराल भेज दिया कि थोड़े दिन में सबकुछ सामान्य हो जाएगा लेकिन उसके पति पर कोई असर नहीं हुआ और अंततः इस सबसे तंग आकर विनीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### विधायक ने एक करोड़ 84 लाख कराए अवमुक्त

**संडीला (हरदोई)।** पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए विधायक ने 1 करोड़ 84 लाख रुपए मुक्त कराए। क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने संडीला नगर के विकास के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा को पत्र लिखकर विकास कार्यों के लिए धनराशि की मांग की थी। विधायक की मांग पर नगर विकास विभाग ने 1 करोड़ 84 लाख रुपए अवमुक्त कर दिए। इस संबंध में विधायक अलका अर्कवंशी ने प्रेस वक्तव्य में बताया कि वॉर्ड न01 से 4 तक सड़क निर्माण और हाई मास्ट लाइट के लिए प्रथम किश्त के रूप में 46 लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त हो चुके हैं। इस धनराशि मानक के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएं। शेष धनराशि भी शीघ्र ही नगर पालिका परिषद को प्राप्त हो जाएगी। उन्होंनें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को पत्र भेजकर गुणवत्तापूर्वक कार्य कराने के निर्देश दिए है।

### वकीलों ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



**मोहम्मदी खीरी।** हापुड़ कांड के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन एवम निर्देशन में बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन द्वारा आज उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका गया। साथ ही प्रदेश की अधिवक्ता विरोधी सरकार की रवैये की निंदा की गई। इस अवसर पर बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिह, महामंत्री, कुलदीप सिह, मो. हाशिम सिविल अध्यक्ष राकेश प्रताप पांडे, महामंत्री कमल गुप्ताएरवि शुक्ला, आशुतोष तिवारी, सुरेश चंद्र वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

### पढ़ुआ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुस लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14ण्09ण्2023 को थाना पढ़ुआ पुलिस द्वारा एक अदद देशी तमन्चा 12 बोर मय एक अदद कारतूस 12 बोर जिन्दा बरामद करके अभियुक्त हफीज पुत्र सज्जाद उर्फ छुट्टन नि0 ग्राम सोठियाना थाना पढ़ुआ जनपद खीरी को रायपुर जाने वाले खडंजे पर पानी की टंकी के पास बहद ग्राम दुलही से समय 10.50 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 106/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।



### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बरेली।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के अंतर्गत जनपद में बढ़ई, राजमिस्त्री, नाई, लोहार, कुम्हार, सुनार व टोकरी बुनकर ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20 सितंबर, 2023 तक कर सकते हैं। आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक पारंपरिक बढ़ई, राजमिस्त्री, नाई, लोहार, कुम्हार, सुनार व टोकरी बुनकर के क्षेत्र में कार्य करता हो। शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, परिवार की वार्षिक आय तथा जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। बरेली का निवासी होना अनिवार्य है आवेदक का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। लाभार्थी को 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, 34 सिविल लाइंस, बरेली अथवा सहा. प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव का मो. 8447142678 पर संपर्क कर सकते हैं।

## दस मोचियों को वितरित किए छाते



**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई लखीमपुर खीरी के द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जैथरा एमरान जेसीआई जन सम्पर्क सप्ताह 2023 के अंतर्गत छठे दिन 14 सितंबर 2023 को जेसी सौरभ गुप्ता की अध्यक्षता, शुभम टंडन सप्ताह संयोजक, योगेश जोशी सप्ताह प्रभारी, अतिन गर्ग कार्यक्रम प्रभारी के मार्गदर्शन में ऋतिक साहू, असद हुसैन के कुशल निर्देशन में जेसीआई लखीमपुर खीरी व न्यू मॉडर्न शू कंपनी के सहयोग से नगर में द साइलेंट वर्कस फोकस कार्यक्रम के अंतर्गत 10 मोची भाइयों को छाते वितरित किए गए। इस कार्यक्रम मे संस्था के फाउंडर सदस्य पूर्वाध्यक्ष अशोक गुप्ता, राम मोहन गुप्ता, संकटा देवी चौकी इंचार्ज कंचन सिंह जी, अतिन गर्ग, योगेश जोशीए शुभम टंडन, अमित अग्रवाल, रामजी पुरी, बीके सिंह पत्रकार बंधु एवं जेसी सदस्य उपस्थित रहे।

### दुकान के बाहर सो रहे व्यापारी की हत्या

**बरेली।** दुकान के बाहर चबूतरे पर सोते समय एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई हमलावर ने सिर में धारदार हथियार से हमला किया और फरार हो गया सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ तृतीय आशीष प्रताप सिंह और इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने जांच पड़ताल की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी 60 वर्षीय जहूर मोहम्मद की गांव में मुख्य मार्ग पर परचून की दुकान है और कुछ ही दूरी पर अंदर गली में उसका घर है बुधवार रात वह दुकान के बाहर सो रहे थे रात में किसी समय धारदार हथियार से सोते समय उनके सिर में हमला कर हत्या कर दी गई गुरुवार तड़के उनका बेटा अमजाद उन्हें नमाज के लिए उठाने आया तो पिता का लहूलुहान शव देखकर उसकी चीख निकल गई कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

## फसल अवशेष जलाये जाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम को जनपद स्तर पर सेल का हुआ गठन

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में खरीफ मौसम में फसल अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित ओरिजनल अप्लीकोन-886ध2018 श्रीमती गंगा लालवानी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एण्ड अदर्स में भारत सरकार एवं अन्य की सुनवाई करते हुए मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण दिनांक 01 अक्टूबर, 2019 की सुनवाई के उपरांत फसल अवशेष जलाये जाने से हो रहे वायु प्रदूषण की रोकथाम किये जाने हेतु जनपद स्तर पर एक सेल का गठन करते हुये प्रत्येक दिन अनुश्रवण किये जाने के निर्देशध्निर्णय के परिपालन हेतु जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में सेल का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक (शहरी/ग्रामीण), परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त अधिशासी अधियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक निदेशक (मत्स्य), समस्त उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदस्य के रूप में सम्मिलित होगें तथा जिला कृषि अधिकारी व जिला गन्ना अधिकारी सदस्यध्सचिव रहेगें।

## घर-घर जाकर मिट्टी व अक्षत संग्रहित किया



**शाहजहांपुर।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश में अक्षत व मिट्टी के संग्रहण को लेकर चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के सम्बंध में नगर आयुक्त संतोष शर्मा की हिदायत के मद्देनजर आज कर अधीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने नगर क्षेत्र के बीबीजई हददफ में क्षेत्रीय पार्षद राजेश गंगवार एवं पार्षद कृष्ण कुमार सक्सेना के साथ अमृत कलश हेतु बड़े ही हर्षोउल्लास व ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर जाकर मिट्टी व अक्षत संग्रहण किया गया। इस अवसर पर जन-सामान्य द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर इस कार्य की प्रंशसा की गई। इस अवसर पर अभियान में नगर निगम टीम एवं क्षेत्रीय सम्भ्रांत लोगो ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय और होम्योपैथिक चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी ने आज रामगंगा ब्रिज के निकट ग्राम अंगूरी, चौबारी में स्थित श्रीमती जयदेवी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में पठन-पाठन, स्वच्छता तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपस्थित छात्रध् छात्राओं से सम्बंधित विषय में जानकारी भी ली। उन्होंने विद्यालय में बने शौचालय, क्लास रुम आदि को देखा जहां पर सभी व्यवस्थाएं उचित पाई गयी। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों को निर्देश दिये कि विद्यालय को प्रतिदिन समय से संचालित किया जाये तथा बच्चों को उचित शिक्षा दी जाये और विद्यालय में प्रवेश द्वार भी बनाये जाने के निर्देश दिये।उक्त के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय के ही निकट स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया। जहां पर गौपालक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 150 गायें हैं। डीएम ने गौपालक गायों को हरा चारा, भूसा आदि उपलब्ध कराने तथा नियमित गौशाला की साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। उक्त के उपरांत डीएम ने विकास खण्ड क्यारा में बने कम्पोजिट विद्यालय बुखारा एवं होम्योपैथिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। जहां पर सभी व्यवस्थाएं उचित पायी गयी। उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति पंजिका को देखा सभी डॉक्टर उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने उपस्थित डॉक्टरों को निर्देश दिये कि होम्योपैथिक चिकित्सालय के गेट के पास एक बोर्ड लगाया जाये तथा आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित चिकित्सा उपलब्ध करायी जाए। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, होम्योपैथिक चिकित्सालय के डॉक्टर व समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

## एलआईसी ने मनाया हिन्दी दिवस



**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी दिवस का उद्घाटन गुरुवार को प्रादेशिक प्रबन्धक देबू कुमार चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर क्षेत्रीय कार्यालय भवन के मुख्य द्वार पर किया गया। इस अवसर पर कविता मनमोहन प्रादेशिक प्रबन्धक, कार्मिक एवं औ.सं., राजीव शर्मा, मुख्य अभियंता, नीरज जायसवाल प्रादेशिक प्रबन्धक बीमांकन सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने संदेश दिया कि व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के युग में अपने उत्पाद एवं सेवायें जन सामान्य तक सम्प्रेषण हेतु हिन्दी भाषा का महत्व सर्वविदित है। हम पॉलिसी सेवा के विभिन्न आयामों को हिन्दी के प्रयोग द्वारा जनता के सभी वर्गों तक सफलतापूर्वक पहुँचाने में न केवल सक्षम हो सके है बल्कि ग्राहक संतुष्टि के उच्चतम कीर्तिमान भी हिन्दी संवाद के माध्यम से स्थापित किए गए हैं। हमारा निगम उत्पादों एवं सेवायें जन जन तक पहुँचाने हेतु हिन्दी भाषा का प्रयोग करता हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्तरोत्तर विकास में हिन्दी का अनुकरणीय योगदान रहा है। इस अवसर पर प्रादेशिक प्रबन्धक देव कुमार चौधरी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम एक विशाल संगठन है जो कि बीमा उत्पादों के माध्यम से यह जनमानस के साथ साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता है। जन मानस से जुडव के लिए राजभाषा हिन्दी एक सबल माध्यम हैं एवं यह निगम व्यवसाय के सर्वांगीण विकास में सहायक है। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु कहा।

### हिंदी भारतीय परंपरा, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक: कृष्ण कुमार



**लखनऊ।** हिंदी भारतीय परंपराए जीवन मूल्यों, संस्कृति व संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। इसके प्रचार.प्रसार से देश में एकता की भावना और सुदृढ़ होगी। सृजन एवं अभिव्यक्ति की दृष्टि से हिंदी दुनिया की अग्रणी भाषाओं में से एक है। ऐसे में हिंदी में गर्व से कार्य करने और अपनी भाषा को समृद्ध करने में सभी को योगदान देना होगा। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने गुरुवार को डाक विभाग द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित हिंदी दिवस और तदनुसार आरम्भ हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए किया। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि अनेकता में एकता को स्थापित करने की सूत्रधार हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, इसकी सबसे बड़ी ताक़त इसकी मौलिकता और सरलता है। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। आज संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। सहायक निदेशक राजभाषा बृजेश शर्मा ने बताया कि डाक विभाग की ओर से 14 से 29 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़े में तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

# भदई अमावस्या पर तपोभूमि चित्रकूट में उमड़ा आस्था का सैलाब






संवाददाता। चित्रकूट

**भदई** अमावस्या पर भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देश भर से आये लाखों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद रामघाट में भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित मत्तगजेंद्र नाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाकर देश के सुख समृद्धि की कामना की। अमावस्या मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं के भारी जमावड़े को दृष्टिगत रख यूपी-एमपी शासन-प्रशासन द्वारा मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### ● आस्था की डुबकी लगा लाखों श्रद्धालुओं ने की कामदगिरि की परिक्रमा

भदई अमावस्या पर विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के जयकारों से गूंज रही है।

देश भर से आये लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्तगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजन किया। कई वर्षो बाद श्रद्धालुओं के उमडे सैलाब से मंदाकिनी के रामघाट एवं कामदगिरि परिक्रमा में सुबह से तिल रखने की जगह नहीं थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा मेला स्पेशल ट्रेने व उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं। वहीं मंदाकिनी नदी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोरों की तैनाती की गई है। इसके अलावा मेला परिक्षेत्र में यूपी व एमपी जिला प्रशासन के अधिकारी व पुलिस टीमें अपने-अपने इलाके में गश्त कर रही हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय सुबह से ही मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपल दास महाराज का कहना है कि चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध तीर्थ है। यहां भगवान श्रीराम ने वनवास काल के साढ़े 11 वर्ष व्यतीत किये थे। भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज ने बताया कि भाद्रपद की अमावस्या के दिन सनातन धर्म में पूर्वजों की आत्मा की तृप्ति के लिए श्राद्ध कर्म करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। इससे सदफल प्राप्त होता है।

## श्रद्धालुओं के लिए किया गया भंडारे का आयोजन



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन चित्रकूट के पदाधिकारियों द्वारा चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में हजारों श्रद्धालुओं को कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। व भगवान कामदानाथ जी चित्रकूट धाम की जय जयकार की भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। गल्ला व्यापारियों के सहयोग से चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन के बाहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने अन्य लोगों के साथ भंडारे का शुभारंभ किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने व्यापारियों की पहल की जमकर सराहना की।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर भारतः आर के सिंह पटेल

### ● मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का बांदा चित्रकूट सांसद ने किया शुभारंभ



संवाददाता। चित्रकूट

**मेरी** माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मऊ नगर पंचायत के डाक बगला मोहल्ले व विकास खंड पहाड़ी के कनकोटा आदि ग्राम पंचायत में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक परिवार के आंगन की मिट्टी अमृत कलश में एकत्र कर ग्रामीणों को पीएम मोदी द्वारा अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई।

अभियान की शुरूआत करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का है। सांसद ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा भारत देश जी-20 की अगवाई कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अगवाई में देश के वैज्ञानिक चंद्रयान-3 का सफ्ल परीक्षण कर विश्व पटल प्रदेश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। हमारे डॉक्टर ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में देश के नागरिकों को वैक्सीनेशन कराकर उनकी जान बचाने का कार्य किया है।

हमारे देश में आजादी के 75 वर्षों बाद शहीदों के नाम पर शीलाफलकम लगाकर देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को मोदी जी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य कर रहे हैं। सांसद श्री पटेल ने में शीलाफ्लकम का लोकार्पण किया तथा अमृत सरोवर के किनारे 75 वृक्षों को रोपित किया। इस अवसर पर पांच प्राण की शपथ दिलाई गई। श्री पटेल ने बताया कि गांव से एकत्र की गई मिट्टी से ब्लॉक परिसर में वृक्षारोपण होगा

# स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने की महत्वपूर्ण पहल है आयुष्मान भवः



**उरई,** जालौन। आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने की दिशा में महामहिम राष्ट्रपति भारत के द्वारा शुरू किए गए आयुष्मान भवः देशव्यापी अभियान के क्रम में यहां जनपद में भी 13 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पांच घटकों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमे सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा और आयुष्मान ग्राम पंचायत नगरी वार्ड शामिल हैं।

यह बात आज गुरुवार को जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने आयुष्मान भवः अभियान को लेकर आयोजित वार्ता के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जन समुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संतुष्ट करने के उद्देश्य से आयुष्मान भव का संचालन 17 सितंबर 2023 से किया जाना है इस अभियान के प्रथम घटक के तौर पर सेवा पखवाड़ा आयोजित होगा जो की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक जनपद के सभी हवस पीएचसी सीएचसी जिला अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़े के तौर पर आयोजित होगा जिसमें रक्तदान और मृत्यु के पश्चात अंगदान हेतु लोगों को प्रेरित करना और उन्हें शपथ दिलाने का कार्यक्रम किया जाएगा।

## बिजली विभाग के अड़ियल रवैये से व्यापारियों में आक्रोश

**माधौगढ़ ,** जालौन। विद्युत विभाग के मनमाने और भ्रष्ट रवैये के कारण नगर के व्यापारियों और जनता में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। आए दिन बिजली चेकिंग के नाम और शंट मीटर के नाम पर लाखों रुपए की वसूली की जा रही है। कुछ दिन पूर्व में एसडीओ और एसडीओ मीटर ने सयुंक्त रूप से चेकिंग के नाम पर भाजपा और आरएसएस के लोगों को टारगेट कर एफआईआर करा दीं। जबकि विद्युत विभाग के कृपा पात्र लोगों के बिल न के बराबर आ रहे हैं। इस बात से व्यापारियों में भारी नाराजगी है। जिसको लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष, भाजपा के मंडल अध्यक्ष और व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। नगर में आये दिन बिजली चोरी के नाम पर उपभोक्ताओं को लगातार परेशान किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

**लखनऊ।** सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण से पहले फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक सेलर्स को जोड़ने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं की संख्या में 27 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ यह उपलब्धि देश में विक्रेताओं एवं एमएसएमई के मजबूत हो रहे इकोसिस्टम को दर्शाता है। यह उस भरोसे का प्रमाण है जो अपने व्यवसाय को डिजिटल एवं आधुनिक बनाने बाजार में पहुंच का विस्तार करने और आय में सुधार के लिए ई.कॉमर्स की ताकत का लाभ उठाने के लिए विश्वसनीय भागीदार के रूप में एमएसएमईए छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों ने जताया है। रजनीश कुमार ने कहा अब ऐसे अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# दो अंतरजनपदीय शातिर बदमाश पुलिस से मुठभेड़ में हुए घायल

### ● टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देकर हो जाते थे फ़रार

### ● पकड़े गये बदमाशों पर रेप, चोरी जैसे संगीन मामले हैं दर्ज



संवाददाता। उरई, जालौन

**कदौरा** पुलिस एसओजी टीम को आपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कामयाबी मिली है। इस आपरेशन के तहत जनपद में टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है, इस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से दो अंतर्जनपदीय बदमाश घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों के पास से अवैध तमंचे व कारतूस भी बरामद हुये है। जिन बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है, उनके खिलाफ अलग अलग जनपदों में रेप, चोरी सहित आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं जिनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

कदौरा पुलिस, एसओजी तथा सर्विलांस टीम की यह मुठभेड़ हरचंदपुर रोड के पास हुई। इस मुठभेड़ के बारे में कालपी सर्किल के क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पचौरी ने बताया कि विगत कई दिनों से कदौरा तथा कालपी क्षेत्र में लोगों के साथ टप्पेबाजी की घटना घटित हुई थी, जिसकी शिकायत थाने में लेकर फरियादी आ रहे थे, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि बाइक सवार युवक कहीं न कहीं से अपना रिश्तेदार बताकर उनके जेब और बैग से रुपए जेवरात उड़ा दे रहे है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुये जालौन के पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गये थे

## हिन्दी दिवस पर कारागार में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**कानपुर देहात।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार चन्द्रशेखर, प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के दिशा-निर्देश में शिवा नन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा हिन्दी दिवस पर जनपद कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा में फूलार्पण कर किया गया। साथ ही साथ नामित सचिव द्वारा कहा गया कि मेरे देश की भाषा ऊंच नीच को नहीं मानती है इसमें कोई शब्द छोटा या बड़ा नहीं होता है और आधे अक्षर को सहारा देने के लिए पूर अक्षर हमेशा तैयार रहता है इसी प्रकार समाज में भी होना चाहिए। एक मुहावरा भी उन्होंने कहा कि अब ना हम विवश ना हम गुलाम, निज भाषा, निज देश वेश पर, आओ गर्व करें ।

### ● सिठमरा के बच्चों ने बताया हिन्दी का महत्व

14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने निर्णय लिया कि हिंदी भारत की आधिकारिक भाषा होगी देवनागरीय लिपि हिंदी हमारी मातृभाषा राजभाषा और राष्ट्रभाषा है उक्त बात कक्षा 8 की मॉनिटर छात्रा खुशाली ने अपने सहपाठी बच्चों को संबोधित करते हुए कही। शिक्षिका माया देवी और गुंजन पांडे ने बच्चों की सहायता से हिंदी पेड़ का आकर्षक मॉडल बनाया।

# पेज एक का शेष

## संसद का...

मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। तीन लाइन के इस व्हिप में कहा गया है, राज्यसभा में कांग्रेस के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे 18 सितंबर से 22 सितंबर, 2023 तक सदन की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें। लोकसभा में कांग्रेस के सभी सदस्यों के लिए इसी तरह का व्हिप जारी किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संसद के विशेष सत्र के एजेंडे की घोषणा के बाद बुधवार को कहा था कि इसमें जो विषय शामिल किए गए हैं उनके लिए शीतकालीन सत्र का भी इंतजार किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि पर्दे के पीछे कुछ और है। लोकसभा सचिवालय द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, पांच दिन के विशेष सत्र के दौरान संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर चर्चा होगी। इसमें इस चर्चा के अलावा चार विधेयकों का भी उल्लेख है। बुलेटिन में कहा गया है कि इस सत्र के दौरान एडवोकेट संशोधन विधेयक 2023 और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023 सूचीबद्ध है जो राज्यसभा से पारित हो चुके हैं एवं लोकसभा में लंबित हैं। वहीं, डाकघर विधेयक 2023 तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त, अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्त विधेयक 2023 भी सूचीबद्ध है। डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। वह ऐसा इसलिए कह रहा है क्योंकि कार्यसूची में उन्होंने एक बहुत ही डराने वाली पंक्ति लिखी है। उन्होंने लिखा है कि यह पूरी कार्यसूची नहीं है। इसलिए सत्तापक्ष अंतिम क्षणों में और भी कुछ हैरान करने वाली बात इसमें जोड़ सकते हैं। 18 सितंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय संसद सत्र की कार्यसूची को लेकर विपक्षी नेता लगातार सवाल उठा रहे हैं। लोकसभा सचिवालय द्वारा बुधवार रात को 17वीं लोकसभा के 13वें सत्र के लिए सरकार के विधाई कामकाज की अस्थाई सूची जारी की गई। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए पेश किया जा सकता है। बुलेटिन के अनुसार, इसमें संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर चर्चा के अलावा चार विधेयकों का भी उल्लेख है। राज्यसभा सांसद और राजद नेता मनोज झा ने कहा कि जब सत्र की घोषणा की जाती है तो सदन में उपस्थित रहना किसी भी सांसद की नैतिक जिम्मेदारी है।

## टीआरएफ ने...

पूर्व संध्या पर दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में तीन सैन्य कर्मियों पर घात लगाकर हमला किया गया। हाल ही में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में हुए हमले ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के ऊपरी क्षेत्र में सुरक्षा कवच को हिलाकर रख दिया है। इस हमले में 19 राष्ट्रीय राइफल्स के एक कमांडिंग ऑफिसर, एक सेना का मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक की मौत हो गई। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को जम्मू में संवाददाताओं से कहा कि आंतरिक सुरक्षा की प्रगति में बाधा डालने के लिए पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में विदेशी आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेना ने राजौरी और पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर विदेशी आतंकवादियों को मार गिराने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि बेहतर आंतरिक परिस्थितियों (सुरक्षा स्थिति) के बावजूद पाकिस्तान लगातार विदेशी आतंकवादियों को यहां भेजने की कोशिश में जुटा है ताकि वे किसी तरह की गड़बड़ी कर माहौल को खराब कर सकें। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम हमले में शामिल आतंकियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल वाले कोकेरनाग के पास गारोल के घने जंगली इलाके में गुरुवार को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है। आतंकवादियों के भागने के संभावित मार्गों को बंद करने के लिए नई सेना भेजने के अलावा, सेना अधिकारियों ने क्षेत्र में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अत्यधिक सक्षम निगरानी पॉड्स के साथ हेरॉन ड्रोन को भी तैनात किया है। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षाकर्मी अंधेरे में बिना किसी बाधा के काम करने के लिए रात्रि दृष्टि उपकरणों से भी सुसज्जित हैं। चिनार कोर के वरिष्ठ अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एक अलग बयान में, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने अनंतनाग जिले में हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को घेर लिया है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और डीएसपी हुमायूं भट की अटूट वीरता को सच्ची श्रद्धांजलि, जिन्होंने इस ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हमारी सेनाएं उजैर खान सहित एलईटी के 2 आतंकवादियों को घेरने में दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई हैं। दूसरी ओर, सेना के एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी की शहादत के विरोध में कोकेरनाग शहर गुरुवार को पूरी तरह से बंद रहा और हर जगह काले झंडे लगाए गए। जम्मू में भी सुरक्षाकर्मियों की हत्या के खिलाफ कई जगहों पर पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन देखा गया। पनुन कश्मीर और ईक सनातम भारत दल (ईएसबीडी) ने सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी तंत्र के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की मांग की। जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष अरुण प्रभात के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने पक्का डांगा में विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समर्थन देने और बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए और देश के झंडे के पोस्टर जलाए। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता के बाद भारत की लोकप्रियता से पाकिस्तान बौखला गया है। इसलिए वे जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। वे क्षेत्र में परेशानी पैदा करना चाहते हैं, प्रभात ने यहां संवाददाताओं से कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीमा पार आतंकवाद के स्रोत से सख्ती से निपटने का आग्रह किया। डोगरा फ्रंट शिव सेना (डीएफएसएस) के कार्यकर्ताओं ने जम्मू में विरोध मार्च निकाला और पीओके में आतंकी ढांचे पर नए सिरे से हमले की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और पाकिस्तानी झंडों को आग के हवाले किया। श्रीनगर से संसद सदस्य और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को आग में घी डालते हुए कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान रक्तपात को समाप्त करना चाहते हैं और जम्मू कश्मीर में स्थायी शांति चाहते हैं तो उन्हें बातचीत की मेज पर आना होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि युद्धों से न तो अतीत में मुद्दे सुलझते थे और न ही वे भविष्य में शांति लाएंगे। अगर बातचीत नहीं होगी तो ऐसी घटनाएं जारी रहेंगी। हम मूर्ख हैं अगर हम सोचते हैं कि यह (हिंसा) रुक जाएगी। हम जान गंवाते रहेंगे, संवाद के अलावा कोई रास्ता नहीं है। दोनों देशों को अपनी जिद छोड़नी चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। जम्मू में जम्मू-कश्मीर बीजेपी प्रमुख रविंदर रैना ने कहा कि इस समय किसी को भी राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए और ऐसा कोई बयान नहीं देना चाहिए जिससे इस देश के लोगों की भावनाएं आहत हों।

## सुरक्षा बलों...

और पुलिसकर्मियों ने इलाके के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर रखी है। पूरे दिन गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं लेकिन किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। इससे पहले दिन में, पुलिस ने कहा कि उसने अनंतनाग जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को घेर लिया है, जहां सुरक्षा बल के चार जवान-19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोचक, पुलिस उपाधीक्षक हुमायू भट्ट और एक सैनिक - बुधवार को मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोचक और डीएसपी हुमायूं भट्ट की अटूट वीरता को सच्ची श्रद्धांजलि, जिन्होंने इस अभियान के दौरान अपने जीवन का बलिदान कर दिया। हमारी सेनाएं उजैर खान सहित लश्कर के दो आतंकवादियों को घेरने के लिए अटूट संकल्प के साथ डटी हुई हैं। भट्ट को हुमहामा स्थित उनके पारिवारिक घर के पास एक कब्रिस्तान में दफनाया गया, जबकि कर्नल सिंह और मेजर ढोचक के पार्थिव शरीर को आज दोपहर कोकेरनाग से बादामीबाग में सेना के 92 बेस अस्पताल हवाई मार्ग से ले जाया गया।

## अमेरिका में...

अधिकारियों ने राजदूत और भारत सरकार को आश्वासन दिया है कि उन्होंने पूरी घटना को बहुत गंभीरता से लिया है। अधिकारियों ने कहा कि वे घटना को लेकर 'स्तब्ध' और 'सहमे' हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बुधवार को कंडुला की मौत के मामले में जांच के तरीकों को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमने इस दुखद मामले में शामिल लोगों के खिलाफ गहन जांच और कार्रवाई के लिए सिएटल और वाशिंगटन राज्य के स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ वाशिंगटन डीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष इस मामले को दृढ़ता से उठाया है। पोस्ट में कहा गया है, वाणिज्य दूतावास और दूतावास सभी संबंधित अधिकारियों के साथ इस मामले पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे। भारतीय अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि जाह्नवी कंडुला भारत से स्नातक कार्य के लिए यहां आई थीं। पुलिस की एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही कंडुला की हत्या कर दी और अधिकारी ऑडरर का कहना है कि उसके जीवन का 'सीमित मूल्य' था। इस पर मुझे अपने पिता का ख्याल आया जो 20 साल की उम्र में यहां आए थे। मिस्टर ऑडरर, प्रत्येक भारतीय अप्रवासी का जीवन अनंत मूल्यवान है। खन्ना ने कहा, जो कोई भी सोचता है कि मानव जीवन का 'सीमित मूल्य' है तो उसे कानून प्रवर्तन में सेवा नहीं देनी चाहिए। भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा, यह भयावह है। मुझे आशा है कि मैं जाह्नवी कंडुला के परिवार के लिए न्याय और इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराए जाते देखूंगी। कंडूला परिवार को लिखे एक पत्र में सिएटल शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणियां शहर या समुदायों की भावनाओं को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय महावाणिज्य दूत अशोक मंडुला इस मुद्दे पर सिएटल शहर और वाशिंगटन राज्य के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

## शिक्षक की...

मामले मे पहले भी मृत्यु दंड की सजा सुना चुकी है। यह दोनों भोपाल उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट मामले में भी आरोपी हैं। इस मामले का विचारण अभी भोपाल की एनआईए कोर्ट मे लंबित है। उल्लेखनीय है कि 24 अक्टूबर 2016 को कानपुर में एक सेवानिवृत प्रधानाचार्य रमेश बाबू शुक्ला की हत्या हुई थी। वह स्वामी आत्म प्रकाश ब्रह्मचारी जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य थे। अभियुक्तों ने उनके हाथ मे बंधे कलावा से हिंदू पहचान सुनिश्चित कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले की एफ्आईआर उनके बेटे अक्षय शुक्ला ने थाना चकेरी मे अज्ञात में दर्ज कराई थी। इधर, आठ मार्च 2017 को भोपाल उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में ब्लास्ट हुआ और उसी रोज लखनऊ में आतंकी गतिविधियों की साजिश में शामिल रहे इस्लामिक स्टेट का सक्रिय सदस्य सैफुल्लाह एक मुठभेड़ में मारा गया। सैफुल्लाह के घर से आठ रिवाल्वर व भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए थे। इस मामले की एफआईआर असीम अरुण ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना एनआईए को सौंप दी गई। उधर, ट्रेन ब्लास्ट मामले में आतिफमुजफ्फर भोपाल में गिरफ्तार किया गया। इसने पूछताछ में एटीएस भोपाल के अधिकारियों को बताया कि उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ कानपुर में प्रधानाचार्य की हत्या की थी। उसकी इस संस्वीकृति के बाद प्रधानाचार्य की हत्या का मुकदमा एनआईए लखनऊ मे पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान सैफुल्लाह के घर से बरामद पिस्टल और प्रधानाचार्य के शरीर से बरामद कारतूस का परीक्षण एफएसएल चंडीगढ़ मे किया गया। परीक्षण मे पाया गया कि बरामद पिस्टल से ही प्रधानाचार्य को गोली मारी गई है। विवेचना मे अभियुक्तों के मोबाइल में इस हत्या से संबंधित समाचारों की क्लिपिंग पाई गईं। उनके मोबाइल की लोकेशन भी घटनास्थल के पास पाई गई। विवेचना के पश्चात एनआईए ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें एक अभियुक्त सैफुल्लाह पहले ही एनकाउंटर मे मारा जा चुका था। 10 सितंबरए 2018 को अभियुक्तों पर आरोप तय हुआ। अभियोजन की ओर से 61 दस्तावेजी साक्ष्य और 64 गवाहों की सूची दाखिल की गई थी। विचारण के दौरान अदालत के समक्ष प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरूण समेत 29 गवाह पेश किए गए थे। जाजमऊ निवासी मुस्लिम साक्षियों ने भी गवाही दी थी। बीते चार सितंबर को विशेष अदालत ने इन्हें समान आशय से हत्याए साजिश व आर्म्स एक्ट आदि के अलावा आतंकी गतिविधियों के मामले में भी दोषी करार दिया था। 28 फरवरी 2023 को एनआईए,एटीएस की विशेष अदालत ने आईएसआईएस के सात सदस्य मो फैसल, गौस मोहम्मद खान, मो अजहर, आतिफ मुज्जफ्र, मो दानिश, सैयद मीर हसन, आसिफ इकबाल उर्फ राकी को फांसी की सजा सुनाई थी। 16 सितंबर 2022 को राजधानी की एक फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में आरोपी विजय प्रकाश शर्मा व धीरज शर्मा को फांसी की सजा सुनाई थी। 15 मार्च 2022 को छह साल की मासुम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले एक रिश्तेदार को पॉक्सो की विशेष अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। 30 सितंबर 2021 को पांच माह की दुधमुही बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाले रिश्तेदार को विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। 24 जनवरी 2020 को राजधानी की एक सत्र अदालत ने अपनी पत्नी की मां और उसके भाई के अबोध बेटे व मासुम बेटी की हत्या करने वाले को फांसी की सुजाई थी। 17 जनवरी 2020 को छह साल की मासुम बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या करने वाले को भी पॉक्सो की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। 29 अगस्त, 2017 को पत्नी व अपने तीन मासुम बच्चों के कातिल पिता को भी राजधानी की एक अदालत फांसी की सजा सुना चुकी है।

## इंडिया गठबंधन...

एलायंस का असली चेहरा है। कार्रवाई को उचित ठहराते हुए, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कुछ चैनलों ने पिछले नौ वर्षों से नफरत का बाजार लगा रखा है। विपक्षी गुट इंडिया ऐसी किसी भी कार्रवाई में भागीदार नहीं बनना चाहता जो समाज में नफरत फैलाती हो। हम किसी भी एंकर के विरोधी नहीं हैं, लेकिन वह ऐसे प्रयासों में भागीदार नहीं बनना चाहते हैं। खेड़ा ने कहा कि वे मीम बना सकते हैं या अपने नेताओं को निशाना बना सकते हैं लेकिन ऐसा माहौल नहीं बनाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, वह इस नफरत के बाजार में ग्राहक नहीं बनेंगे। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी और उनकी मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि एंकरों के भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके घटक सिर्फ दो चीजें कर रहे हैं, जिनमें सनातन संस्कृति को कोसना और मीडिया को धमकी देना शामिल हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया, इन दलों में आपातकाल के दौर की मानसिकता जिंदा है। आईएनडीआई गठबंधन को अपनी हरकतों से तुरंत बाज आना चाहिए। उन्हें इसके बजाय रचनात्मक कार्य और लोगों की सेवा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नड्डा की यह टिप्पणी कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति ने मीडिया से संबंधित कार्य समूह को उन एंकरों के नाम तय करने के लिए अधिकत किया है, जिनके शो पर विपक्षी गठबंधन का कोई भी सदस्य अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में मीडिया को धमकी देने और अलग-अलग विचारों वाले लोगों को चुप कराने के कई उदाहरण हैं। इस क्रम में उन्होंने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पंडित नेहरू ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया और उनकी आलोचना करने वालों को गिरफ्तार किया। इंदिरा जी तो इस मामले में स्वर्ण पदक विजेता बनी हुई हैं। उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका, प्रतिबद्ध नौकरशाही का आह्वान किया और भयावह आपातकाल लगाया। राजीव जी ने मीडिया को राज्य के नियंत्रण में लाने की कोशिश की लेकिन बुरी तरह विफल रहे। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार सोशल मीडिया हैंडल पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध लगा रही थी क्योंकि कांग्रेस को उनके विचार पसंद नहीं थे। इन दिनों, आईएनडीआई गठबंधन केवल दो चीजें कर रहा है। पहला सनातन संस्कृति को कोसना और दूसर सनातन संस्कृति को गालियां देने में, हर दल में एक दूसरे को पछाड़ने की होड़ मची है। दूसरा, मीडिया को धमकी देना, प्राथमिकी दर्ज करना, पत्रकारों को धमकी देना, पूरी नाजी शैली में सूची बनाना कि किसे निशाना बनाना है। इन दलों में आपातकाल के दौर की मानसिकता जिंदा है।

## जलवायु परिवर्तन...

कहा गया है कि हालांकि यह व्यापक रूप से समझा जाता है कि मौसम, जलवायु और पानी से संबंधित विज्ञान जलवायु कार्रवाई के लिए आधार प्रदान करते हैं, लेकिन यह कम मान्यता है कि ये विज्ञान एसडीजी पर कैसे प्रगति कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, रिपोर्ट में दिखाया गया है कि कैसे मौसम की भविष्यवाणी खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने और भूखमरी समाप्त करने में मदद कर सकती है और कैसे महामारी विज्ञान और जलवायु जानकारी को एकीकृत करने से जलवायु-संवेदनशील बीमारियों का पूर्वानुमान लगाने में मदद मिल सकती है।

# भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी कभी इतनी विविधतापूर्ण नहीं रही : ब्लिंकन

● जी20 सम्मेलन का मिलेगा लाभ

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी कभी इतनी विविधतापूर्ण नहीं रही क्योंकि दोनों देश उन्नत सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग तक हर क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने और राष्ट्रपति जो बाइडन तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के कुछ दिनों बाद ब्लिंकन ने कहा कि भारत और अमेरिका को दोनों नेताओं द्वारा किए गए कई सहयोगों से लाभ होगा। ब्लिंकन ने बुधवार को यहां जॉन्स हॉपकिंस स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज (एसएआईएस) में नए युग में अमेरिकी कूटनीति की शक्ति और उद्देश्य विषय पर अपनी संबोधन में कहा, अमेरिका-भारत की रणनीतिक साझेदारी कभी भी इतनी अधिक विविधतापूर्ण नहीं रही है, क्योंकि हम उन्नत सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग तक हर चीज पर टीम के रूप में काम कर रहे हैं। ब्लिंकन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड साझेदारी को बढ़ाया है ताकि देशों और दुनिया को टीकों के निर्माण से लेकर समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और जलवायु चुनौतियों से निपटने तक, हर विषय पर काम किया जा सके। नवंबर 2017 में चार देशों ने हिंद-प्रशांत में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के वास्ते एक नई रणनीति विकसित करने के लि क्वाड की स्थापना के लंबित प्रस्ताव को आकार दिया।



### गुतारेस ने जी20 की भारत की अध्यक्षता की सराहना की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने बुधवार को जी20 शिखर सम्मेलन की भारत द्वारा की गई अध्यक्षता की सराहना की और रेखांकित किया कि नई दिल्ली ने ग्लोबल साउथ की आवाज का प्रतिनिधित्व करने और समूह के अपने सालभर के नेतृत्व के दौरान विकास के एजेंडे को चर्चा के केंद्र मे रखने की पूरी कोशिश की। गुतारेस ने हाल ही में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन और भारत की अध्यक्षता मे सर्वसम्मति से अपनाए गए नई दिल्ली घोषणापत्र को लेकर पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब मे यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि मुझे भारत की अध्यक्षता का शुक्रिया करना चाहिए। भारत ने अध्यक्षता करते हुए दक्षिण का प्रतिनिधित्व करने और विकास के एजेंडे को जी20 की चर्चा के केंद्र मे रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। गुतारेस ने बुधवार को कहा कि किसी को गांधी के उदाहरण को नही भूलना चाहिए।

# भारतीय मूल के अर्थशास्त्री षणमुगरत्नम ने सिंगापुर के राष्ट्रपति पद की शपथ ली



भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर में** जन्मे भारतीय मूल के अर्थशास्त्री थरमन षणमुगरत्नम ने बृहस्पतिवार को देश के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। थरमन (66) का कार्यकाल छह साल है। उन्होंने हलीमा याकूब की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 13 सितंबर को खत्म हो गया। याकूब सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति थीं। सार्वजनिक सेवा में अपना पूरा जीवन सिंगापुर की सेवा में लगाने वाले षणमुगरत्नम को हाल में हुए चुनाव में मुख्य रूप से देश के चीनी समुदाय का भारी समर्थन मिला था। उन्होंने 2019 से 2023 के बीच एक वरिष्ठ मंत्री के रूप में कार्य किया। वह 2015 से 2023 के बीच सामाजिक नीति समन्वय मंत्रीअ और 2011 से 2023 के बीच सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण के अध्यक्ष रहे। वह मई 2011 से मई 2019 तक सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री भी रहे हैं। सिंगापुर में भारतीय मूल के दो राष्ट्रपति रहे हैं। राजनेता और तमिल मूल के नौकरशाह सेल्लापन रामनाथन सिंगापुर के राष्ट्रपति रहे। रामनाथन 1999 में बेंजामिन शियर्स को हराकर सिंगापुर के राष्ट्रपति बने थे और 2011 तक इस पद पर रहे। वह सबसे लंबे समय तक सिंगापुर के राष्ट्रपति रहे। सी.वी. देवन नायर 1981 से 1985 तक सिंगापुर के तीसरे राष्ट्रपति रहे। 1923 में मलक्का, मलेशिया में जन्मे नायर एक रबड़ बागान में लिपिक (क्लर्क) के तौर पर काम करने वाले आई.वी. करुणाकरण नायर के बेटे थे, जो मूल रूप से केरल के थालास्सेरी के रहने वाले थे।

# लीबिया में भीषण बाढ़ में मृतकों की संख्या 5100 हुई



**डर्ना (लीबिया)।** लीबिया में भीषण बाढ़ में मृतकों की संख्या 5100 हो गई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित डर्ना शहर में अब तक 3000 से अधिक शव दफनाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के कारण देश के पूर्वी हिस्से के शहरों में भीषण बाढ़ आई, लेकिन सबसे अधिक प्रभावित डर्ना हुआ। रविवार रात तूफान तट पर पहुंचा। डर्ना के निवासियों ने कहा कि जब शहर के बाहर बांध ध्वस्त हो गए तो उन्होंने जोरदार धमाकों की आवाज सुनी। बाढ़ के पानी के वाडी डर्ना नामक घाटी में पहुंचने से इमारतें ढह गईं और लोग समुद्र में बह गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार तक डर्ना में मरने वालों की संख्या 5100 बताई है। पूर्वी लीबिया में एक एम्बुलेंस केंद्र के प्रवक्ता ओसामा अली ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कम से कम 9,000 लोग अब भी लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार बाढ़ से डर्ना में कम से कम 30,000 लोग विस्थापित हुए हैं और कई हजार लोगों को अन्य शहरों में अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बाढ़ से डर्ना की ओर जाने वाली कई सड़कें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं जिससे अंतरराष्ट्रीय बचाव टीम और मानवीय सहायता के पहुंचने में बाधा उत्पन्न हुई।

### चीन में पुल निर्माणस्थल पर क्रेन गिरने से छह कामगारों की मौत

**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन में पुल निर्माणस्थल पर एक क्रेन गिरने से छह कामगारों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिआनयांग शहर के परिवहन ब्यूरो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना शहर में तुओ नदी पर एक एक्सप्रेस-वे पुल के निर्माण के दौरान बुधवार को हुई। इस दुर्घटना मे छह कामगारों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### 10 वर्षीय लड़की की मौत के मामले में पाक से लौटे परिवार के तीन सदस्य गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन मे अपने घर मे मृत पाई गई 10 वर्षीय लड़की के परिवार के तीन सदस्यों को हत्या के संदेह में बुधवार को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और ब्रिटेन ले जाया गया, जहां पहुंचने पर उन्हे पुलिस हिरासत मे ले लिया गया। सारा शरीफ 10 अगस्त को लंदन के दक्षिणी बाहरी इलाके वोकिंग मे अपने घर पर मृत पाई गई थी और उनके शरीर पर चोट के काफी सारे निशान थे। ब्रिटेन की पुलिस ने सारा के पिता उरफान शरीफ, उसकी पत्नी बेनाश बतूल और उसके भाई फैजल मलिक की पहचान उन लोगो के रूप मे की जिनसे वे जांच के लिए पूछताछ करना चाहते थे।

### भारतीय मूल के साथी पर हमला करने वाले कोरियाई व्यक्ति पर चलेगा मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य इंडियाना स्थित परड्यू विश्वविद्यालय मे एक कोरियाई व्यक्ति को भारतीय मूल के अपने साथी किराएदार पर चाकू से जानलेवा हमले के आरोप में मुकदमा चलाए जाने के लिए योग्य पाया गया है। अमेरिकी खबरो से यह जानकारी मिली है। इंडियानापोलिस के रहने वाले 20 वर्षीय वरुण मनीष छेड़ा की हत्या के आरोपी जी मिन शा को अप्रैल मे टिपेक्नो काउंटी न्यायाधीश ने मुकदमा चलाए जाने के लिए अयोग्य पाया था। मामला अक्टूबर 2022 का है। टिपेक्नो सर्किट कोर्ट के न्यायाधीश शॉन एम पर्सिन ने अपने अप्रैल के आदेश मे लिखा था कि शा ने बुरे सपने आने की सूचना दी और जेल मे रहते हुए उसे अजीब से पागलपन का अनुभव हुआ साथ ही उसने भ्रम की स्थिति भी महसूस की।

### यूएई पुलिस ने एक अरब डॉलर कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुबई की पुलिस ने दरवाज़ो और सजावटी भवन पैनल की खेप मे छुपाकर रखे गए मादक पदार्थ एम्फ़ैटेमिन की 8.6 करोड़ गोलियां जब्त की है जिनकी अनुमानित कीमत एक अरब डॉलर है। इस पदार्थ को कैप्टागन के तौर पर जाना जाता है। सीरिया की लंबी जंग के दौरान समूचे पश्चिम एशिया मे एम्फ़ैटेमिन की बिक्री बड़ी परेशानी बनी हुई है। यूएई के गृह मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया है जिसमे दिख रहा है कि संदिग्ध दुबई के जबल अली बंदरगाह से एम्फ़ैटेमिन की गोलियो को लाने की कोशिश कर रहे है।

### बांग्लादेश का लोकतंत्र जीवन रक्षक प्रणाली पर क्यो है?

**ओस्लो।** बांग्लादेश मे अगले साल होने वाले संसदीय चुनाव की तारीख तय होने से पहले ही देश पर संभावित रूप से लंबे समय तक चलने वाला राजनीतिक संकट का खतरा मंडराता नजर आ रहा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप 1971 मे जन्म के बाद बांग्लादेश मे लोकतंत्र और कानून का शासन मुश्किलो मे रहा, क्योंकि इसके पहले दशकों मे संस्थापक राष्ट्रपति की हत्या के बाद तख्तापलट और जवाबी तख्ता पलट का दौर रहा।

# बाइडन ने महाभियोग जांच को खारिज किया

● कहा-रिपब्लिकन नेता सरकार का कामकाज ठप करना चाहते हैं

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार देर रात प्रतिनिधि सभा के रिपब्लिकन नेताओं की महाभियोग जांच को खारिज कर दिया और कहा कि रिपब्लिकन नेताओं ने उनके खिलाफ जांच शुरू की क्योंकि वे संघीय सरकार का कामकाज ठप करना चाहते हैं। वर्जीनिया में डेमोक्रेटिक पार्टी के धन जुटाने के कार्यक्रम में बाइडन ने कहा कि जांच के बारे में चिंतित होने के बजाय, मैं उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं जिन पर अमेरिकी लोग चाहते हैं कि मैं अपना ध्यान केंद्रित करूं। स्पीकर केविन मैक्कार्थी के बाइडन पर महाभियोग जांच शुरू करने की घोषणा के बाद राष्ट्रपति की पहली टिप्पणी सामने आई है। बाइडन ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि वे मुझ पर महाभियोग चलाना चाहते हैं क्योंकि वे सरकार का कामकाज ठप करना चाहते हैं। उन्होंने 2024 के चुनाव में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की शीर्ष सहयोगी, मार्जोरी टेलर ग्रीन का भी संदर्भ दिया। उन्होंने कहा, पहली चीज जो वह करना चाहती थी, वह बाइडन पर महाभियोग चलाना था। बाइडन ने वहां मौजूद लोगों से कहा, देखिए मुझे एक काम मिल गया है। मुझे उन मुद्दों से निपटना है जो अमेरिकी लोगों को हर दिन प्रभावित करते हैं। अपने बेटे हंटर और परिवारिक वित्तीय व्यापारिक लेन-देन को लेकर बाइडन पर महाभियोग जांच का निर्देश देने के मैक्कार्थी के अचानक निर्णय से रिपब्लिकन सांसद काफी खुश हो गए। कुछ सांसद तेजी से कार्वाई पर जोर दे रहे हैं, जबकि अन्य को उम्मीद है कि यह चुनावी वर्ष 2024 तक खिंच सकता है।



### अमेरिकी अदालत ने डीएसीए को अवैध करार दियाअ व्हाइट हाउस ने फैसले पर निराशा जताई

**वाशिंगटन।** ह्यूस्टन मे एक संघीय न्यायाधीश ने बचपन में अमेरिका लाए गए सैकड़ों भारतीयों समेत बिना दस्तावेज वाले हजारों अप्रवासियो के निर्वासन को रोकने वाली संघीय नीति को अवैध घोषित कर दिया, लेकिन कहा कि सरकार अपने वर्तमान आवेदको की नवीनीकरण की प्रक्रिया को जारी रख सकती है। अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश एंड्रयू हैनन के बुधवार के फैसले से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय के डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम (डीएसीए) को बड़ा झटका लगा। न्यायाधीश ने लिखा, न्यायालय ने पहले भी कुछ इसी तरह का निर्णय सुनाया था और कहा था कि उन सभी डीएसीए प्राप्तकर्ताओ के लिए रिक्ति की प्रभावी तिथि पर रोक लगाई जाती है, जिन्होंने 16 जुलाई, 2021 से पहले अपनी प्रारंभिक डीएसीए स्थिति प्राप्त की थी।

### ट्रंप, कानूनी टीम को किसी से भी जानकारी साझा नहीं करने की सख्त हिदायत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर फ्लोरिडा मे अपने आवास पर गोपनीय दस्तावेज रखने के मामले में ट्रंप को गोपनीय दस्तावेजो की समीक्षा के लिए सुरक्षित प्रतिष्ठान का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया, साथ ही इन दस्तावेजो के संबंध मे किसी से भी बात नही करने की सख्त हिदायत भी दी। अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलीन कैनन ने एक आदेश जारी करते हुए कहा कि ट्रंप और उनकी कानूनी टीम इस मामले मे अदालत के अलावा किसी अन्य से गोपनीय सूचना साझा नही कर सकती। न्यायाधीश कैनन ने यह आदेश ट्रंप और मामले मे दो अन्य प्रतिवादियो के वकीलो तथा विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम के अभियोजको की जिरह सुनने के बाद बुधवार को दिया। ट्रंप के वकीलो ने अपने मुवक्किल के लिए वैसा ही सुरक्षित प्रतिष्ठान बनाने का अधिकार मांगा जैसा उन्हे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए गोपनीय दस्तावेजो की समीक्षा के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति थी।

# अमेरिका का राष्ट्रपति बना तो 75 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों को हटा दूंगा: रामास्वामी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 का चुनाव जीत जाते हैं तो संघीय सरकार के 75 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हटा देंगे और एफबीआई जैसी कई प्रमुख एजेंसियों को बंद कर देंगे। अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में रामास्वामी ने कहा कि उनके निशाने पर शिक्षा विभाग, एफबीआई, आबकारी, तंबाकू, शस्त्र और विस्फोटक ब्यूरो, परमाणु नियामक आयोग, (आंतरिक राजस्व सेवा) आईआरएस और वाणिज्य विभाग होगा। रामास्वामी के हवाले से कहा गया है, हम पहले दिन से शुरू कर देंगे, और हम पहले साल के अंत तक कर्मचारियों की संख्या में 50 प्रतिशत कटौती करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि इनमें से 30 प्रतिशत कर्मचारी अगले पांच साल में सेवानिवृत्ति की आयु तक पहुंच जाएंगे। लिहाजा यह जायज है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है। लेकिन यह जितना अजीब लगता है, उतना है नहीं।

जन सूचना

मेरी मुवक्किला श्रीमती लक्ष्मी पत्नी स्व0 श्री विनोद कुमार निवासी बी-2/340बी, गली न0-19, हर्ष विहार, मंडोली, दिल्ली-110093 ने अपने पुत्र रमन व पुत्रवधू शिवानी के दुर्व्यवहार के कारण उनसे अपने संबंध विच्छेद करके अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, अपने किसी भी कार्य, कृत्य व लेन-देन के लिए वें स्वयं जिम्मेदार होंगे।

Sd/-
ANKUR VERMA
ADVOCATE

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given on behalf of our client i.e. Piramal Capital & Housing Finance Limited that 1) Mr. Sanjay Verma & 2) Mr. Ajay Verma intend to purchase & mortgage the Commercial Plot of land area measuring 42.05 Sq. Yds., situated at Mohalla Lamba Bazar, Kasba Dankaur, Pargana Dankaur, Tehsil & District Gautam Budh Nagar (U.P.) with our client, against the financial assistance. Whereas, out of the entire chain link documents Original Sale Deed dt. 10-07-2002, regd. as Doc. No. 3398 in favour of Mr. Mukesh Kumar was already lost/misplaced and in this regard NCR/FIR No. 20230000613441 has been lodged with UP Police. Public is hereby warned not to deal with the above-mentioned documents & the property. If anyone do the same, then he will be responsible for all consequences. If any person(s) having objection with regard to mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address.

DEEPJYOT SINGH, ADVOCATE
A-13, LGF, South Extn-II,
New Delhi-49 # 011-40587824

ई-नीलामी सूचना

आग से प्रभावित सीसीटीवी, बिन्स, आयरन स्क्रैप, प्लास्टिक एवं ग्लास स्क्रैप, सर्वर पीसीबी बोर्ड इत्यादि

इच्छुक खरीदार "आग से प्रभावित सीसीटीवी, बिन्स, आयरन स्क्रैप, प्लास्टिक एवं ग्लास स्क्रैप, सर्वर पीसीबी बोर्ड इत्यादि" का "एक मुश्त" आधार पर निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। विषयगत कबाड़ "जैसा है जहां है", "जो है वहां है" तथा "कोई शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा तथा मैसर्स सर्कुलरिटी सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड का है। उपरोक्त मैटीरियल का निरीक्षण खसरा नंबर 95, 96, सेखेड़ा रोड, मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 में 15-09-2023 से 26-09-2023 के बीच केवल पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री नितिन सिंघल से 9312126919 पर अथवा श्री आदित्य से 9149236228 पर सम्पर्क करें।

ई-नीलामी 27.09.2023 को आयोजित की जाएगी

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों से युक्त फार्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री शमशेर सिंह से 9702985122 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।

नीलामकार : सील दि डील, पंजीकृत कार्यालय 148, पाकेट सी-2, सेक्टर-5, रोहिणी, दिल्ली-110085

फार्म तथा ईएमडी डिमांड ड्राट जमा करने की अंतिम तिथि 26-09-2023 है

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that on the direction of our client Piramal Capital & Housing Finance Limited, Mr. Arun Singal are in process to avail the loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited against his Property No. 313/76, pertaining to Plot No. 3, having land area measuring 338 Sq. Yds. situated at Tulsi Nagar, Delhi having acquired vide Release/Surrender Deed dated 7/6/76 (doc. No. 889) read with Retirement dated 03-04-1973 and Sale Deed dated 19-11-1963 (doc. 457) and whereas he has having undisputed possession of the said property

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# आंग सांग सू ची के बेटे जेल में बंद अपनी मां के स्वास्थ्य और म्यांमा के संकट को लेकर चिंतित



**बैंकॉक।** म्यांमा की अपदस्थ नेता आंग सांग सू ची के छोटे बेटे ने कहा है कि वह जेल में बंद अपनी 78 वर्षीय मां के स्वास्थ्य और म्यांमा के राजनीतिक संकट को लेकर चिंतित हैं। किम एरिस ने लंदन में अपने घर से एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ एक वीडियो साक्षात्कार में बुधवार को कहा, मैं वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार से संपर्क करना चाहता हूं ताकि मुझे पता चले कि वह ठीक हैं, क्योंकि फिलहाल उनके पास कानूनी परामर्श तक पहुंच नहीं है। एरिस ने कहा, उनकी अपने निजी चिकित्सकों तक कोई पहुंच नहीं है। जहां तक मुझे जानकारी है, उनके पास किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। उन्हें अन्य कैदियों के साथ घुलने-मिलने की भी अनुमति नहीं है, जिसका मतलब है कि वह मूल रूप से एकांत कारावास में है। सू ची को 2021 में तब गिरफ्तार किया गया था जब सेना ने उनकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार से सत्ता छीन ली थी। तब से सू ची पर उन अपराधों के लिए एक दर्जन से अधिक आरोपों में मुकदमा चलाया गया और उन्हें दोषी ठहराया गया, जिनके बारे में उनके समर्थकों का कहना है कि उन्हें राजनीति से दूर रखने के लिए मनगढ़ंत बातें रची गई थीं।

# ब्रिटिश संसद ने मामूली और असावधानी में हुई गलती पर पीएम सुनक को फटकार लगाई

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की संसद ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा पत्नी अक्षता मूर्ति की बच्चों की देखभाल संबंधी कंपनी में वित्तीय हित को लेकर दाखिल घोषणा पत्र में गोपनीयता अधिनियम के तहत मामूली और असवाधानीपूर्वक हुई त्रुटि को लेकर फटकार लगाई है। ब्रिटिश ससंद के निम्न सदन हाउस ऑफ कामन की मानक समिति ने पिछले महीने निष्कर्ष निकाला था कि सुनक से कोरू किड्स में अपनी पत्नी के शेयरों का संदर्भ देने में गलती भ्रम के कारण और अनजाने में हुई। सुनक के खिलाफ यह जांच इसलिए की जा रही थी कि कहीं डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का कार्यालय) के प्रवक्ता ने ऐसी जांच के संदर्भ में गोपनीयता संबंधी नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया है, जिसके तहत इस तरह की जांच पूरी होने पर जानकारी देने की मनाही है। समिति ने कहा, समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि गोपनीयता का उल्लंघन असावधानीवश हुआ और सुनक ने इसे स्वीकार किया है। इसलिए समिति कोई प्रतिबंध आदि की सिफारिश नहीं कर रही है।

# डेस्क पर काम करते समय बैठने के तरीके का रखें ध्यान

● देर तक बैठने के बजाय खड़े होना वाकई फायदेमंद है?

भाषा। सिडनी



**आधुनिक समय** में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर सिट-स्टैंड डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या सिट-स्टैंड डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते। निष्क्रय होने की वजह से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे हर दिन लंबा समय बैठकर गुजारने के नकारात्मक प्रभावों को पूरी तरह दूर नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक बैठने के बीच विश्राम लें: बैठे-बैठे काफी समय होने पर बीच में खड़े होने या आसपास चहलकदमी करने से आपके शरीर में रक्तप्रवाह, हृदय की सेहत, मानसिक सेहत और जीवन की अवधि बढ़ सकती है। मॉडलिंग अध्ययनों से पता चलता है कि प्रतिदिन एक घंटे बैठने की जगह एक घंटे खड़े रहने से मोटापा, वसा और कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार होता है। जब बैठने की जगह टहला जाए या मध्यम से लेकर कठिन गतिविधियां की जाएं तो फायदा अधिक होगा। बैठे-बैठे हर 20 मिनट के बाद दो मिनट तक टहलना या 30 मिनट तक बैठने के बाद पांच मिनट तक टहलना शरीर में रक्त शर्करा में सुधार के लिए कारगर हो सकता है।

### लंबे समय तक खड़े रहना भी हानिकारक है

लंबे समय तक खड़े रहना मस्कुलोस्केलेटल (मांसपेशियो, हड्डियो आदि के) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। लंबे समय तक खड़े रहने से मांसपेशियो मे थकान, पैरो मे सूजन, नसो मे समस्या और पीठ के निचले हिस्से और कूल्हो, घुटनो, टखनो तथा पैरो मे दर्द और परेशानी जैसे लक्षण हो सकते है। हाल के शोध से पता चलता है कि एक बार मे लगातार खड़े होने की समय-सीमा लगभग 40 मिनट निर्धारित करने से देर तक खड़े रहने से मांसपेशियो और जोड़ो मे दर्द होने की संभावना कम हो जाएगी। यह उन लोगो पर लागू होता है जिनमे पहले लक्षण हो भी सकते हैं और नही भी। लंबे समय तक खड़े रहने वाले हर व्यक्ति को इन मस्कुलोस्केलेटल लक्षणो का अनुभव नही होगा, और कुछ लोग दूसरो की तुलना मे लंबे समय तक खड़े रहने के प्रभावो के प्रति अधिक लचीलापन रखने वाले हो सकते है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, चम्पावत
Ph & Fax No. 05965-230034 Email: eechampawat@rediffmail.com

पत्रांक : 2768/05 एसी0 — दिनांक : 12/09/2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख०, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मोहरबंद निविदा **दिनांक 21-09-2023** के अपरान्ह 12:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र **दिनांक 14-09-2023 से 20-09-2023** तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा **दिनांक 21-09-2023 अपरान्हः 12:00 बजे** तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

**(1) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० चम्पावत।**
**(2) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० लोहाघाट।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | निविदा दाताओं के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद चम्पावत के अन्तर्गत Direction Place Identification Sign Board लगाने का कार्य। (राज्य मार्ग पार्ट-ए) | 42300.00 | 2000+ 18%GST | 2 माह | 45 दिन | मार्ग निर्माण कार्य हेतु "D" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | जनपद चम्पावत के अन्तर्गत Direction Place Identification Sign Board लगाने का कार्य। (राज्य मार्ग पार्ट-बी) | 42300.00 | 2000+ 18%GST | 2 माह | 45 दिन | |
| 3 | सम्भावित आपदा के न्यूनीकरण के दृष्टिगत पूल्ड आवास पहुंच मार्ग के टाईप-3 आवासों की सुरक्षा दीवार का निर्माण तथा इन्टर लोकिंग टाईल्स द्वारा कंक्रीट पैबमैन्ट में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य। | 16900.00 | 1000+ 18%GST | 2 माह | 45 दिन | |
| 4 | जिला योजना के अन्तर्गत चम्पावत खेतीखान मोटर मार्ग के किमी0 06 से नघान डेरी तक मोटर मार्ग का पुनः निर्माण/सुधारीकरण का अवशेष कार्य। | 16900.00 | 1000+ 18%GST | 2 माह | 45 दिन | |
| 5 | मानसून अवधि 2022 के दौरान प्राकृतिक आपदा से रीठा मीनार मोटर मार्ग के किमी0 8.00 (6-8) में क्षतिग्रस्त भाग का पुनः निर्माण कार्य। | 7700.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 45 दिन | |
| 6 | मानसून अवधि 2022 के दौरान प्राकृतिक आपदा से धूनाघाट भिंगराडा रीठा मोटर मार्ग के किमी0 35.00 (8-10) में क्षतिग्रस्त रीटेंनिग दीवार का पुनः निर्माण कार्य। | 6400.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 45 दिन | |
| 7 | मानसून 2022 के दौरान प्राकृतिक आपदा से धूनाघाट भिंगराडा-रीठा मोटर मार्ग के किमी0 34.00 में क्षतिग्रस्त भाग का एवं दीवारों का पुनः निर्माण कार्य। | 8400.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 45 दिन | |
| 8 | मानसून 2022 के दौरान प्राकृतिक आपदा से धूनाघाट भिंगराडा-रीठा मोटर मार्ग के किमी0 29.00 (2-4) में क्षतिग्रस्त भाग का एवं दीवारों का पुनः निर्माण कार्य। | 8400.00 | 500+ 18%GST | 45 दिन | 45 दिन | |

**नोटः- निविदा क्र०सं० 1 एवं 2 निविदादाता का उक्तानुसार सुरक्षा में वर्णित श्रेणी में पंजीकृत होने के साथ ही कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप, पत्रांक 380/02-गु०नि० (अधि०)/2017-20 दिनांक 31-08-2020 में उल्लिखित अर्हताओं/शर्तों को पूर्ण करना आवश्यक होगा।**

निविदा **दिनांक 21-09-2023 को अपरान्ह 02:00 बजे** उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष **अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० चम्पावत** के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। **निविदा बॉक्स में धरोहर धनराशि (एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०) प्रत्येक कार्य के साथ पृथक रूप से लगानी अनिवार्य होगी एवं एफ०डी०आर० की छायाप्रति मान्य नहीं होगी। जो अधिशासी अभियंता, प्रा०ख०. लो०नि०वि०, चम्पावत के नाम बंधक हो को निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न की जानी अनिवार्य है,** अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0,लो0नि0वि0, चम्पावत

# हिंदी की दूसरी भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं: शाह

## ● गृह मंत्री ने कहा, भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम है हिन्दी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिन्दी ने भारत में भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और इसने अलग-अलग भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ-साथ कई वैश्विक भाषाओं को सम्मान दिया है।

हिन्दी दिवस के मौक पर एक संदेश में शाह ने यह भी कहा कि हिन्दी की किसी भी भारतीय भाषा से न कभी कोई स्पर्धा थी और न ही कभी हो सकती है। देश की सभी भाषाओं को सशक्त करने की जोरदार वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि इसी से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि हिन्दी सभी स्थानीय भाषाओं को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी।

उन्होंने कहा, भारत, विविध भाषाओं का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम हिन्दी है। शाह ने कहा, हिन्दी एक जनतांत्रिक भाषा रही है। इसने अलग-अलग भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ-साथ कई वैश्विक भाषाओं को सम्मान दिया है और उनकी शब्दावलियों, पदों और व्याकरण के नियमों को अपनाया है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा ने स्वतंत्रता आन्दोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकसूत्र में बांधने का अभूतपूर्व कार्य किया। इसने अनेक भाषाओं और बोलियों में बंटे देश में एकता की भावना स्थापित की।

शाह ने कहा कि देश में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा के रूप में हिन्दी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

शाह ने कहा कि देश में स्वराज प्राप्ति और स्वभाषा के आन्दोलन एकसाथ चल रहे थे। स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर 1949 के दिन ही हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। गृह मंत्री ने कहा कि किसी भी देश की मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति सही मायनों में सिर्फ उस देश की अपनी भाषा में ही की जा सकती है। शाह ने कहा कि सभी भारतीय भाषाएं देश की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें साथ लेकर चलना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय से वैश्विक मंचों तक उचित सम्मान मिला है। शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग निरंतर प्रयत्नशील है कि शहद समान मीठी भारतीय भाषाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक, प्रशासन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार और जनता के बीच भारतीय भाषाओं में संवाद स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी तौर पर लागू किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाषा परिवर्तन का सिद्धांत यह कहता है कि भाषा जटिलता से, सरलता की ओर जाती है।

उन्होंने कहा, मेरे विचार से हिन्दी के सरल और सुस्पष्ट शब्दों को कार्यालई कामकाज में प्रयोग में लाना चाहिए। शाह ने कहा कि देश में राजभाषा में हुए कार्यों की समय-समय पर समीक्षा के लिए संसदीय राजभाषा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि इसे उत्तरदायित्त्व दिया गया था कि यह देश में सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग में हुई प्रगति की समीक्षा करे और इसकी रिपोर्ट बनाकर राष्ट्रपति को प्रस्तुत करे। शाह ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के उपयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि विदेशों में भी लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। शाह ने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने की भी पहल की है।

गृह मंत्री ने कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन की भी नई परम्परा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि राजभाषा को तकनीक के अनुसार विकसित बनाने के लिए राजभाषा विभाग ने स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली कंठस्थ का निर्माण भी किया है। शाह ने कहा कि राजभाषा विभाग ने एक नई पहल करते हुए हिन्दी शब्द सिंधु शब्दकोष का भी निर्माण किया है।

# उदयनिधि स्टालिन ने हिंदी एकजुट करती है वाली टिप्पणी के लिए शाह पर साधा निशाना

**भाषा।** चेन्नई

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की हिंदी एकजुट करती है वाली टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना करते हुए तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह दावा करना बेतुका है कि केवल चार से पांच राज्यों में बोली जाने वाली हिंदी समूचे भारतीय संघ को एकजुट करती है। उदयनिधि ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने हमेशा की तरह यह टिप्पणी करके हिंदी के प्रति अपना प्यार दिखाया है कि केवल हिंदी ही लोगों को एकजुट करती है और क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाती है।

उदयनिधि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, यह दृष्टिकोण हिंदी के प्रति शोर-शराबे का ही एक वैकल्पिक रूप है कि यदि इसे सीख लिया जाए तो व्यक्ति का विकास हो सकता है।

उन्होंने कहा, तमिलनाडु में यह तमिल है, और पड़ोसी केरल में मलयालम भाषा है। हिंदी इन दोनों राज्यों को कैसे जोड़ रही है? यह कैसे सशक्त बना रही है?

उदयनिधि ने कहा, यह कहना बेतुका है कि चार-पांच राज्यों में बोली जाने वाली हिंदी पूरे भारतीय संघ को एकजुट कर रही है। उन्होंने एक्स पर तमिल में कहा कि अमित शाह को गैर-हिंदी भाषाओं को प्रांतीय भाषाएं बताना और उनका अपमान करना बंद करना चाहिए। उदयनिधि ने पोस्ट के साथ हिंदी थोपना बंद करें हैशटैग भी जोड़ा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंदी ने भारत में भाषाओं की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है और इसने विभिन्न भारतीय और वैश्विक भाषाओं और बोलियों का सम्मान किया है।

हिंदी दिवस के मौक पर एक संदेश में शाह ने यह भी कहा कि हिंदी की किसी भी भारतीय भाषा से न कभी कोई स्पर्धा थी और न ही कभी हो सकती है।

# विद्यार्थियों ने किया वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन



**पचपेड़वा।** जनजातीय बच्चों के लिए वैज्ञानिक आउटरीच गतिविधियां कार्यक्रम के अंतर्गत फजल-ए-रहमानिया इंटर कॉलेज पचपेड़वा जनपद बलरामपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह, आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ के विशेषज्ञ अभय कृष्ण व अनिल कुमार तथा विज्ञान विशेषज्ञ राकेश चौधरी ने रोचक ढंग से विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर जानकारी दी। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में दुर्गावती गुप्ता, पूजा यादव, आयशा सिद्दीकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अवधेश कुमार मौर्या, शाहाना फातिमा गफ्फारी, सैयदा खातून ने द्वितीय स्थान तथा शाहिद अफरीदी, शाजिया खातून, सुमैया बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में स्नेहा साहू, फायजा सिद्दीकी, नुजहत ने प्रथम स्थान, अमित सिंह, आकाश प्रजापति, सायबा ने द्वितीय स्थान तथा सायबा खातून, कनीज फातिमा और गुलनाज फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैंड ऑन साइंस प्रतियोगिता में अंजलि, शहाना फातिमा गफ्फारी, अनुराधा ने प्रथम स्थान, निशा, शाजिया खातून, रुकमणी ने द्वितीय स्थान तथा आशीष कुमार, अमन विश्वकर्मा, रमीला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नफीस खान, अध्यापक अब्दुल काजिम खान, भरत कुमार पांडेय, मोहम्मद नदीम खान, ओम प्रकाश वर्मा, आकिब हबीब, राजकुमार, मोहम्मद नौशाद खान आदि उपस्थित रहे।

# न्यायालय ने लक्षद्वीप में मध्याह्न भोजन योजना से मांसाहारी व्यंजनों को हटाने के फैसले को बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन योजना से चिकन समेत मांसाहारी व्यंजनों को बाहर करने के लक्षद्वीप प्रशासन के फैसले को बृहस्पतिवार को बरकरार रखा और कहा कि अदालत यह तय नहीं कर सकती कि क्या खाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने लक्षद्वीप प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि अदालतें प्रशासनिक फैसलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। पीठ ने कहा, यह अदालत का अधिकार क्षेत्र नहीं है कि किसी विशेष क्षेत्र के बच्चों को क्या खाना चाहिए। इस मामले में अदालतों के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। नीतिगत निर्णय न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आता। शीर्ष अदालत डेयरी फार्मों को बंद करने और मध्याह्न भोजन से चिकन सहित मांसाहारी व्यंजनों को हटाने के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# जनसेना और तेदेपा अगला चुनाव साथ लड़ेंगी

## ● वाईएसआरसीपी ने इसे भाजपा से गठबंधन का कदम बताया

**भाषा।** राजमहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश में जनसेना पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) अगला चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगी क्योंकि प्रदेश, युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार को और बर्दाश्त नहीं कर सकती। पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने यहां बृहस्पतिवार को यह बात कही।

वहीं, सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि यह संभवत: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से गठबंधन करने का एक कदम है। राजमहेंद्रवरम केंद्रीय कारागार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात के बाद कल्याण ने यह घोषणा की। नायडू करोड़ों रुपए के कौशल विकास निगम घोटाले में कथित भूमिका के लिए राजमहेंद्रवरम जेल में बंद हैं।

दक्षिणी राज्य में कभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार रही जनसेना पार्टी के प्रमुख कल्याण ने कहा कि वह आगामी चुनाव में जनसेना और तेदेपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के कयासों के सवाल पर लंबे अरसे से टालमटोल कर रहे थे लेकिन नायडू की गिरफ्तारी के मद्देनजर उन्हें अपना रुख स्पष्ट करना पड़ा। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश वाईएसआरसीपी को और बर्दाश्त नहीं कर सकता। आज मैंने यह फैसला कर लिया। नायडू के बेटे व पार्टी महासचिव नारा लोकेश और हिंदूपुर के विधायक व नायडू के रिश्तेदार नंदमुरी बालकृष्ण के साथ कल्याण ने संवाददाताओं को बताया, जनसेना और तेदेपा अगला चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगी। कल्याण ने कहा कि उन्हें भाजपा पर पूरा भरोसा है कि वह चुनाव के लिए दोनों विपक्षी दलों के साथ आएगी। उन्होंने दावा किया, मुझे उम्मीद और इस पर यकीन है कि यह होकर रहेगा। इसमें भाजपा का पूरा समर्थन रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर कल्याण ने कहा कि वह केवल अपना रुख बताकर इसकी निंदा नहीं करेंगे बल्कि यह भी कहेंगे कि जब भी चुनाव होते हैं तो दोनों पार्टियां मिलकर काम करेंगी। जेल में नायडू से मुलाकात के बारे में कल्याण ने कहा कि उन्होंने विपक्षी नेता का हालचाल पूछा और उन्हें इस स्थिति में देखकर दुख जताया।

उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पहले किसी मुद्दे को लेकर उनके नायडू से मतभेद रहे हों लेकिन व्यक्तिगत रूप से उनके बारे में कभी कोई गलत धारणा नहीं रही।

जनसेना की स्थापना 2014 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले हुई थी और उसने उस समय तेदेपा और भाजपा गठबंधन का समर्थन किया था लेकिन 2019 के चुनाव से पहले दोनों दलों से संबंध तोड़ लिए थे। उसे 2019 के विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी जो उसने अकेले लड़ा था और खुद कल्याण को दो निर्वाचन क्षेत्रों भीमावरम और गाजुवाका में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा था।

जनसेना के रपाका वरप्रसाद को ही केवल रजोल निर्वाचन क्षेत्र से जीत मिली थी। हालांकि, पार्टी को 2019 के विधानसभा चुनाव में छह प्रतिशत से अधिक मत मिले थे।

जनसेना प्रमुख की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए वाईएसआरसीपी के नेता और सरकार के सलाहकार सज्जाला रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि कल्याण वहीं कहेंगे और करेंगे जो नायडू चाहते हैं।

रेड्डी ने कहा, उन्होंने (कल्याण) इतने दिनों तक इस गठबंधन के बारे में बात क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि नायडू ने उन्हें (कल्याण) भाजपा को अपने पाले में लाने की जिम्मेदारी सौंपी होगी। वह भाजपा खेमे का हिस्सा हो सकते हैं और उसे तेदेपा के साथ गठबंधन में लाने की कोशिश कर सकते हैं या उन्होंने अपनी जरूरत के अनुसार अपने लिए एक मंच तैयार किया होता।

# पोंजी घोटाले के सिलसिले में गोविंदा से हो सकती है पूछताछ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओडब्ल्यू) करीब एक हजार करोड़ रुपए के ऑनलाइन पोंजी घोटाले के सिलसिले में बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा से पूछताछ कर सकती है। सोलार टेक्नो अलायंस (एसटीए-टोकन) की संलिप्तता वाले करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच कर रही टीम में शामिल रहीं ईओडब्ल्यू की पुलिस उपाधीक्षक सस्मिता साहू ने यह जानकारी दी। ईओडब्ल्यू के मुताबिक, कंपनी गैर कानूनी तरीके से पिरामिड संरचना आधारित ऑनलाइन पोंजी योजना में शामिल थी जिसे क्रिप्टो में निवेश के नाम पर चलाया जा रहा था। साहू ने कहा, हम ईओडब्ल्यू के सामने पूछताछ के वास्ते गोविंदा को समन भेज सकते हैं या इस सिलसिले में मुंबई टीम भेजी जा सकती है। उन्होंने बताया कि गोविंदा ने इस साल जुलाई में गोवा में आयोजित एसटीए के विशाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और कुछ वीडियो में कंपनी का प्रचार किया था। साहू ने कहा कि ईओडब्ल्यू गोविंदा को संदिग्ध या आरोपी नहीं मान रही है। हालांकि, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कंपनी के प्रचार में गोविंदा की भूमिका वीडियो से साबित हुई है।



पुणे में आरएसएस की अखिल भारतीय समन्वय बैठक के दौरान सरसंघचालक मोहन भागवत

# राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड से जुड़ चुका है उच्चतम न्यायालय : प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** देश के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) से जुड़ गया है। एनजेडीजी तालुका से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लंबित मामलों और उनके निपटान पर डेटा का भंडार है। अब तक पोर्टल पर केवल उच्च न्यायालय स्तर तक का आंकड़ा दिखता था। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने आज जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू की, उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का डेटा वास्तविक समय के आधार पर एनजेडीजी पर अपलोड किया जाएगा। एक छोटी सी घोषणा। यह एक ऐतिहासिक दिन है। यह एक अनूठा और जानकारी से भरा मंच है जिसे एनआईसी और उच्चतम न्यायालय की संबंधित टीम ने विकसित किया है। अब एक बटन के क्लिक पर आप लंबित मामलों और निपटान की जानकारी देख सकते हैं। एनजेडीजी पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष अदालत में अभी 62,946 दीवानी और 17,555 आपराधिक मामलों सहित कुल 80,501 मामले लंबित हैं।

# अदालतें एक आरोपी को दोषी और दूसरे को बरी नहीं कर सकती: न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने हत्या, डकैती सहित अन्य कथित अपराधों के लिए 10 साल जेल की सजा पाए चार व्यक्तियों को बरी करते हुए कहा है कि जब एक समान सबूत हों तो अदालतें एक आरोपी को दोषी ठहरा कर, दूसरे को बरी नहीं कर सकती।

शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामले में जिसमें साक्ष्य एक समान हैं, दोनों आरोपियों के मामले समानता के सिद्धांत द्वारा शासित होंगे, जिसका अर्थ है कि अदालतें दोनों के बीच अंतर नहीं कर सकती क्योंकि यह भेदभावपूर्ण होगा।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने शीर्ष अदालत के 11 मई, 2018 के आदेश का उल्लेख करते हुए आरोपियों में से एक आरोपी को बरी कर दिया, जिसने इससे पहले उच्चतम न्यायालय में गुजरात उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने मामले में सात आरोपियों की दोषसिद्धि की पुष्टि की थी लेकिन सजा आजीवन कारावास से घटाकर 10 साल कर दी थी।

शीर्ष अदालत ने उन दो आरोपियों की दोषसिद्धि भी रद्द कर दी, जिन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 136 के तहत शक्तियों का स्वत: उपयोग वांछनीय है क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा मिली उनकी स्वतंत्रता का सवाल है।

संविधान का अनुच्छेद 136 मामलों में अपील के लिए विशेष अनुमति देने की शीर्ष अदालत की शक्ति से संबंधित है, अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा से संबंधित है। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अगस्त 2018 में तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, जबकि एक अन्य आरोपी की याचिका मई 2018 में खारिज कर दी गई थी। उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ जावेद शौकत अली कुरेशी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

## क्विक न्यूज

### केवल सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े मराठों को ही आरक्षण मिलना चाहिए: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठा समुदाय के केवल उन्ही लोगों को नौकरियों और शिक्षा मे आरक्षण मिलना चाहिए जो शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े है। राणे ने कहा कि आरक्षण का लाभ देने के लिए सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र देने की कोई आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि कुनबी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आते है और इसलिए, उन्हे आरक्षण मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री राणे ने कहा, राज्य के सभी मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने की कोई आवश्यकता नही है। जो लोग (समुदाय में) सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े है, उन्हे आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। 96 कुली (गोत्र व्यवस्था) मराठो ने आरक्षण की मांग नही की है। उन्होने कहा, मै किसी के आरक्षण का लाभ छीनकर दूसरे को देने का समर्थन नही करता। राज्य को किसी भी समुदाय को आरक्षण देने का अधिकार है। जो लोग इतिहास, समाज और जातियो को समझते है उन्हे ऐसे मुद्दो पर टिप्पणी करनी चाहिए। राणे ने कहा कि एक उचित सर्वेक्षण से यह पता लगाया जाना चाहिए कि सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से कौन पिछड़ा है। उन्होने कहा कि राज्य की आबादी में मराठा 38 प्रतिशत है। उन्होने कहा कि अतीत मे, जब अन्य समुदायो को आरक्षण का लाभ दिया गया, तो मुख्यमंत्री मराठा थे। उन्होने कहा कि अगर अब मराठों को भी इसी तरह का लाभ दिया जाता है तो किसी को इससे नाराजगी नही होनी चाहिए।

### बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार में आई दरारों की मरम्मत का कार्य जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्र मे स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार मे पिछले सालो मे आई हल्की दरारो की मरम्मत का कार्य चल रहा है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने बृहस्पतिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति मे स्पष्ट किया कि बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार में कोई नई दरार नही देखी गई है और ना ही मंदिर क्षेत्र में भू-धंसाव हो रहा है। बीकेटीसी ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा मंदिर के सिंहद्वार में पहले से आई हल्की दरारों का मरम्मत कार्य किया जा रहा है और वर्तमान मे वहां कोई नई दरार नही देखी गई है। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने 2022 मे राज्य सरकार को पत्र लिखकर बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार पर आई हल्की दरारो के विषय मे अवगत कराया था जिस पर कार्वाई करते हुए उसने एएसआई से इस संबंध मे एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इसी क्रम में पिछले साल जुलाई में एएसआई ने मरम्मत की कार्य योजना तैयार की और अक्टूबर में सिंहद्वार की दरारो पर ग्लास टायल्स लगा दी गईं ताकि यह पता लग सके कि दरारे कितनी चौड़ी हो रही है। हालांकि, इन दरारो मे कोई खास बदलाव नही दिखा, जिसके बाद इस साल नौ अगस्त को एएसआई ने मरम्मत कार्य शुरू किया है। मरम्मत के पहले चरण मे सिंह द्वार के दाईं ओर ट्रीटमेंट कार्य किया जा चुका है जबकि बाईं ओर की दरारो पर काम अभी होना है।

### एक अक्टूबर से लागू होगा संशोधित कानून, विभिन्न कार्यों के लिए जन्म प्रमाणपत्र माना जाएगा एकल दस्तावेज

**नई दिल्ली।** एक अक्टूबर से लागू होने वाले एक नए संशोधित कानून से शैक्षणिक संस्थानो में दाखिले, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड या पासपोर्ट के लिए आवेदन और विवाह के पंजीकरण जैसे कई कार्यों व सेवाओ के लिए एकल दस्तावेज के रूप मे जन्म प्रमाण पत्र के उपयोग की सुविधा मिलेगी। संसद ने गत मानसून सत्र में जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 पारित किया था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 अगस्त को इस पर मुहर लगा दी थी। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 की धारा। की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार यह सूचित करती है कि एक अक्टूबर, 2023 को अधिनियम के प्रावधान लागू हो जाएंगे। अधिनियम लागू होने से शैक्षणिक संस्थानो मे दाखिले, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड या पासपोर्ट के लिए आवेदन और विवाह के पंजीकरण जैसे कई कार्यों व सेवाओं के लिए एकल दस्तावेज के रूप में जन्म प्रमाण पत्र के उपयोग की सुविधा मिलेगी।

### आर्थिक शिक्षित होना भी जरूरी : कुलकर्णी

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है फायदे वाली आदत, का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालीन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना। कैलाश कुलकर्णी, सीईओ, एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) प्रा. लि. ने कहा एसआईपी है फायदे वाली आदत एसआईपी को एक आदत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सकारात्मक दिनचर्या के लाभ की झलक दिखाता है, और जानकारी से परिपूर्ण तथा आत्मविश्वास से भरपूर मिलेनियल निवेशकों की पीढ़ी को बल देता है।

# हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी गौरव गोगोई के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगी

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने बुधवार को कहा कि वह उनकी कंपनी के खिलाफ कथित मिथ्या अभियान चलाने के लिए लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई के विरुद्ध 10 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा दायर करेंगी।

गोगोई ने बुधवार को आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी की कंपनी को कर्ज से जुड़ी रियायत के तौर पर 10 करोड़ रुपए मिले।

भुइयां शर्मा ने एक बयान में आरोप लगाया कि गोगोई ने एक महिला उद्यमी की अगुवाई वाली असम की 17 साल पुरानी कंपनी को बदनाम करने के इरादे से उस पर हमला किया है, जिसने कानून के हर पहलू का पालन किया है।

उन्होंने कहा, सांसद गौरव गोगोई द्वारा इस मिथ्या अभियान से अपने मेहनती कर्मचारियों की प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए, मैं अदालत में उनके खिलाफ 10 करोड़ रुपए का मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य हूं।

मुख्यमंत्री की पत्नी को प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत कथित तौर पर कर्ज से जुड़ी रियायत दिए जाने के मुद्दे को लेकर बुधवार से ही हिमंत विश्व शर्मा और गोगोई के बीच सोशल मीडिया मंच एक्स पर जुबानी जंग छिड़ी हुई है।

शर्मा ने लगातार कहा है कि न तो उनकी और न ही उनकी कंपनी को भारत सरकार की ओर से किसी प्रकार की धनराशि मिली है।

उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पत्नी के केंद्र सरकार से पैसे लेने का कोई सबूत देने पर वह कोई भी सजा स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, जिसमें सार्वजनिक जीवन से संन्यास लेना भी शामिल है।

# शिंदे से मुलाकात के बाद मनोज जरांगे की भूख हड़ताल समाप्त

**भाषा।** औरंगाबाद



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आश्वासन के बाद मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को भूख हड़ताल खत्म कर दी। वह मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर 17 दिन से भूख हड़ताल पर थे। मुख्यमंत्री शिंदे ने जरांगे से मुलाकात करके मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने का आश्वासन किया, जिसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल खत्म कर दी।

शिंदे पूर्वाह्न लगभग पौने 11 बजे अपने कुछ मंत्रियों के साथ जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव पहुंचे और जरांगे से मुलाकात की। जरांगे मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर गांव में भूख हड़ताल पर बैठे थे। जरांगे ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया एक गिलास जूस पीकर अपना अनशन खत्म किया। वह मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण देने की मांग को लेकर 29 अगस्त से भूख हड़ताल पर थे। जरांगे की भूख हड़ताल के दौरान एक सितंबर को अंतरवाली सरती गांव में एकत्र लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था, जिसे लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र सरकार आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार इसके पक्ष में है और समुदाय को आरक्षण देकर रहेगी और यह काम अन्य समुदायों से बिना किसी टकराव के किया जाएगा। मनोज जरांगे की लड़ाई किसी व्यक्तिगत मांग के लिए नहीं है और इसीलिए इसे समुदाय से इतना समर्थन मिला।

उन्होंने कहा पहले सरकार ने समुदाय को आरक्षण दिया था, लेकिन यह उच्चतम न्यायालय में टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार मराठा समुदाय को वे सभी लाभ देने पर काम कर रही है जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय को प्रदान किए गए हैं। राज्य सरकार ने निजाम-युग के दस्तावेजों में कुनबी (अब ओबीसी में शामिल) कहे जाने वाले मराठा समुदाय के सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र देने के लिए कानूनी और प्रशासनिक ढांचे सहित मानक संचालन प्रक्रियाओं को निर्धारित करने के लिए न्यायाधीश संदीप शिंदे (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय समिति गठित की है। इससे मराठवाड़ा क्षेत्र के मराठों को ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, न्यायमूर्ति शिंदे समिति मराठा समुदाय की कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की मांग पर काम कर रही है। समिति ने पहले एक बैठक की थी और शुक्रवार को एक और बैठक होगी। समिति अध्ययन कर रही है कि समुदाय सामाजिक और शैक्षिक रूप से कितना पिछड़ा है, और एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करके यह निर्णय लेगी कि कुनबी प्रमाणपत्र कैसे जारी किए जा सकते हैं। उन्होंने जरांगे से एक विशेषज्ञ का नाम सुझाने को कहा, जिसे समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा, अगर जरांगे की ओर से कोई भी समिति में शामिल होने का इच्छुक है तो हम उसका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार कानूनी ढांचे के तहत आरक्षण के मुद्दे का समाधान करने के लिए काम कर रही है। शिंदे के साथ केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे, महाराष्ट्र के मंत्री संदीपन भुमरे, उदय सामंत, गिरीश महाजन, राधाकृष्ण विखे पाटिल, शिवसेना (शिंदे गुट) नेता अर्जुन खोतकर, राकांपा के विधायक राजेश टोपे और अन्य मौजूद थे।

# रिजवान और शफीक के अर्धशतक

## एशिया कप : पाक ने श्रीलंका को 252 रन का लक्ष्य दिया

भाषा। कोलंबो



**विकेटकीपर** मोहम्मद रिजवान और सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक के अर्धशतक से पाकिस्तान ने एशिया कप सुपर चार चरण के वर्षा से प्रभावित मुकाबले में गुरुवार को यहां सात विकेट पर 252 रन बनाए। बारिश के कारण मैच की शुरुआत में ही विलंब हुआ जिसके कारण इसे 45 ओवर का कर दिया गया। मैच के बीच में दोबारा बारिश आई जिससे के कारण मैच में ओवरों की संख्या फिर घटाकर 42 कर दी गई। श्रीलंका को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 252 रन का लक्ष्य मिला। रिजवान ने 73 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 86 की पारी खेलने के अलावा इफ्तिखार अहमद (47 रन, 40 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 108 रन जोड़कर पाकिस्तान को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों की साझेदारी से पाकिस्तान अंतिम 10 ओवर में 102 रन जोड़ने में सफल रहा। शफीक ने भी शीर्ष क्रम में 69 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 52 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मथीसा पथिराना सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट चटकाए। प्रमोद मदुसान ने 58 रन पर दो विकेट हासिल किए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाले पाकिस्तान ने पांचवें ओवर में ही फखर जमां (04) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मदुसान ने बोल्ड किया। शफीक और कप्तान बाबर आजम (29) ने दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर पारी को संभाला। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 40 रन तक पहुंचाया। शफीक ने दुनिथ वेलालागे पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर मथीसा पथिराना पर चौके के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बाबर ने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और पथिराना पर चौके मारे लेकिन भारत के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट चटकाने वाले वेलालागे ने उन्हें विकेटकीपर कुसाल मेंडिस के हाथों स्टंप करा दिया। शफीक ने धनंजय डिसिल्वा पर छक्का और एक रन के साथ 65 गेंद में करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में पथिराना की गेंद को हवा में लहराकर डीप स्क्वायर लेग पर मुदसान को कैच दे बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान:** अब्दुल्ला का मदुसान बो पथिराना 52, जमां बो मदुसान 04, आजम स्टं मेंडिस बो वेलालागे, रिजवान नाबाद 86, हारिस का एवं बो पथिराना 03, नवाज बो तीक्षणा 12, अहमद का शनाका बो पथिराना 47, खान का मेंडिस बो मदुसान 03, शाह अफरीदी नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 15, **कुल:** 42 ओवर मे सात विकेट पर: 252 रन, **विकेट पतन:** 1-9, 2-73, 3-100, 4-108, 5-130, 6-238, 7-243, **गेंदबाजी:** मदुसान 7-1-58-2, तीक्षणा 9-0-42-1, शनाका 3-0-18-0, वेलालागे 9-0-40-1, पथिराना 8-0-65-3, धनंजय 9-0-28-0

# विश्व कप से पहले चार फिट तेज गेंदबाज होना अच्छा है : म्हाम्ब्रे



**कोलंबो।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने गुरुवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह की वापसी से उनकी तेज गेंदबाजी इकाई मजबूत हुई है और अगले महीने विश्व कप से पहले पूरी तरह से फिट चार तेज गेंदबाज होना टीम के लिए शानदार है। बुमराह ने हाल के आयरलैंड दौरे पर लंबे समय बाद चोट के बाद वापसी की और फिर मौजूदा एशिया कप के दौरान भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। म्हाम्ब्रे ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के अंतिम सुपर फोर मैच से पहले कहा, हम एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) से ही बुमराह की प्रगति देख रहे हैं और हम उसकी रिपोर्ट से खुश हैं। उन्होंने कहा, अब हमारे पास चार बेहतरीन गेंदबाज हैं और ऐसे विकल्प होना हमेशा ही अच्छा होता है। ऐसी समस्या होना अच्छा है। भारत का पहली पसंद का तेज गेंदबाजी आक्रमण बुमराह, मोहम्मद सिराज और हार्दिक पंड्या का है जिससे टीम प्रबंधन को मोहम्मद शमी को बेंच पर बिठाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। म्हाम्ब्रे ने कहा, शमी जैसे गेंदबाज को बाहर रखना इतना आसान नहीं है। उसे जितना अनुभव है और उसने देश के लिए जो प्रदर्शन किए हैं, वे शानदार हैं। इस तरह की बातचीत (खिलाड़ी को बाहर रखना) करना कभी भी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल होता है लेकिन संबंधित खिलाड़ी को स्पष्ट रूप से टीम के फैसले के बारे में बता दिया जाता है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, लेकिन हम खिलाड़ी को इसके बारे में बताने में काफी स्पष्ट रहते हैं। हम जो फैसले लेते हैं, खिलाड़ी इसके बारे में जानते हैं। वे जानते हैं कि यह टीम के फायदे के लिए ही है। म्हाम्ब्रे यह देखकर काफी खुश हैं कि हार्दिक पंड्या ने हाल के समय में बतौर गेंदबाज काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हार्दिक जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, मैं उससे बहुत खुश हूं। हम उनका कार्यभार देख रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि वह फिट रहें। एक बार जब वह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करता है तो वह अलग तरह का गेंदबाज होता है।

## उनादकट और जयंत ने काउंटी में पदार्पण पर अपने-अपने मैचों में पांच विकेट झटके



**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट और स्पिनर जयंत यादव ने इंग्लैंड मे काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों क्रमशः ससेक्स और मिडिलसेक्स के लिए पांच-पांच विकेट झटके। वामहस्त गेंदबाज उनादकट ने लीसेस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 32.4 ओवर में 94 देकर छह विकेट लिए और टीम को 15 रन की रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होने मैच की पहली पारी मे भी तीन विकेट लिए थे। ससेक्स के कप्तान और दिग्गज भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इस मैच की दोनो पारियो में 26 और 23 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान लीसेस्टरशर के सलामी बल्लेबाज ऋषि पटेल का शानदार कैच भी लपका। इस जीत से टीम के डिवीजन एक मे क्वालीफाई करने की उम्मीदे मजबूत हुई है। जयंत ने मैनचेस्टर मे डिवीजन एक के मैच मे लंकाशर के खिलाफ 33 ओवर मे 131 रन देकर पांच विकेट चटकाए। मिडिलसेक्स और लंकाशर का यह मुकाबला डॉ पर छूटा। काउंटी क्रिकेट पर पदार्पण कर रहे एक और भारतीय खिलाड़ी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने मैच मे पांच विकेट लिए। केंट का प्रतिनिधित्व कर रहे इस खिलाड़ी ने डिवीजन एक मैच मे नॉटिंघमशर के खिलाफ दो पारियो में 63 रन देकर तीन और 43 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## ईस्पोटर्स से ब्रेक्रडांसिंग तक हांगझोउ एशियाई खेलों में होगी नए खेलों पर नजरें

**नई दिल्ली।** दुनिया भर मे युवाओ के बीच बेहद लोकप्रिय ई स्पोर्ट्स और ब्रेक्डांस हांगझोउ एशियाई खेलो मे पदार्पण करेंगे तो दुनिया भर की नजरें इन स्पर्धाओं पर रहेगी। पिछले साल ही होने वाले एशियाई खेल स्थगित होने के बाद 23 सितंबर से शुरू होंगे। इसमें ई स्पोर्टस और ब्रेक डांसिंग नए खेल है जबकि शतरंज और क्रिकेट क्रमशः 2010 और 2014 के बाद वापसी करेंगे। हांगझोउ मे पदार्पण करने वाले खेल : ईस्पोर्टस : इसे 2018 खेलों में नुमाइशी खेल के तौर पर शामिल किया गया। वहां इसकी लोकप्रियता देखते हुए इसे हांगझोउ में पदक स्पर्धा के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया। यह पेशेवर खेल की तरह है लेकिन आमने सामने मुकाबले की बजाय दर्शक वीडियो गेमर को एक दूसरे से भिड़ते देखते है। इसमे सात वीडियो गेम डोटा 2, फीफा आनलाइन 4, लीग आफ लीजैड्स, एरेना आफ वेलोर, ड्रीम थ्री किंगडम्स, पबजी मोबाइल और स्ट्रीट फाइटर फाइव खेले जाएंगे। भारत ने 15 सदस्ईय पुरूष टीम भेजने का फैसला किया है जिसे चरणजोत सिंह, कृष गुप्ता और केतन गोयल जैसे धुरंधर है। भारत को फीफा आनलाइन 4 मे पदक मिलने की उम्मीद है जिसमें वह दुनिया मे 13वें और एशिया मे तीसरे स्थान पर है। ब्रेक्डासिंग : पेरिस ओलंपिक मे पदार्पण करने जा रहे ब्रेक्डासिंग या ब्रेकिंग खेल को पहली बार एशियाई खेलो मे जगह मिली है। आलोचको मे इस बात को लेकर बहस है कि यह खेल है या नृत्य की एक शैली लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसे खेल के रूप मे मान्यता दी है। भारत इस खेल मे हिस्सा नही ले रहा है क्योकि खेल मंत्रालय के मानदंडो पर खरा नही उतरने के कारण चार सदस्ईय टीम को मंजूरी नही मिली है। शतरंज और क्रिकेट की वापसी : शतरंज : चौसठ खानो का यह खेल 13 साल बाद एशियाई खेलो मे लौट रहा है। भारत के लिए इसकी वापसी का यह सबसे बेहतर समय है क्योकि आर प्रज्ञानानंदा , डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी जैसे युवा खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे है।

## टेप बॉल से खेलते हुए पाकिस्तान के लिए वनडे तक पहुंचे स्लिंगर गेंदबाज जमान

**कोलंबो।** पाकिस्तान ने इतने वर्षो से अनगिनत तेज गेंदबाज दिए है जिसे देखकर क्रिकेट खेलने वाले अन्य देश ईर्ष्या करते है और अब जमान खान इस कतार मे शामिल होने वाले एक और तेज गेंदबाज बन गए है। लेकिन इसमे एक मामूली सा अंतर है। वह शायद पाकिस्तान की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने वाले पहले स्लिंगर (हाथ को ऊपर की जगह कोण से ले जाकर गेंदबाजी) तेज गेंदबाज है। जमान को बुधवार को नसीम शाह के चोटिल होकर बाहर होने से पाकिस्तान की एशिया कप वनडे टीम मे शामिल किया गया। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में एक छोटे से गांव मीरपुर के गरीब परिवार का यह 21 साल का खिलाड़ी टेप बॉल क्रिकेट खेलते हुए कश्मीर लीग मे खेलने लगा। जमान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा जारी एक वीडियो मे कहा, मेरे पिता और भाई मजदूर है। अपनी गली मे कुछ लड़को को क्रिकेट खेलते हुए देखकर मैने क्रिकेट खेलना शुरु किया। मै क्रिकेट खेलने के लिए मदरसे में अपनी क्लास छोड़ देता था।

## वियतनाम ओपन बैडमिंटनः सिमरन-रितिका की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, अन्य भारतीयों ने किया निराश



**हो चि मिन्ह सिटी।** सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की प्रतिभाशाली महिला युगल जोड़ी ने वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट मे गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों की चुनौती समाप्त हो गई। तीसरी वरीयता प्राप्त सिमरन और रितिका ने दूसरे दौर मे मलेशिया की ली जी किंग और देसरी हाओ शान सियो की जोड़ी को 21-10, 21-18 से हराया। सेमीफाइनल मे पहुंचने के लिए इस भारतीय जोड़ी को चीनी ताइपे की जियांग ई-हुआ और ली जी किंग की जोड़ी से पार पाना होगा। महिला युगल में अदिति भट्ट और तान्या हेमंत को हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल मे बोक्का नवनीत एवं कुक्कापल्ली मनीषा तथा चनायत जोशी एवं काव्य गुप्ता की जोड़ी को शिकस्त मिली। सतीश कुमार करुणाकर एवं आद्या वारियथ की पुरूष युगल और काव्या गुप्ता एवं दीपशिखा सिंह की महिला युगल जोड़ी भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

## हांगकांग ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त

**कोलून (हांगकांग)।** महिला युगल प्री क्वार्टर फाइनल मे दोनो जोड़ियों के हारने के साथ ही हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट मे भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सातवी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फादिया सिल्वा रानाधंती ने 36 मिनट में 21-8, 21-14 से हराया। इसके बाद तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान के मायु मत्सुयामा और वाकाना नागाहार ने 21 -18, 21-7 से मात दी।

## टाइम 100 नेक्स्ट 2023 उभरते हुए नेतृत्वकर्ताओं की सूची में तीन भारतीयों में हरमनप्रीत कौर भी शामिल

**न्यूयॉर्क।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित तीन भारतीयो को टाइम पत्रिका ने दुनिया को प्रभावित करने वाले शीर्ष 100 उभरते नेतृत्वकर्ताओं के तौर मे नामित किया था। बुधवार को जारी 2023 टाइम100 नेक्स्टः द इमर्जिंग लीडर्स शेपिंग द वर्ल्ड सूची मे हरमनप्रीत के अलावा भारत से नंदिता वेंक्टेशन और वीनू डेनियल को शामिल किया गया। इसमे भारतीय मूल के नवारुण दासगुप्ता को भी जगह मिली है। टाइम पत्रिका ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपनी आक्रमकता और हुनर से महिला क्रिकेट को दुनिया की सबसे मूल्यवान खेल संपत्तियो में से एक मे बदलने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, चौतीस साल की हरमनप्रीत ने 2017 मे उस समय महान खिलाड़ी का तमगा हासिल किया था जब उन्होने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप मैच मे सिर्फ 115 गेदो पर नाबाद 171 रन बनाए थे। इस पारी से दर्शक उनकी असाधारण प्रतिभा से आश्चर्यचकित हो गए। इसमे भारतीय टीम के बांग्लादेश के दौरे को लेकर कहा गया है कि यह क्रिकेटर अब भी सुर्खियां बटोर रही है। हरमनप्रीत ने जुलाई मे बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ड्रॉ मैच के दौरान अंपायरो की आलोचना की थी। इसके कारण उन्हे दो मैचो से निलंबित कर दिया गया और मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। इस साल मार्च मे हरमनप्रीत को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र मे मुंबई इंडियन्स का कप्तान बनाया गया। पांच टीमो की इस प्रतियोगिता मे उनकी टीम चैम्पियन बनी। डब्ल्यूपीएल की पांच टीम को खरीदने के लिए इस साल जनवरी मे फ्रेंचाइजी ने कुल 570 मिलियन डॉलर (लगभग 47 अरब रुपए) खर्च किए थे।

## महिलाओं में आत्मविश्वास भरना जरूरी : अपर्णा आचरेकर

**कानपुर।** महिलाओं को आगे बढ़ाने में जुटीं पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कोटो की को फाउंडर अपर्णा आचरेकर ने कहा कि कोटो में हम आत्म- विकास, नेटवर्किंग और मोनिटाईजेशन जैसे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए महिलाओं को एक साथ लाने की कल्पना करते हैं। हम कोटो के माध्यम से महिलाओं को सक्षम बनाना चाहते हैं ताकि महिलाएं अन्य महिलाओं के सहयोग से अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा कर सकें। इस शानदार शाम को कोटो की को. फाउंडर अपर्णा आचरेकर अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी गीता टंडन कपूर, उद्यमी एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 की असिस्टेंट गवर्नर मनीषा बाजपेयी, हाउस ऑफ आर्टिस्ट्री की संस्थापक नाज़िया मंज़र और यूपीपीएससी जे रैंक 1 टॉपर निशी गुप्ता के नेतृत्व में गहन चर्चाएँ हुईं। इस कार्यक्रम का आयोजन कोटो सिटी एंबेसेडर शिखा शुक्ला और हर्षिता शर्मा द्वारा किया गया थाए जो कम्युनिटी क्वींस ऑफ कानपुर भी चलाती हैं। जेंडर इक्वलिटी और महिला उत्थान को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे सोशल कम्युनिटी ऐप कोटो ने हाल ही में कानपुर की महिलाओं के लिए एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम का आयोजन किया जहाँ उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़कर सामाजिक बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाली महिलाऐं एक मंच पर आई और मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर इक्वलिटी और महिलाओं के उद्यमशीलता में अनुभवों के बारे में चर्चा की।

## अनास्तासिया पोटापोवा ने शीर्ष वरीय ओन्स जाबेउर को हराकर उलटफेर किया

**सान डिएगो (अमेरिका)।** रूस की 27वी रैंकिंग की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने सातवी रैंकिंग की खिलाड़ी ओन्स जाबेउर को 6-4, 7-6 (4) से हराकर उलटफेर करते हुए सान डिएगो ओपन के क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश किया। इस साल यह चौथी बार है जब पोटापोवा ने शीर्ष 10 रैंकिंग में काबिज किसी खिलाड़ी को हराया हो। तीसरी वरीय यूनान की मारिया सक्कारी भी अगले दौर मे पहुंच गई। वह कोलंबियाई क्वालीफायर कैमिला ओसोरियो पर 6-3, 2-2 से बढ़त बनाए थी जब प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने जांघ की चोट के कारण हटने का फैसला किया।

## क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने किया नेकगार्ड पहनना अनिवार्य

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने अपने सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिए एक अक्टूबर से नेकगार्ड (गले की सुरक्षा के लिए उपकरण) पहनना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2023 . 24 की खेलने की नई शर्तो और नियमो के तहत आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे तेज या मध्यम तेज गेंदबाजो का सामना करते हुए नेकगार्ड पहनना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात सितंबर को पहले वनडे के दौरान कैगिसो रबाडा का बाउंसर कैमरन ग्रीन के गले मे लगने के बाद यह फैसला लिया गया।

## महिला एथलेटिक्स टीम का ट्रायल 15 सितंबर को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला महिला टीम के चयन के लिए सलेक्शन ट्रायल 15 सितंबर 2023 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सुबह 10 बजे से होगा। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार सलेक्शन ट्रायल में भाग लेने की इच्छुक महिला खिलाड़ी की उम्र 17 सितंबरए 2023 को 16 साल से अधिक होनी चाहिए।

## नेहा को दो शॉट की बढ़त

**गुड़गांव।** नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर मे पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण मे दो शॉट की बढ़त बना ली। पहले दौर में 68 का कार्ड खेलने वाली नेहा का कुल स्कोर नौ अंडर 135 है। रिया यादव दूसरे दौर मे पांच अंडर 67 के स्कोर से कुल सात अंडर 137 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है।

## छेत्री ने राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता दी

**नई दिल्ली।** हांगझोउ एशियाई खेलो को लेकर क्लब बनाम देश के मुश्किल सवाल पर भारतीय फुटबॉल लूजर साबित हुई लेकिन देश के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इन सभी से ऊपर उठकर राष्ट्रीय दायित्व को प्राथमिकता दी। करिश्माई स्ट्राइकर छेत्री ने अपने 18 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर मे कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए है। कई इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबो ने एशियाड के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने से इनकार कर दिया था लेकिन 39 वर्षीय छेत्री ने राष्ट्रीय टीम की अगुआई करने का फैसला किया।

## मदद के लिए श्रीजेश के पास जाता हूं: कृष्ण पाठक

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक का मानना है कि अनुभवी पीआर श्रीजेश की मानसिकता को पढ़ने से उनके गोलकीपिंग कौशल में सुधार हुआ है और वह जब भी संदेह मे होते है तब अपने इस अनुभवी सहयोगी से मार्गदर्शन लेने मे संकोच नही करते है।

## तेंदुलकर को हिंदी दिवस पर क्रिकेट से जुड़े सवाल पर मिले चुटीले जवाब

भाषा। नई दिल्ली

**क्रिकेट के** खेल में अंग्रेजी के कई शब्दों का इस्तेमाल हिंदी में भी होता है और हिंदी दिवस के मौके पर भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस खेल में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों का हिंदी में अर्थ पूछा जिस पर उन्हें चुटीले जवाब मिले। हिंदी दिवस प्रत्एक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, क्या आप मुझे बता सकते हैं, नीचे दिए गए क्रिकेट के शब्दों को हिंदी में क्या कहते हैं। ए चार शब्द अंपायर, विकेटकीपर, फील्डर और हेलमेट हैं। तेंदुलकर के इस सवाल पर प्रशंसकों ने तरह-तरह के जवाब दिए। किसे ने सीधे तो किसी ने चुटीले अंदाज में जवाब दिया। किसी ने जरूरी मुद्दों पर उनकी चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

# संभावित खिलाड़ियों को आजमाएगा भारत

## शमी को मिल सक्ता है मौका, बांग्लादेश के खिलाफ मैच आज

भाषा। कोलंबो



**फाइनल में ज**गह पक्की कर चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप के सुपर फोर मैच में पहले ही बाहर हो चुकी बांग्लादेश के खिलाफ अपने संभावित खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम गहराई से सोचेगी कि अपनी पहली पसंद की टीम को ज्यादा से ज्यादा गेम टाइम दिया जाए या फिर अगले महीने घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप से पहले अपने कुछ संभावित खिलाड़ियों को मौका दिया जाए। कार्यभार प्रबंधन का यह सवाल विशेषकर गेंदबाजों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बुमराह ने एशिया कप में अभी तक महज 12 ओवर ही गेंदबाजी की है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच और श्रीलंका के खिलाफ सात ओवर शामिल है। नेपाल के खिलाफ वह खेले ही नहीं थे। इसलिए यह बुमराह पर निर्भर करेगा कि वह एक और मुकाबले में गेंदबाजी करना चाहते हैं या फिर सीधे 17 सितंबर को फाइनल के लिए उतरेंगे। वहीं मोहम्मद सिराज ने इस टूर्नामेंट में 19.2 ओवर और हार्दिक पंड्या ने 18 ओवर डाले हैं। ए ओवर भले ही ज्यादा नहीं लगे लेकिन कोलंबो की उमस इतनी ज्यादा है कि गेंदबाज की काफी ऊर्जा कम हो जाती है इसलिए टीम प्रबंधन इनमें से एक को ब्रेक देना चाहेगा। इस संदर्भ में बात करें तो अगर बांग्लादेश के खिलाफ सिराज की जगह शमी मैदान में उतरें तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। इससे पांच अक्टूबर से शुरु हो रहे विश्व कप से पहले सीनियर तेज गेंदबाज को कुछ अहम मैच टाइम हासिल करने में मदद मिलेगी। यह अहम भी है क्योंकि शमी को बुमराह, सिराज और पंड्या के बैक-अप तेज गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन थिंक टैंक के लिए अक्षर पटेल के गेंदबाजी ग्राफ में गिरावट चिंता की बात होगी क्योंकि उन्हें रविंद्र जडेजा के कवर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बाएं हाथ का यह स्पिनर न तो विकेट ही चटका पा रहा है और न ही रन गति पर लगाम कस पा रहा है। अक्षर ने इस साल सात वनडे खेले हैं और छह के इकोनोमी रेट से केवल तीन विकेट ही झटक सके हैं। उन्हें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और वो भी तुरंत। केएल राहुल की पूर्ण फिटनेस में वापसी ने टीम प्रबंधन की काफी समस्या कम कर दी है। उन्होंने क्रीज पर टिककर धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद राहुल ने टीम प्रबंधन द्वारा उनकी भूमिका पर स्पष्टता के बारे में लंबी बात की कि वह भारत के मुख्य विकेटकीपर कम मध्यक्रम बल्लेबाज होंगे।

# जमकर डेविस कप टीम ने किया अभ्यास



## उमस भरी गर्मी से हो रही परेशान, मैच के का समय बदला

**लखनऊ।** डेविस कप विश्व ग्रुप दो में मोरक्को के खिलाफ शनिवार को शुरू होने वाले मुकाबले के लिए तैयारी कर रही भारतीय टीम को यहां उमस भरी गर्मी से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को अभ्यास के दौरान लगभग आधे घंटे के सत्र में रोहन बोपन्ना पसीने से तर-बतर दिखे। उन्होंने कहा, अगर मुझे इतना पसीना आ रहा है और बार-बार टी-शर्ट बदलनी पड़ रही है तो इसका मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। इस अभ्यास सत्र के दौरान इतना तो तय हो गया कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए मोरक्को के खिलाड़ियों के साथ यहां की उमस भरी गर्मी से पार पाना चुनौतीपूर्ण होगा। डेविस कप के ए मुकाबले यहां के मिनी स्टेडियम में खेले जाएंगे। गर्मी के साथ उमस ने स्टेडियम के अंदर का माहौल एक भट्टी जैसा कर दिया है। बोपन्ना के टीम के साथी जानते है कि उन्हें चेन्नई की गर्मी और उमस में पसीना नहीं आता है। बोपन्ना ने कहा, मुझे 20 साल के अपने करियर में पहली बार इतना पसीना आ रहा है। इसका मतलब यह है कि यहां उमस काफी अधिक है। मैंने ब्राजील के खिलाफ चार घंटे तक चले पांच सेट के एकल मैच को एक ही टी-शर्ट में खेला था। यहां मुझे हर आधे घंटे में टी-शर्ट बदलनी पड़ रही है।

## देश में आए आपदा से दुखी पर मोरक्को खेल से डिगेगा नहीं

**लखनऊ।** मोरक्को के खिलाड़ी अपने देश मे भूकंप के कारण लगभग 3000 लोगों की मौत से आहत है लेकिन भारत के खिलाफ डेविस कप मैच से पहले उसके कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनकी टीम यहां अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोरक्को की डेविस कप टीम ने उसी दिन विश्व ग्रुप चरण दो के मुकाबले के लिए भारत की उड़ान भरी थी। मुकाबले के ड्रॉ की पूर्व संध्या पर जब कप्तान ताहिरी मीडिया से मुखातिब हुए तो नम आंखो और धीमी आवाज के साथ उन्होने अपनी बेबसी जाहिर की। ताहिरी ने कहा, हमारा ध्यान और हमारी आत्मा मोरक्को के लोगो के साथ है। इस कठिन परिस्थिति मे हमारे लिए दूर रहना बहुत मुश्किल है। बहुत से लोगो ने अपने परिवारो को खो दिया है। हम लोगो की मदद करना चाहते थे, लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां है। उन्होने कहा, लेकिन हमे इसे गंभीरता से लेना होगा। हम वहां से काफी दूर है, हम ज्यादा कुछ नही कर सकते। हमारी प्रार्थनाएं उनके साथ है। मोरक्को के खिलाफ भारतीय टीम जीत की दावेदार होगी। भारतीय टीम मे एकल वर्ग के बेहतर खिलाड़ी है। ताहिरी ने कहा कि वे घरेलू टीम की चुनौतियो से निपटने के लिए तैयार है। विश्व रैंकिंग मे 156वें स्थान के साथ सुमित नागल इस दो दिवसीय मुकाबले मे सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी होंगे।

## बोपन्ना, नागल व भांबरी सम्भालेंगे भारत की कमान

**लखनऊ।** मोरक्को के खिलाफ लखनऊ मे शनिवार को शुरू हो रहे डेविस कप विश्व ग्रुप-दो प्ले-ऑफ मुकाबले मे स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, सुमित नागल और युकी भांबरी भारतीय अभियान की अगुवाई करेंगे। भारतीय डेविस कप टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने बृहस्पतिवार को लखनऊ मे मोरक्को के साथ होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-दो मुकाबले के लिए अपनी पांच सदस्ईय टीम की घोषणा की। यह मुकाबला शनिवार और रविवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम का खुलासा करते हुए राजपाल ने कहा कि इसमे दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा सुमित नागल, युकी भांबरी, शशिकुमार मुकुंद और दिग्विजय प्रताप सिंह को शामिल किया गया है। राजपाल ने आगे कहा, मोरक्को की तरफ से किए गए अनुरोध पर रेफरी के साथ चर्चा के बाद हमने मैच का समय बदलने का फैसला किया।

## शनिवार को मुकाबला 12 बजे से शुरू होगा

शनिवार को शुरूआती मुकाबला 12 बजे की जगह दो बजे खेला जाएगा जबकि रविवार को पहला मैच 11 बजे की जगह एक बजे से होगा। दो घंटे की देरी से हालांकि ज्यादा फर्क नही पड़ेगा, लेकिन भारतीय कोच जीशान अली का मानना है कि इस फैसले से दिन के दूसरे मैच को खेलने वाले खिलाड़ी को थोड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा, समय में बदलाव निश्चित रूप से उन खिलाड़ियों के लिए मददगार होगा जो दिन का दूसरा एकल खेलेंगे क्योंकि जो मुकाबला पहले दोपहर दो बजे के आसपास शुरू हो सकता था वह अब शाम चार बजे शुरू होगा। दोनो टीमो के लिए परिस्थितियां कठिन है। यह फिटनेस पहलू पर निर्भर करेगा। युकी ने कहा कि हालात निश्चित तौर पर कठिन है, लेकिन हमने पहले भी ऐसा अनुभव किया है। उन्होने कहा, टीम ने जब कोरिया (अप्रैल 2014) और चेक गणराज्य (सितंबर 2015) की मेजबानी की थी, तब हमे इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

# डेविस कपः कनाडा ने इटली को हराया

## अमेरिका के अलावा ब्रिटेन और चेक गणराज्य भी जीते

**बोलोगना।** कनाडा ने डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स के ग्रुप चरण में इटली को 3-0 से हराया जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और चेक गणराज्य ने भी जीत से शुरुआत की। खिताब की बचाव की कोशिश में जुटे कनाडा के लिए एलेक्सिस गालारनियू, गैब्रियल डियालो ने बोलोगना में अपने मुकाबले जीते जिसके बाद गालारनियू ने वासेक पोस्पिसिल के साथ मिलकर युगल मुकाबला भी अपने नाम किया। कनाडा ने पिछले साल फाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था। दोनों टीम ने सीधे फाइनल्स के ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया था। आस्ट्रेलिया को इंग्लैंड में मैनचेस्टर में ब्रिटेन से 1-2 से हार मिली। आस्ट्रेलिया ने दोनों एकल मैच गंवा दिए। अमेरिका ने मेजबान क्रोएशिया को 2-1 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य ने स्पेन के वालेंसिया में स्पेन पर 3-0 से जीत हासिल की जो विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज के बिना खेल रही है।

# जोशना को एशियाई खेलों में अपनी जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल करने की उम्मीद

भाषा। चेन्नई



**जोशना चिनप्पा** को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीप में स्क्वाश के स्तर में सुधार हुआ है और उन्हें आगामी एशियाई खेलों में अपने विरोधियों को हराने के लिए अपने ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद है। पिछले खेलों में महिला एकल में कांस्य और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली 36 वर्षीय जोशना 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में केवल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भाग लेंगी।आठ बार की विश्व चैंपियन मलेशिया की निकोल डेविड के अब प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बावजूद जोशना को लगता है कि खेल आसान नहीं होंगे।जोशना ने यहां इंडियन स्क्वाश अकादमी में मीडिया से बात करते हुए कहा, निकोल ने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा। लेकिन एशियाई स्क्वाश की गुणवत्ता पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और यह पहले दौर से ही कठिन होने जा रहा है। आप किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते। जाहिर तौर पर इस स्तर पर खेलना आसान नहीं है। लेकिन मेरे पास भी काफी ज्ञान और अनुभव है और उम्मीद है कि मैं खेलों में उस पर भरोसा कर सकती हूं। जोशना ने कहा, इस स्तर पर, मैं किसी से भी खेलने के लिए तैयार हूं, क्योंकि इस स्तर पर आपको किसी से भी भिड़ने के लिए तैयार रहना होगा। स्क्वाश ओलंपिक का हिस्सा नहीं है और जोशना ने कहा कि एशियाई खेलों में पदक जीतना उनके लिए हमेशा विशेष होता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।